RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 319
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राजनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

राष्ट्रीय-9

# पीएफआई पर पांच साल का प्रतिबंध

● कई सहयोगी संगठनों पर भी आतंकवाद निरोधक कानून के तहत लगी पाबंदी, वैश्विक आतंकी संगठन आईएसआईएस से संपर्क होने के आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में पीएफआई कार्यालय के बाहर से समाचार भेजते टीवी पत्रकार। साथ ही निकट खड़ी पुलिस

**सरकार** ने कथित रूप से आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के कारण पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उससे संबद्ध कई अन्य संगठनों पर कड़े आतंकवाद रोधी कानून के तहत पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पीएफआई और उसके नेताओं से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

पीएफआई के अलावा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठनों में रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफ), ऑल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन (एनसीएचआरओ), नेशनल विमेंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पॉवर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन (केरल) के नाम शामिल हैं। सोलह साल पुराने संगठन पीएफआई के खिलाफ मंगलवार को सात राज्यों में छापेमारी के बाद 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। इससे पांच दिन पहले भी देशभर में पीएफआई से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की गई थी और करीब 100 से अधिक लोगों को उसकी कई गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था, जबकि काफी संख्या में संपत्तियों को भी जब्त किया गया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार देर रात जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पीएफआई के कुछ संस्थापक सदस्य स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के नेता हैं और पीएफआई के तार जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से भी जुड़े हैं। जेएमबी और सिमी दोनों ही प्रतिबंधित संगठन हैं। अधिसूचना में कहा गया कि पीएफआई के इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ संबंधों के भी कई मामले सामने आए हैं। इस अधिसूचना में दावा किया गया कि पीएफआई और उसके सहयोगी या मोर्चे देश में असुरक्षा होने की भावना फैलाकर एक समुदाय में कट्टरता बढ़ाने के लिए गुप्त रूप से काम कर रहे हैं, जिसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि पीएफआई के कुछ कार्यकर्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों में शामिल हुए हैं। अधिसूचना में कहा गया, उक्त कारणों के चलते केंद्र सरकार का दृढ़ता से यह मानना है कि पीएफआई की गतिविधियों को देखते हुए उसे और उसके सहयोगियों या मोर्चों को तत्काल प्रभाव से गैरकानूनी संगठन घोषित करना जरूरी है। संबंधित अधिनियम की धारा-3 की उपधारा (3) में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसे गैर-कानूनी घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात सरकार ने भी पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया था।

केरल में विपक्षी दल कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केंद्र के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित करने के फैसले का स्वागत किया, हालांकि साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भी इसी तरह रोक लगाने की मांग की। आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता एम.के. मुनीर ने पीएफआई की गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कट्टरपंथी संगठन ने कुरान की गलत व्याख्या की और समुदाय के सदस्यों को हिंसा का रास्ता अपनाने के लिए उकसाया। वहीं कांग्रेस के नेता एवं राज्य के पूर्व गृह मंत्री रमेश चेनिथला ने कहा कि केंद्र का पीएफआई को प्रतिबंधित करने (शेष पेज 8)

# दिग्विजय और थरूर के बीच अंतिम मुकाबले के आसार

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव

● दिल्ली पहुंचे दिग्विजय पार्टी हाईकमान से मुलाकात के बाद कर सकते हैं नामांकन

● राजस्थान संकट के चलते गहलोत की उम्मीदवारी पर संशय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली






**यदि** अंतिम समय में गांधी परिवार और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच कोई समझौता नही हुआ या पार्टी हाईकमान की ओर से कोई वाइल्ड एंट्री नही हुई तो कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अंतिम मुकाबला शशि थरूर और दिग्विजय सिंह के बीच होने के आसार नजर आ रहे हैं।

एक ओर थरूर ने जहां ऑन रिकॉर्ड चुनाव लड़ने की बात कही है, वही दिग्विजय सिंह दिल्ली आ रहे हैं और एक दो दिन में अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि शुक्रवार है। एक अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से हरी झंडी मिलने के बाद। इस पूरी कहानी में एक दिलचस्प मोड़ उस समय आया जब एक कांग्रेस सांसद ने सलाह दिया कि प्रियंका गांधी भी यह चुनाव लड़ सकती है क्योंकि उन्होंने वाड्रा परिवार में विवाह किया है इसलिए वे अब गांधी परिवार की सदस्य नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा में भाग ले रहे दिग्विजय सिंह को दिल्ली पहुंचने के लिए कहा गया है।

सिंह ने कहा कि 'यदि हाईकमान कहेगा तो वे नामांकन दाखिल कर सकते हैं। चुनाव लड़ने की किसी भी संभावना को खारिज करने के कुछ दिनों बाद सिंह ने कहा कि मैंने किसी से इस विषय पर चर्चा नहीं की है। मैंने हाईकमान से अनुमति नहीं ली है। यह मेरे पर छोड़ दीजिए कि मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं। इस बीच, गहलोत ने राजस्थान कांग्रेस में संकट पर सोनिया गांधी से चर्चा के लिए समय मांगा है। वे शाम साढ़े छह बजे चार्टर्ड उड़ान दिल्ली पहुंचे। अपने उत्तराधिकारी के रूप में सचिन पायलट को स्वीकार करने से इनकार करने के बाद गहलोत गांधी परिवार की नजरों से उतर गए हैं। कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी हाईकमान को उन्हें पार्टी अध्यक्ष की रेस से बाहर करने की सलाह दी है।

रविवार को राजस्थान संकट के बाद सोनिया छोटे छोटे अंतराल पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिल रही हैं। बुधवार को उन्होंने वरिष्ठ पार्टी नेता एके एंटनी से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने पार्टी की कमान प्रियंका गांधी को सौंपने की वकालत करते हुए कहा कि अब वे वाड्रा परिवार की बहू हैं और अब वे गांधी परिवार की सदस्य नहीं रह गई हैं। उधर, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान (शेष पेज 8)

## चतुर्थ कूष्मांडा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे।**

**नवरात्र** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

# एस जयशंकर ने वीजा में देरी का मुद्दा अमेरिकी विदेश मंत्री के समक्ष उठाया



वाशिंगटन में अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मिलते विदेशमंत्री एस जयशंकर

**भाषा।** वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के समक्ष भारत से अमेरिकी वीजा आवेदनों के काफी संख्या में लंबित होने का मुद्दा उठाया है।

इस पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि वह इस मामले के प्रति संवेदनशील हैं और इसे सुलझाने के लिए उनके पास योजना है। ब्लिंकन ने भारतीय नागरिकों के वीजा आवेदनों के लंबित होने के लिए कोविड-19 महामारी को जिम्मेदार ठहराया। अमेरिका द्वारा मार्च 2020 में महामारी के कारण दुनिया भर में लगभग सभी वीजा आवेदनों पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने के बाद अमेरिकी वीजा सेवाएं अब लंबित आवेदनों के निस्तारण की कोशिश कर रही हैं। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यहां करीब एक घंटे तक मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम (शेष पेज 8)

# गरीबों को तीन माह और मिलेगा मुफ्त राशन

● केंद्रीय कैबिनेट ने विस्तार को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को गरीबों को मुफ्त अनाज देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि तीन माह यानी दिसंबर, 2022 तक बढ़ा दी है। इसपर 44,700 करोड़ रुपए की लागत आएगी। माना जा रहा है कि महंगाई से गरीबों को राहत देने के अलावा गुजरात विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह निर्णय किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में योजना तीन महीने बढ़ाने का निर्णय किया गया।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो गेहूं और चावल हर महीने दिया जाता है। यह योजना शुक्रवार 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी। इसे तीन महीने यानी अक्टूबर से दिसंबर, 2022 तक के लिए बढ़ाया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, ऐसे समय में जब दुनिया कोविड महामारी और अन्य कारणों से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है, भारत ने आम लोगों के लिए चीजें सुलभ रखने को लेकर आवश्यक कदम उठाते हुए कमजोर वर्गों के (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनि वैष्णव और अनुराग ठाकुर

## केंद्रीय कर्मियों, पेंशनधारकों को 4% की दर से अतिरिक्त महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों के लिए चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता (डीए) एवं राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को बुधवार को मंजूरी दे दी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददातओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनभोगी महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की बढ़ी हुई राशि के लिए जुलाई 2022 से हकदार होंगे। सरकार के इस निर्णय से 41.85 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 69.76 लाख पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। ठाकुर ने बताया कि इसके तहत केंद्रीय (शेष पेज 8)

# नई दिल्ली, मुंबई व अहमदाबाद स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दस हजार करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को दी मंजूरी

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने दस हजार करोड़ रुपए की लागत से नई दिल्ली, अहमदाबाद और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मुंबई रेल स्टेशनों के पुनर्विकास के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेल के साथ प्रधानमंत्री का भावनात्मक जुड़ाव है और सरकार ने सुरक्षा, यात्री सुविधा, तकनीक सहित रेलवे के हर आयाम पर ध्यान दिया है। उन्होंने बताया कि इसी दिशा में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को लेकर मंत्रिमंडल ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि स्टेशनों का पुनर्विकास इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) मॉडल के तहत होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्रियों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े। वैष्णव ने कहा, रेलवे का सबसे अधिक उपयोग मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लोग करते हैं और इसलिए यात्रियों पर किसी तरह का अतिरिक्त भार ठीक नहीं है।

इसलिए रेलवे में बजट के धन का निवेश करने का निर्णय किया गया। सोच समझकर इन स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए ईपीसी मॉडल अपनाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे में दस हजार करोड़ रुपए की लागत से नई दिल्ली, अहमदाबाद और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मुंबई रेल स्टेशनों के पुनर्विकास को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के अनुसार, इन स्टेशनों के विकास से 35,744 नए रोजगार के अवसर सृजित (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,598 | ↓ 509 | |
| निफ्टी | 16,858 | ↓ 148 | |
| सोना | 49,282 | ↓ 435 | /10g |
| चांदी | 54,765 | ↓ 1600 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आर. वेंकटरमणी देश के नए एटार्नी जनरल नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता आर. वेंकटरमणी को बुधवार को तीन साल की अवधि के लिए देश का नया अटॉर्नी जनरल (एजी) नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। वह के. के. वेणुगोपाल का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। 91 वर्षीय वेणुगोपाल को जुलाई 2017 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें 29 जून को तीन महीने के लिए देश के शीर्ष कानून अधिकारी के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था। वेणुगोपाल ने अपनी बढ़ती उम्र की वजह से संवैधानिक पद पर बने रहने के प्रति अनिच्छा जाहिर की थी। एक अन्य वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कुछ दिन पहले अटॉर्नी जनरल बनने की पेशकश को ठुकरा दिया था।

# तेजस्वी को अदालत में पेश होने के निर्देश

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाला मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को उनकी जमानत को रद्द करने की सीबीआई की अर्जी पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। यादव के वकील को जवाब के लिए समय देते हुए विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने राजद नेता को 18 अक्तूबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। इससे पहले अदालत ने जांच एजेंसी की अर्जी पर यादव को 17 सितंबर को एक नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा था। अदालत ने यादव को अक्तूबर 2018 में जमानत दी थी। यह जमानत उन्हें आईआरसीटीसी के दो होटलों को एक निजी फर्म को परिचालन अनुबंध देने के मामले में कथित अनियमितता से जुड़े मामले में यादव के नाम जारी सम्मन पर उनके अदालत में पेश होने के बाद प्रदान की गई।

# लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान होंगे नए सीडीएस

● जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद यह पद रिक्त था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान

**लेफ्टिनेंट** जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को बुधवार को नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के रूप में नियुक्त किया गया। जनरल बिपिन रावत की मृत्यु के बाद यह पद रिक्त था। पद रिक्त होने के नौ महीने से अधिक समय बाद इस पर नियुक्ति की गई है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर लेफ्टिनेंट जनरल चौहान की नियुक्ति की घोषणा की। बयान में कहा गया है, सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को अगले सीडीएस के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है, जो भारत सरकार, सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से और अगले आदेश तक कार्य करेंगे।

लगभग 40 वर्षों से अधिक के अपने करियर में, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ने कई कमान, स्टॉफ और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है तथा उन्हें जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों में व्यापक अनुभव हैं।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिलीं बौद्ध गुफाएं व मंदिर

● भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मिला इतिहास का अनमोल खजाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम की खोज में मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कई प्राचीन गुफाएं, मंदिर, विशाल प्रतिमाएं, अभिलेख समेत कई वस्तुएं मिली हैं जो ऐतिहासिक दृष्टि से अनमोल खजाना है। यहां दूसरी से पांचवीं शताब्दी की मानव निर्मित 26 गुफाएं और 26 मंदिर भी मिले हैं।

बौद्ध धर्म के महायान पंथ से संबंधित इन गुफाओं को चट्टानों को काटकर बनाया गया था। गुफाओं और मंदिर के साथ ही इतिहासविदों को ब्राह्मी और अन्य लिपियों के 24 अभिलेख मिले हैं, जिसपर मथुरा, कौशाम्बी समेत दूसरे स्थानों के नाम का जिक्र किया गया है। एएसआई के जबलपुर क्षेत्र के अधिकारी शिवाकांत वाजपेई ने नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 170 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 मई से 27 जून के बीच तलागर क्षेत्र में एएसआई द्वारा एक खोज अभियान चलाया गया था। इस अभियान में गुफाओं के साथ पौराणिक मंदिर और कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। इनमें विष्णु के विभिन्न अवतारों जैसे वराह और मत्स्य की विशाल मूर्तियों के अलावा गुफाओं में बोर्ड गेम (गोटी खेलने के लिए) की प्रतिकृति भी मिली हैं।

शिवाकांत वाजपेई ने बताया कि चट्टानों को काटकर बनाए गए इन गुफाओं में बौद्ध धर्म से जुड़े कई अहम तथ्य मिले हैं। पुरातत्व की दृष्टि से यहां मिले ऐतिहासिक प्रमाण काफी महत्वपूर्ण हैं। यहां मिले स्तंभ युक्त बौद्ध स्तूप और मनौती स्तूप ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त यहां दुनिया की सबसे विशाल वराह की प्रतिमा भी मिली है जो 6.4 मीटर उंची है। अभी तक विशाल वराह (शेष पेज 8)

## बांधवगढ़ का इतिहास

**बांधवगढ़** का पौराणिक इतिहास है। इस स्थल का उल्लेख नारद पंचरात्र एवं शिव पुराण में है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम अयोध्या लौटते समय अपने छोटे भाई लक्ष्मण को यह क्षेत्र उपहार में दिया था। इस क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों से पता चलता है कि यह बहुत लंबे समय तक मघ राजवंश के अधीन था। मघ राजाओं तथा व्यापारियों के नाम यहां पर उत्कीर्ण ब्राह्मी शिलालेखों में पाये गए है। इसके अतिरिक्त बांधवगढ़ में मघ राजवंश के एवं अन्य सिक्के भी प्राप्त हुए हैं।

# ओमेक्स सोसाइटी के बाहर श्रीकांत त्यागी के समर्थकों का प्रदर्शन, माहौल गरमाया

● भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बोले, पेड़ हटे बुलडोजर और तोड़े अवैध निर्माण तोड़ा जाएगा



सोसाइटी के बाहर श्रीकांत त्यागी के समर्थन में पहुंचे लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद प्राधिकरण के 12 अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचीं। इसमें छह अधिकारी नियोजन और 6 सर्किल अधिकारी शामिल रहे।

इससे पहले सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सोसाइटी की एओए के साथ बैठक कर खुद अतिक्रमण तोड़ने के लिए कहा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जिन फ्लैटों में अवैध निर्माण है उनके ऑनर को घर-घर जाकर नक्शा दिखाकर बताया कि आपने कहा-कहा अतिरिक्त निर्माण किया है। उनसे कहा गया कि ये निर्माण वह खुद ही हटा ले।

अन्यथा शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण की टीम खुद अवैध निर्माण को तोड़ेगी और इसमें आने वाला खर्चा भी आपको वहन करना पड़ेगा। प्राधिकरण ने 2019 में ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में करीब 90 फ्लैट आवंटियों को नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस को आधार बनाकर एसीईओ ने आवंटियों को 48 घंटे का समय दिया था। प्राधिकरण के 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद से ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी के बाहर त्यागी समाज का प्रदर्शन लगातार जारी है।

भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी ने कहा कि यदि श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों को हटाया जाता है तो प्राधिकरण अपना डंपर साथ लाए और बुलडोजर भी और सभी अवैध निर्माण को तोड़े। उनके अल्टीमेटम के आगे हम भी यही बैठे है।

बुधवार सुबह से ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी की मुख्य सड़क पर मांगे राम त्यागी समर्थकों के साथ सड़क पर बैठे है। वहां पर लगातार भीड़ बढ़ रही है। इसको देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बता दे मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीन मिश्रा ने सोसाइटी में अवैध निर्माण और श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों हटाने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।

जिसके बाद से लगातार प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के दौरान अन्नु त्यागी रात करीब दो बजे तक सोसाइटी के बाहर चल रहे प्रदर्शन में शामिल रही। उन्होंने प्राधिकरण को पुलिस को पत्र भी लिखा। इसके बाद वह सोसाइटी में अपने घर चली गई। मंगलवार को ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में श्रीकांत के घर के बाहर पेड़ लगाए गए। ये पेड़ सोसाइटी में उसी जगह लगाए गए हैं, जहां से पहले उखाड़े गए थे। पेड़ प्राधिकरण ने लगाया है या सोसाइटी की तरफ से लगाए गए हैं, इसको लेकर किसी को भी जानकारी नहीं है। प्राधिकरण की ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी के अंदर पेड़ पौधे लगाने का काम प्राधिकरण का नहीं है।

यदि वहां पेड़ लगाए जा रहे है तो सोसाइटी के लोगों ने ही लगवाए होंगे। वहीं, सोसायटी प्रबंधन ने भी पेड़ लगवाने से इनकार किया है। अनु त्यागी का कहना है, क्या पेड़ लगाना अपराध है। अगर पेड़ लगाना अपराध नहीं है तो सोसाइटी वाले ऐसा क्यों कह रहे हैं और ऐसा कर रहे हैं तो पुलिस.प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है, उन्होंने पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

# हिंडन एयरपोर्ट से जल्द अयोध्या के लिए उड़ान

● लखनऊ और प्रयागराज के लिए भी होगी हवाई सेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने वाले लोगों को जल्द ही बड़ा तोहफा मिलने वाला है, जो धार्मिक यात्राएं करते हैं। क्योंकि इसी साल हिंडन एयरपोर्ट से धार्मिक स्थलों के लिए हवाई सेवा शुरू होने वाली है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थल वाले शहरों के लिए अन्य एयरपोर्ट से भी विमान सेवा शुरू हो जाएगी। खासतौर से इसका पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है कि विमान सेवा को बेहद सस्ती दरों पर शुरू किया जाएगा।

गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जनरल वीके सिंह ने बताया कि इसी साल उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों वाले शहरों के लिए हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू कर दी जाएंगी। जिसके बाद दिल्ली एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने वाले लोग आसानी से अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ के लिए हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। उम्मीद है कि इसी साल इन एयरपोर्ट से इन शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा नासिक और कुशीनगर के लिए भी फ्लाइट प्रस्तावित है। जिसके बाद धार्मिक यात्रा करने के श्रद्धालु अपने धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर धर्म लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए प्रमुख धार्मिक और पर्यटक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर किए जाने के प्रयास जारी हैं, जिसमें सड़क, रेल, हवाई और जलमार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक छोटे शहरों के लिए सस्ती हवाई यात्रा शुरू करने के लिए देश भर में कुल 766 रूट निर्धारित किए गए हैं। इनमें तीन योजना के तहत 433 रूट पर हवाई यात्रा शुरू की जा चुकी हैं।

बाकी जगह के लिए भी जल्द ही हवाई यात्राएं शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि देश के करीब 70 एयरपोर्ट से लोग हवाई यात्रा का लाभ ले रहे हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हिमाचल, गुजरात और उत्तराखंड के शहरों को भी आपस में हवाई रूप से जोड़े जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में इसी साल हिंडन एयरपोर्ट से भी लखनऊ प्रयागराज और अयोध्या के लिए हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी।

## गाड़ी में लालबत्ती लगाकर इंस्पेक्टर की वर्दी पहनी, लहराई पिस्टल, पहुंचा हवालात

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए युवक का वीडियो प्रसारित हुआ है। वीडियो नोएडा के सेक्टर-49 कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। यूजर ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कमिश्नरेट पुलिस से की है।

वीडियो का संज्ञान लेते हुए नोएडा पुलिस ने संबंधित कोतवाली पुलिस से वीडियो की जांच करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रसारित फोटो में आरोपी पुलिस की वर्दी में नजर आ रहा है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि प्रसारित वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान होशियारपुर के अशोक यादव के रूप में हुई है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया है कि अशोक के पिता पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। पिता की वर्दी पहनकर अशोक ने वीडियो बनाया था। वीडियो में दिख रहा हथियार खिलौनानुमा है।

उधर, नोएडा के सेक्टर-58 कोतवाली क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबल बिशन मावी और कांस्टेबल पुष्पेंद्र को अपर पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया।

## मासूम को कटवाने के लिए कुत्ते को दौड़ाया

● घटना सीसीटीवी में कैद, पिता ने दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के एक्सप्रेस गार्डन अपार्टमेंट में दो बच्चों की शैतानी से 6 साल का बच्चा डरा हुआ है। इन बच्चों ने उसके पीछे कुत्ता दौड़ा दिया। कुत्ते ने कई बार बच्चे को काटने का प्रयास किया, लेकिन सूझबूझ से वो बचकर भाग निकला। ये पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद बच्चे के पिता ने शिकायत की है।

एक्सप्रेस-गार्डन अपार्टमेंट में कंसलटेंट हिमांशु चौहान परिवार सहित रहते हैं। उनका छह वर्षीय बेटा वेद चौहान मंगलवार रात 8.25 बजे सोसाइटी के गेट नंबर-2 पर खड़ा था। इस दौरान 12 वर्षीय बच्चा अपने पालतू डॉग को वहां घुमा रहा था। उसने वेद को डॉग से कटवाने का प्रयास किया। वेद सिक्योरिटी गार्ड की कुर्सी के पीछे जाकर बचने का प्रयास करता है। इतने में एक और बच्चा वहां आ गया। उसने वेद के दोनों हाथ पकड़ लिए और दूसरे बच्चे ने अपने डॉग को उसके ऊपर छोड़ दिया। कुत्ते ने वेद पर झपट्टा मारा। वेद जैसे.तैसे छूटकर थोड़ा दूर भाग जाता है। इसके बाद बच्चा अपना डॉग लेकर उसके पीछे भाग लेता है।

कुल मिलाकर मासूम वेद चौहान वहां से बचकर भाग निकलने में कामयाब हो जाता है। पिता हिमांशु चौहान ने बताया, इस मामले के बाद से उनका बेटा वेद बुरी तरह डरा हुआ है। रोजाना वो अपनी दादी के पास सोता है, लेकिन मंगलवार रात अपने मम्मी-पापा के पास सोया है। वो फ्लैट से नीचे आने में भी डर रहा है। हिमांशु ने बताया, इस मामले की शिकायत कर दी गई है। जो बच्चा डॉग को घुमा रहा था, उसके परिजनों ने सॉरी बोलकर पल्ला झाड़ लिया है। जबकि जिस दूसरे बच्चे ने वेद के हाथ पकड़े थे, उनके परिजनों ने कहा है कि वो वेद की मदद कर रहा था। हिमांशु ने बताया कि सोसाइटी में नियम है कि डॉग को घुमाते वक्त उसके मुंह पर मास्क लगाया जाए, लेकिन ऐसा नहीं था। उन्होंने इस पूरे मामले में सिक्योरिटी गार्ड से भी कड़ी आपत्ति जताई है। क्योंकि इस मामले के वक्त गार्ड कुर्सी पर बैठा देखता रहा, लेकिन उसने वेद को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया।

## जीडीए कूच पर निकले ग्रेटर नोएडा के किसान, पुलिस ने रोका

**गाजियाबाद।** हाईटेक सिटी के किसानों और प्रशासन के बीच आज खूब तनातनी रही। करीब 18 गांवों के किसानों ने भारतीय किसा न संगठन एकता की अगुवाई में कई मांगों को लेकर जीडीए की ओर कूच किया। मगर, प्रशासन और पुलिस ने उन्हें वेव सिटी में ही रोक दिया। किसान जीडीए पर धरना देना चाहते थे। वहीं, दूसरी ओर जीडीए पर प्रशासन ने कई सौ पुलिसकर्मी तैनात कर उसे छावनी में तब्दील कर दिया। वेव सिटी के किसानों के इस आंदोलन की अगुवाई संगठन के जिलाध्यक्ष प्रधान लोकेश नागर कर रहे है। उन्होंने बताया कि हम शांतिपूर्ण तरीके से वेव सिटी से जीडीए तक कूच करना चाह रहे थे। यहां किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉली आदि साधनों के जरिए कूच करने के लिए वेव सिटी आए थे, इसमें महिलाओं की भी बड़ी संख्या है। किसानों ने वेव सिटी से जीडीए के लिए कूच शुरू किया, एसडीएम सदर विनय सिंह, कई सौ पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेंदर कुमार व श्री वीरेंदर कुमार पुत्राण स्व० श्री ज्ञान चॉद, फ्लैट नं० SL-4, LIG Back Side 2nd Floor Without Roof Rights, क्षेत्रफल 400 Sq. Ft. Block C-1, प्लाट नं० C-1/12 DLF Dilshad Extn.2, हड़बस्त विलेज बेहरामपुर उर्फ भोपुरा, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201005 को श्री उत्तम कुमार को बेच रहे हैं। उपरोक्त संपत्ति वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनाक 31.10.1991 क्रमांक संख्या 4737 कहीं खो गए हैं।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करे। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client IDFC First Bank Ltd. that Mrs. Bharti Matani is owner of DDA Janta, Flat No.117-B, on First Floor, in Block & Pocket-BK, area measuring 22 sq. mtr, Situated in the Layout Plan of Housing Estate, Shalimar Bagh, Delhi the said property by virtue of Relinquishment Deed dated 10.08.2022, registration No. 13105, executed by Mr. Amit Matani & Mrs. Vaishali Matani after demise of Late Ramesh Kumar, who was owner of the said property by virtue of Conveyance Deed dated 10.10.2019, Registration No. 16246, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to Mr. Prince Mondol & Mr. Jotin Mondol who is taking Loan for purchase the said property from IDFC First Bank., if anybody has any objection/s of ownership of Mrs. Bharti Matani in respect of the said property its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that Sh. Subhash Aggarwal and Ms. Anju Aggarwal have availed credit facilities from Bank of Baroda Bahadurgarh Branch and have mortgaged freehold entire first floor, without roof rights of built up property bearing no. A-22, situated in Gujranwala Co-Operative House Building Society Ltd. Presently knowns as Gujranwala Town Part-1, Delhi-110009, In case anyone claims any rights/title/ in the above property in such event he / she should make it within 15 days of this notice by approaching Bank of Baroda, Railway Colony Branch, Bahadurgarh

Anshu Priyanka (Advocate) Enrl. No. D/1775/09
Chamber No. Y-8, Civil Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय कपूर/ एयरवॉयस एविएशन प्राइवेट लिमिटेड/ अनामिका कपूर/ खाता संख्या:- LBDEL00002098845 | हाउस नंबर-एस 569, फ्रंट पार्ट तीसरी मंजिल, ग्रेटर कैलाश पार्ट-2, दिल्ली/ सितंबर 23, 2022 | जून 19, 2021 रु. 40,48,623/- | दिल्ली |
| 2. | संजय कपूर/ एयरवॉयस एविएशन प्राइवेट लिमिटेड/ अनामिका कपूर/ खाता संख्या:- LBDEL00002447141, LBDEL00003155923/ LBDEL00002448345 | हाउस नंबर-एस 569, फ्रंट पार्ट तीसरी मंजिल, ग्रेटर कैलाश पार्ट-2, दिल्ली/ सितंबर 27, 2022 | जुलाई 23, 2021 रु. 1,77,98,784/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 29, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्ज़दार)/ राम देवी (सह कर्ज़दार) LBNOD00002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंग्व्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी, क्षेत्र : 1243 वर्ग फुट | रु. 64,39, 172.89/- (सितंबर 23, 2022) | रु. 39,60, 000/- / रु. 3,96,000/- | अक्टूबर 11, 2022 को दो.01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अक्टूबर 21, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 20, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/इन संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में **अक्टूबर 20, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अक्टूबर 20, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 20, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड"** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितंबर 29, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में तैनात रहे तीन बड़े अफसर समेत कई कर्मियों पर एफआईआर

● पूरी राशि देने के बाद भी भूखंड नहीं देने का लगा आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में तैनात रहे 3 बड़े अधिकारियों समेत आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा गाजियाबाद के रहने वाले एक उद्यमी ने करवाया है। उद्यमी का आरोप है कि प्राधिकरण में तैनात रहे अधिकारियों ने पूरा पैसा लेने के बावजूद भी उनको उनका भूखंड नहीं दिया।

अधिकारियों ने उनके भूखंड की रजिस्ट्री होने के बावजूद भी जमीन नहीं दी। जिसके बाद उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे 3 बड़े अधिकारी समेत आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज करवाया है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित व्यक्ति ने 2008 में ग्रेटर नोएडा में भूखंड के लिए आवेदन किया था। व्यक्ति ने भूखंड संख्या-341 में 450 वर्ग मीटर उद्योग केंद्र प्रथम इकोटेक-3 में भूखंड आवंटित किया गया।

पीड़ित ने बताया कि 2019 में भूखंड की प्राधिकरण के द्वारा रजिस्ट्री की गई थी, लेकिन 14 साल बीत जाने के बावजूद भी अभी तक उनको जमीन नहीं मिली है। व्यक्ति का कहना है कि प्राधिकरण के 3 बड़े अधिकारियों ने सांठगांठ करके किसी और के नाम भूखंड कर दिया।

## निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव के पास बुधवार तड़के निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर काम करते समय मजदूर नीचे गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि सूरज कुमार पुत्र सुभाष भारती बरौला गांव के पास निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर बुधवार सुबह निर्माण कार्य कर रहा था। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य करते समय वह नीचे गिर गया।

## आठ उद्योगों के प्लॉट पर अतिक्रमण ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया बुलडोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-10 के आठ उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए शीघ्र ही जमीन मिल जाएगी।

इन भूखंडों पर अवैध कब्जे को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को हटा दिया है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 7 ने करीब 21 हजार वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इसकी कीमत करीब 65 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि इकोटेक .10 में 8 औद्योगिक भूखंडों पर अवैध कब्जा हो रखा था।

कालोनाइजर अवैध कालोनी व ईट भट्टे द्वारा अवैध अतिक्रमण के कारण ये उद्यमी उद्योग नहीं लगा पा रहे थे। प्राधिकरण के वर्क सर्किल सात के वरिष्ठ प्रबंधक आरए गौतम के नेतृत्व में बुधवार को प्रबंधक प्रभात शंकर व अमित कुमार सहायक प्रबंधक सहित पूरी टीम ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में अवैध कब्जे को ढहा दिया।

## खालसा हेल्प: महिला ने दिया बच्चे को जन्म

● प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत गरीबों को लिया जाता है गोद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



नवजात बच्चे के साथ पिता अमित कुमार और डॉ. गौरव कुमार।

गर्भवती महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा और सुरक्षित मातृत्व के लिए खालसा हेल्प इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत पहली महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। वर्तमान में खालसा हेल्प इंटरनेशनल ने 32 गर्भवती महिलाओं का जिम्मा लिया है।

इंदिरापुरम गुरुद्वारे में ऑक्सीजन लंगर के माध्यम से कोविड में हजारों लोगों की जान बचाने वाले खालसा हेल्प इंटरनेशनल की मेडिकल टीम के लिए बुधवार का दिन खास रहा। ऑक्सीजन मैन गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि खालसा हेल्प इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत दो महीने की गरीब गर्भवती महिलाओं को गोद लिया जाता है। जिसके बाद गर्भवती की चिकित्सा स्वास्थ्य, परीक्षण और दवा का स्वामित्व लेती है। जरूरत पड़ने पर फूड सप्लीमेंट के लिए भी मदद दी जाती है। संगठन के डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि 23 वर्षीय मीनाक्षी ने जटिलताओं के बावजूद महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। डॉ. गौरव कुमार और रूपेंद्र सिंह ने महिला के अस्पताल में भर्ती से इलाज में मदद की।

खालसा हेल्प ओपीडी में एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना गोयल ने प्रेग्नोकेयर कार्यक्रम के तहत गोद लेने की अवधि के दौरान इस रोगी की देखभाल की। हरजोत सिंह ने बताया कि खालसा हेल्प के प्रेग्नोकेयर प्रोग्राम के तहत गरीब महिलाओं को गोद लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार



डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन के मौके पर सांसद अनिल अग्रवाल व डॉक्टर्स।

### नवीन हास्पिटल में डायलिसिस व सीटी स्कैन शुरू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-3 स्थित नवीन अस्पताल में बुधवार को राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने नवनिर्मित डायलिसिस यूनिट और फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट और सीटी स्कैन सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नवीन अस्पताल समूह के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि हम मरीजों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसी दिशा में इन सेंटरों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवीन अस्पताल के निदेशक धनंजय तेवतिया ने कहा कि आप सभी के सहयोग से सेवा की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर अशोक चौधरी, प्रियंका प्रियदर्शनी, नेफ्रोलॉजिस्ट डा. संजीव जसूजा, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. नीरू पी. अग्रवाल, डॉ. हर्षा राज्यपाल, डॉ. गौरिका सिंघल, डॉ. ख्याति शर्मा, डॉ. अंकित त्यागी, पुष्पेंद्र यादव, बृजपाल यादव, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. त्रुष्ठिता चक्रवर्ती आदि का विशेष योगदान रहा।

### बर्थडे पार्टी में हुड़दंग करते 21 लड़के गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** देश के पहले सबसे लंबे सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर बर्थडे पार्टी के नाम पर हुड़दंग मचा रहे 21 लड़कों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार, दिल्ली में जगतपुरी निवासी 21 वर्षीय अंश कोहली का आज बुधवार को बर्थडे है। बर्थडे पार्टी करने के लिए दिल्ली के 21 लड़के एलिवेटेड रोड पर वसुंधरा सेक्टर.13 के नजदीक मंगलवार रात इकट्ठा हुए थे। इन लड़कों ने अपनी गाड़ियां सड़क पर आड़ी.तिरछी खड़ी की हुई थीं। वे लाउड स्पीकर पर तेज आवाज में गाने बजाकर रास्ता रोक रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बर्थडे बॉय अंश कोहली समेत 21 लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोरियर कंपनी के कर्मचारी ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित ईस्ट सफायर अपार्टमेंट के फ्लैट में बुधवार सुबह कुरियर कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ईस्ट सफायर अपार्टमेंट में 50 वर्षीय चयन मजमुदार परिवार के साथ रहते थे। वह सुबह करीब छह बजे अपने कमरे में थे। इसी बीच उन्होंने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजन कमरे के अंदर गए तो उनका शव पंख से बंधे फंदे से लटका था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को उनके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह पिछले काफी समय से तनाव में थे।

### क्यूआर कोड के जरिये महिला और युवक से ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने महिला और युवक से हजारों रुपये ठग लिए। आरोपियों ने मोबाइल ऐप और क्यूआर कोर्ड के जरिये जालसाजी की। मनोज गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड की स्टेटमेंट की जानकारी लेने के लिए इंटरनेट से बैंक का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर उस पर बात की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उस्टेटमेंट डाउनलोड करने के लिए उन्हें मोबाइल में एक ऐप इंस्टॉल करना होगा। इसके लिए उसने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेज दिया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच ठग ने उनके क्रेडिट कार्ड से 25,134 रुपये का ट्रांजेक्शन कर ली। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। वहीं, वसुधा राजपूत ने पुलिस को शिकायत दी है कि पुराना सामान खरीदने के नाम पर यूपीआई के जरिए 64 हजार निकाल लिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# शराब कारोबारी समीर महेन्द्रू गिरफ्तार

नई आबकारी नीति पर कार्रवाई

## अदालत ने समीर को तीन दिन के लिए भेजा ईडी की हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर बुधवार को एक और कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया है। महेन्द्रू इंडोस्पिरिट्स नाम कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

ईडी ने समीर को कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उसे पूछताछ के लिए 3 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। इस मामले में मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने व्यवसाई विजय नायर को गिरफ्तार किया था। नायर को बुधवार को जांच एजेंसी ने अदालत में पेश किया जहां कोर्ट ने पूछताछ के लिए पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया।

सूत्रों ने कहा कि रात भर चली पूछताछ के बाद महेन्द्रू को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के आपराधिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। इस मामले की जांच सीबीआई भी कर रही है जिसने इससे पहले महेन्द्रू से पूछताछ की थी।


समीर महेंद्र का आलीशान मकान व इंसेट में आरोपी की फोटो

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी (अब खत्म कर दी गई) शराब नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में आरोपी हैं। सीबीआई द्वारा प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने धन शोधन का मामला दर्ज किया है और अब तक दोनों एजेंसियों ने इस मामले में कई तलाशी अभियान चलाए हैं।

सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में दो ऐसे मौकों का उल्लेख किया है जब महेन्द्रू ने सिसोदिया के करीबियों को कथित तौर पर कुल चार से पांच करोड़ रुपए का भुगतान किया। प्राथमिकी के अनुसार, सिसोदिया के करीबियों- गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडेय शराब के लाइसेंस से प्राप्त लाभ को आरोपी लोक सेवकों तक पहुंचाने में लिप्त थे।

सीबीआई का आरोप है कि अरोड़ा के प्रबंधन वाली कंपनी राधा इंडस्ट्रीज ने महेन्द्रू से एक करोड़ रुपए लिए थे। एजेंसी ने दावा किया है कि सूत्रों ने खुलासा किया कि अरुण रामचंद्र पिल्लै समीर महेन्द्रू से अनुचित तरीके से पैसों का लाभ लेकर विजय नायर के जरिए उसे आरोपी लोकसेवकों तक पहुंचाता था।

एजेंसी ने कहा कि अर्जुन पांडेय नामक व्यक्ति ने एक बार विजय नायर की ओर से समीर महेन्द्रू से दो से चार करोड़ रुपए लिए।

ईडी इसकी जांच कर रही है कि कथित अनियमितताएं आबकारी नीति के क्रियान्वयन के तहत की गई थीं या नहीं। इस मामले में एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक और तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन से भी पूछताछ की है।

# आप को कुचलने में लगी भाजपा: केजरीवाल



बोले- गुजरात में पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आबकारी नीति में गिरफ्तार विजय नायर को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। लेकिन भाजपा नेताओं को चौबीस घंटे केवल इसकी चिंता है कि किसी तरह आम आदमी पार्टी को कुचलना है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने पहले दिल्ली, फिर पंजाब जीत हासिल की और अब यह गुजरात उसका ग्राफ बढ़ रहा है। आप के कम्युनिकेशन का काम देखने वाले विजय नायर को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। नायर ने पहले पंजाब में अच्छा काम किया और अब गुजरात में कम्युनिकेशन का काम संभाल रहे थे।

पिछले कुछ दिनों से रोज उनको पूछताछ के लिए बुलाकर दबाव बना रहे थे कि मनीष सिसोदिया का झूठा नाम ले लो, नहीं तो तुमको गिरफ्तार कर लेंगे। इससे पहले आप को कुचलने के लिए पहले सत्येंद्र जैन, अमानतुल्लाह और विजय नायर को झूठे मामले में गिरफ्तार किया। अब अगले हफ्ते मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने वाले हैं। यह लोग आम आदमी पार्टी के हर छोटे कार्यकर्ता को जेल में डालेंगे, अगर कार्यकर्ताओं को जेल जाने से डर लगता है तो वे आज ही पार्टी छोड़ दें। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जितना अंग्रेजों ने 200 साल में भारत माता को नहीं लूटा। उससे कई गुना ज्यादा इन्होंने देश को 75 साल में लूट लिया।

## अब सिसोदिया पर गिरेगी गाज : आदेश


आदेश गुप्ता

*नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि शराब घोटाले में ईडी द्वारा समीर महेंद्र की गिरफ्तारी के बाद अब यह साफ हो गया है कि केजरीवाल सरकार ईमानदारी का नकाब पहन भ्रष्टाचार करने में जुटी हुई है। समीर की गिरफ्तारी के बाद अब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर गाज गिरेगी क्योंकि उन्होंने करोड़ों रुपए को हेरा फेरी की है। आदेश गुप्ता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब यह पूरी तरह से स्पष्ट हो चुका है कि भ्रष्टाचार और केजरीवाल एक-दूसरे के पूरक हैं। आप के घोटाले की जितनी भी परतें खुलती जा रही हैं वे सब बता रही है कि सिसोदिया उस घोटाले के कर्णधार हैं। केजरीवाल सरकार द्वारा शराब नीति के बदलाव करने के दिन से ही भाजपा इस घोटाले की शिकायत कर रही है। इस मामले में भाजपा कई बार जांच करने की भी मांग कर चुकी है और गत वर्ष अक्टूबर में भी मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई थी। शराब घोटाले में विजय नायर के बाद अब ईडी द्वारा सिसोदिया के करीबी समीर महेंद्र की गिरफ्तारी स्पष्ट करती है कि घोटाले में सिसोदिया पूरी तरह से लिप्त है। सरकार द्वारा नई शराब नीति से संबंधित ठेकेदारों का कमीशन 10 प्रतिशत बढ़ा देने से साफ है कि इसमें करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है।*

## नायर और समीर की गिरफ्तारी ध्यान भटकाने की है कार्रवाई : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि जिस शराब घोटाले को कांग्रेस ने उजागर किया था। धीरे-धीरे उसकी परतें खुल रही है। विजय नायर को गिरफ्तार किया और आज इंडोस्प्रिट ग्रुप के समीर महेंद्र को ई.डी. द्वारा गिरफ्तार करने के बाद जल्द ही घोटाले के प्रमुख मनीष सिसोदिया भी जेल में होंगे, भी गिरफ्तार हो सकते हैं। इन्होंने दोनों की गिरफ्तारी को ध्यान भटकाने वाली बताया।


चौ. अनिल

# यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट मगर पानी खतरे के निशान से ऊपर

अगले तीन दिनों में और पानी घटने का अनुमानः अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हरियाणा द्वारा यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से पानी का बहाव किए जाने के साथ ही दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 206 मीटर से भी ऊपर जाने के बाद अब घटने लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले दो से तीन दिन में यमुना का जलस्तर और कम होगा क्योंकि दिल्ली तथा नदी के जल संचय क्षेत्र में ज्यादा बारिश नहीं हो रही है।

दिल्ली में मंगलवार को यमुना में बाढ़ आ गई थी जिसके कारण निचले इलाकों में रहने वाले लगभग साढ़े छह हजार लोगों को निकालने के साथ ही पुराने यमुना पुल पर रेल यातायात निलंबित करना पड़ा था। नदी में सुबह सात बजे पानी का स्तर 206.59 मीटर तक बढ़ गया था जो कि खतरे के निशान (205.33 मीटर) से अधिक था और अगस्त 2019 के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर था। नदी में पानी का स्तर सुबह आठ बजे घटकर 206.58 मीटर रह गया।

इसके बाद अपराह्न तीन बजे यमुना के जलस्तर में और गिरावट आई तथा वह घटकर 206.41 मीटर पर आ गया। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी एक पूर्वानुमान में कहा गया है कि रात नौ बजे तक जल स्तर गिरकर 206.05 मीटर तक जाने का अनुमान है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने नदी का जलस्तर सामान्य होने तक, निचले इलाकों में लोगों को उनके घरों में वापस जाने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में सिविल डिफेन्स कार्यकर्ताओं को तैनात किया है। दिल्ली के इन इलाकों में लगभग 37 हजार लोग रहते हैं।

# खुदरा व्यापारियों के लिए लाइसेंस व पंजीकरण प्रक्रिया सरल बनाए केंद्रः सिसोदिया

दिल्ली सरकार ने केंद्रीय डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड को भेजा पांच सूत्री सिफारिशें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खुदरा व्यापारियों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने, पंजीकरण कानूनों को सरल बनाने और लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने का केंद्र से दिल्ली सरकार ने अनुरोध किया है।

इनोवेटिव ट्रेड प्रैक्टिस अपनाते हुए खुदरा व्यापार क्षेत्र में सुधार करने को लेकर राज्य सरकार ने केंद्रीय डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से संबंधित पांच सूत्री सिफारिशें भेजी हैं। इन सिफारिशों में व्यवसायों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल व समस्यामुक्त बनाने के लिए सिंगल आईडी सिस्टम की शुरुआत, निरीक्षणों में दोहराव तथा व्यापारियों पर दबाव को कम करने के लिए केंद्रीय निरीक्षण प्रणाली में सख्त मॅनिटरिंग सिस्टम, लाइसेंस की वैधता 5 वर्ष तक की वृद्धि, राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल और रोजगार विनिमय पोर्टलों का सिंगल विंडो सिस्टम के साथ एकीकरण शामिल है।

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति को साझा करते हुए, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा वर्तमान में, भारत में खुदरा विक्रेता एक राष्ट्रीय नीति चाहते है जो उन्हें अपने व्यवसाय को संगठित तरीके से संचालित करने और इस क्षेत्र को संगठित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने में मदद कर सकता हो।

# 'छात्रों में देश को नंबर-1 बनाने की भावना जगाएं'

मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को शहर के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से छात्रों में भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने की भावना जगाने का आग्रह किया। केजरीवाल दिल्ली के सरकारी स्कूलों में देशभक्ति पाठ्यक्रम लागू होने के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर पिछले साल 28 सितंबर को यह पाठ्यक्रम शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि नेता देश को नंबर एक नहीं बनाएंगे। देश के 130 करोड़ लोग देश को नंबर एक बनाएंगे।

मैं शिक्षकों से अनुरोध करता हूं कि वे बच्चों में भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने की भावना जगाएं ताकि जब छात्र स्कूलों से बाहर आएं, तो वे इस दिशा में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि देश में देशभक्ति पाठ्यक्रम शुरू किया जाता है, तो इससे समाज से जातिगत भेदभाव खत्म करने में मदद मिलेगी।

## रक्तदान अभियान शुरू

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर महा रक्तदान अभियान की शुरुआत की। इस दौरान आप के संयोजक ने आह्वान किया कि सभी लोग साल में दो बार रक्तदान करने का संकल्प लें। उन्होंने रक्तदान की संस्कृति को अभियान के रूप में बढ़ावा देने की भी जरूरत बताते हुए कहा कि अभी कुछ लोग ही स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं। सीएम ने कहा कि वह रक्तदान करना चाहते थे लेकिन मधुमेह की समस्या की वजह से ऐसा नहीं कर सकते।

## मंडोली जेल में महिला डॉक्टर से दुराचार का प्रयास

**नई दिल्ली।** मंडोली जेल में एक विचाराधीन कैदी द्वारा कथित तौर पर एक महिला डॉक्टर से छेड़खानी करने के मामले में दिल्ली महिला आयोग ने जेल महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा कि पीड़िता एक रेजिडेंट डॉक्टर है और उसने पहले भी आरोपी का इलाज किया था।

डॉक्टर ने आयोग को बताया कि 26 सितंबर को जब वह शौचालय गई तो आरोपी वहां पहले से छुपा था। आयोग के अनुसार, कैदी ने महिला का बलात्कार करने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में कामयाब हो गई। आयोग ने कहा कि आरोपी बलात्कार के एक मामले में जेल में बंद है। डीसीडब्ल्यू ने कहा, यह बेहद गंभीर मामला है और उन जेलों में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाला मुद्दा है, जहां पुरुष कैदियों को रखा गया है।

# सीएम ठाकुर ने शिमला-दिल्ली हवाई सेवा को दिखाई झंडी


मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर

50 प्रतिशत सीटों पर मिलेगी 2480 रुपये रियायती किराये की सुविधा

पीएनएस। नई दिल्ली/शिमला

दिल्ली से शिमला और शिमला से दिल्ली के लिए हवाई सेवा को दो साल बाद फिर से बहाल कर दिया गया है। बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शिमला हवाई अड्डे से नियमित उड़ानों का शुभारंभ किया। वहीं केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

मुख्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में कनेक्टिविटी बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से शिमला हवाई अड्डे पर लगभग दो वर्षों से परिचालन बाधित था। अब प्रदेश सरकार के प्रयासों और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सहयोग से अब शिमला और दिल्ली के बीच एलायंस एयर की उड़ानें सप्ताह के सातों दिन संचालित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली-शिमला उ?ान में अब 48 यात्री और शिमला-दिल्ली की उड़ान में 24 यात्री यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'उड़ाने' योजना के तहत इन उड़ानों की 50 प्रतिशत सीटों पर यात्रियों को रियायती किराए की सुविधा होगी। इन 50 प्रतिशत सीटों का किराया मात्र 2480 रुपये होगा।

# अमानतुल्ला खान को अदालत ने दी जमानत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जमानत दे दी जिन्हें वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

विशेष न्यायाधीश विकास ढुल्ल ने कहा कि इस आवेदन को स्वीकार किया जाता है। एक लाख रुपए का निजी बांड (उतनी ही राशि के एक मुचलके के साथ) भरना होगा। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को अदालत ने खान की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था।



भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) ने 16 सितंबर को खान के परिसर पर छापेमारी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। प्राथमिकी के अनुसार, खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर सभी नियमों को ताक पर रखते हुए कथित तौर पर 32 लोगों की अवैध नियुक्तियां की थी।

# जेएनयू में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले को पंजीकरण शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विवि के आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं आवेदन



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने बुधवार को विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के माध्यम से अपने स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की।

उम्मीदवार जेएनयूईई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में स्नातक कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं।जेएनयू के एक अधिकारी ने कहा कि वेबसाइट पर जाकर उम्मीदवार को बीए कार्यक्रमों के लिए आवेदन के लिंक पर क्लिक करना होगा। इससे एक पोर्टल खुलेगा जहां उम्मीदवार अपने सीयूईटी-यूजी आवेदन संख्या और पासवर्ड के रूप में जन्मतिथि के साथ लॉग इन कर सकते हैं। सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण शुल्क 250 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंजीकरण शुल्क 100 रुपए है। विदेशी नागरिकों को पंजीकरण के लिए 2,392 रुपए का भुगतान करना होगा। पंजीकरण के लिए, उम्मीदवारों को व्यक्तिगत विवरण और योग्यता विवरण के साथ एक ऑनलाइन आवेदन भरना होगा। फिर स्कैन किए गए फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे और भुगतान करना होगा।

अधिकारी ने कहा कि एक उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय सभी विवरण प्रस्तुत करने चाहिए और एक पासवर्ड बनाने और एक चुने हुए सुरक्षा प्रश्न का उत्तर देने की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत विवरण सफलतापूर्वक जमा करने के बाद एक आवेदन संख्या जारी होगी और इसका उपयोग फॉर्म के शेष चरणों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार


यूनानी कैंप में विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार व अन्य।

### निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर संपन्न

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी में यूनानी चिकित्सा ने मरीजों के जीवन रक्षा और उनको स्वस्थ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बात पूर्वी दिल्ली के ब्रजपुरी में आयोजित निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों ने कही। अखिल भारतीय यूनानी चिकित्सा के नेग्रिस फार्मेसी विंग द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार, अध्यक्ष ईबीपीएमटी भारतीय चिकित्सा, दिल्ली सरकार ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि प्रो. मोहम्मद इदरीस, डा. सैयद अहमद खान, डॉ. हबीबुल्लाह ने विचार व्यक्त किए। शिविर में चौधरी मोहम्मद मारूफ, अलीम अंसारी, तारा भैय्या, जावेद चौधरी, राम बाबू, हिजुर रहमान, नवाबुद्दीन और मोहम्मद इमरान कानोजी का विशेष योगदान रहा। शिविर के संयोजक हकीम आफताब आलम थे। चिकित्सा शिविर में सैकड़ों रोगियों के आंखों की, ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट किया गया।

### बाल विवाह रोकने के लिए सम्मेलन


कैलाश सत्यार्थी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली भी बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति से खुद को नहीं बचा सकी है। भारत सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में 84,277 लोगों का बाल विवाह हुआ है। यह पूरे देश के बाल विवाह का करीब एक प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में दिल्ली का देशभर के 29 राज्यों में 19वां स्थान है। यह अपने आप में दर्शाता है कि बाल विवाह की समस्या कितनी विकराल है। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की संस्था केएससीएफ द्वारा यहां आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जुटी स्वयंसेवी संस्थाओं के सम्मेलन में दिल्ली की इस स्थिति पर चिंता जाहिर की और सरकार से अनुरोध किया कि बाल विवाह रोकने के लिए कानून का सख्ती से पालन करवाया जाए ताकि अपराधियों के मन में खौफ पैदा हो। सम्मेलन में बाल विवाह रोकने के लिए कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई।

# आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच डेढ़ किमी लंबी टनल का निर्माण पूरा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर

## दिल्ली में चार स्टेशन हैं, जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके तहत आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच 1.5 किलोमीटर लंबी टनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। लगभग 90 मीटर लंबी यह सुदर्शन (टीबीएम) 3 किमी लंबी टनल का निर्माण करेगी, जिसमें से आधी दूरी के टनल का निर्माण कार्य इसने पूरा कर लिया है।

आरआरटीएस की कुल लंबाई 82 किमी है। जिसमें से 14 किमी का हिस्सा दिल्ली में है। राष्ट्रीय राजधानी में इस कॉरिडोर में चार स्टेशन हैं, जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार, जिनमें सिर्फ आनंद विहार स्टेशन भूमिगत है।


आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच लंबी टनल

आनंद विहार स्टेशन से न्यू अशोक नगर के बीच अप-डॉउन के लिए दो टनल बनाने के लिए दो सुदर्शन (टीबीएम) कार्य कर रही हैं। इसमें से जहाँ पहली सुदर्शन, 4.1 ने अब तक 1.5 किमी टनल बोर की है, वहीं दूसरी सुदर्शन, 4.2 ने भी अब तक लगभग एक किलोमीटर टनल बोर कर ली है। टनल निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद इन दोनों सुदर्शन को बाहर निकालने के लिए रिट्रीविंग शाफ्ट न्यू अशोक नगर स्टेशन के पास बनाया गया है, जहां से कॉरिडॉर भूमिगत से एलिवेटेड हो जाता है।

दूसरी ओर, आनंद विहार से साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश की तरफ करीब 2 किमी लंबी टनल बनाई जाएगी। जो वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने समाप्त होगी।

इसके निर्माण के लिए टनल बोरिंग मशीन कार्य कर रही है, और दूसरी मशीन असेम्बलिंग के अंतिम चरण में है जिसे जल्द ही टनल निर्माण के कार्य में लगा दिया जाएगा।

टीबीएम द्वारा टनल सेगमेंट्स की मदद से भूमि के भीतर टनल के रिंग बनाए जाते हैं। टनल रिंग बनाने के लिए आम तौर पर सात (7) टनल सेगमेंट्स का उपयोग किया जाता है। एनसीआरटीसी के कास्टिंग यार्ड में सुनियिश्चत और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ टनल सेगमेंट्स का निर्माण किया जा रहा है। बड़े रोलिंग स्टॉक और 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के कारण आरआरटीएस की टनल को 6.5 मी. व्यास का बनाया जा रहा है। मेट्रो प्रणालियों की तुलना में देश में पहली बार इतने बड़े आकार की की टनल का निर्माण किया जा रहा है।

### हवा के लिए बनाए जाएंगे वेंटिलेशन डक्ट

आरआरटीएस के भूमिगत हिस्सों में ट्रेनों के आने-जाने के लिए समानान्तर अलग अलग, दो टनल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों का भी प्रावधान भी किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए भूमिगत हिस्सों में लगभग हर 250 मीटर पर एक क्रॉस -पैसेज होगा। साथ ही, टनल में 60 सेमी-90 सेमी चौड़ा एक साइड वॉकवे भी होगा जो रखरखाव गतिविधियों में सहायता करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति में भी सहायता करेगा। टनल में हवा का आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जगह जगह वेंटिलेशन डक्ट भी बनाए जाएंगे।

दिल्ली नगर निगम
अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय पारिश्रमिक परियोजना प्रकोष्ठ
(25वीं मंजिल), सिविक सेंटर, नई दिल्ली-110002

मासिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर अधिकृत पार्किंग स्थलों के आवंटन के लिए ई-निविदा

प्रेस सूचना ई-निविदा

आयुक्त, एमसीडी की ओर से एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के तहत 70 अधिकृत पार्किंग स्थलों (14 क्लस्टर सहित) के आवंटन के लिए दो बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय) में मासिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए निविदा एनआईटी संख्या 907 दिनांक 27.09.2022 द्वारा तय किए गए के अनुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है जो आगे दो और वर्षों तक फर्म के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन और सक्षम प्राधिकारी द्वारा बढ़ाया जा सकता है। बोलियों की अनुसूची इस प्रकार है-1. बोली डाउनलोड शुरू होने की तिथि- 28.09.2022 प्रातः 09:00 बजे से। 2. प्री-बिड मीटिंग- 06.10.2022 अपराह्न 03:00 बजे कांफ्रेंस हॉल, छठी मंजिल, सिविक सेंटर। 3. बोली जमा करने की आरंभ तिथि- 28.09.2022 प्रातः 09:00 बजे से। 4. ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 18.10.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक। 5. तकनीकी बोलियां खुलने की तिथि: 19.10.2022 अपराह्न 03:00 बजे से, आर.पी. सेल/एमसीडी विभाग 25वीं मंजिल, सिविक सेंटर में।

विवरण के लिए एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in और www.etenders.gov.in पर देखें। संपर्क नंबर: 011-23227514

सहायक आयुक्त
आर.पी. सेल/एमसीडी

Ro No: 34/DPI/MCD/2022-23

# बाबुल की दुआएं लेकर बहनों संग अयोध्या को विदा हुईं सीताजी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### सदर बाजार, जैकबपुरा क्षेत्र में भव्यता से निकाली गई राम बारात

### भावुकता भरे माहौल के बीच हुई सीता समेत चारों बहनों की विदाई

**राम** लीला के चौथे दिन राजा दशरथ के चारों पुत्रों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का राजा जनक की चारों पुत्रियों के साथ विवाह की लीला का मंचन किया गया। चारों की विदाई की लीला भी बहुत भी भावुक रही। इससे पूर्व शहर में भव्य राम बारात भी निकाली गई। जिसका जगह-जगह पर पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। जैकबपुरा, सदर बाजार आदि क्षेत्रों से राम बारात निकली।

यहां जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में चौथे दिन विवाह की चिट्ठी राजा जनक की ओर से अयोध्या में राजा दशरथ के पास भेजी गई। जिसके बाद राजा दशरथ अपने दोनों राजकुमारों भरत व शत्रुघ्न को लेकर जनकपुरी पहुंचे। राम-लक्ष्मण पहले से ही गुरू वशिष्ठ के साथ जनकपुरी में मौजूद थे। चारों राजकुमारों की विवाह राजा जनक की चारों पुत्रियों के साथ कराया गया। मंच पर ही फेरों की रस्म अदा की गई। इसके बाद विदाई की गई। विवाह में हरियाणवी गीतों के माध्यम से माहौल को रोमांचित किया गया। राम लीला में बैठी महिलाएं भी हरियाणवी गीत सुनकर खुद गीत गाने लगी। फेरे होने के बाद विदाई की तैयारी की गई। अपनी पुत्रियों को सदा सुखी रहने का आशीर्वाद देते हुए राजा जनक बहुत ही भावुक हो गए। भावुकता के गीत गाते हुए ही राजा जनक ने अपनी पुत्रियों को विदा किया। विशेषकर सीता को विदा करते हुए राजा जनक अश्रुधारा नहीं रोक पाए।



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में सीता विदाई का भावुक दृश्य।

श्री दुर्गा राम लीला के प्रवक्ता राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि सीता जी की बहनों संग अयोध्या में विदाई से पूर्व विवाह के दौरान कन्यादान के लिए महिलाएं, पुरुषों ने दिल खोलकर कन्या दान दिया। विवाह समारोह एक घरेलू विवाह समारोह की तरह नजर आया। सीता जी की विदाई के समय माहौल पूरा भावुक हो गया। बहुत सी महिलाओं और पुरुषों की आंखों में आंसु तक आ गए। यही कलाकारों की कला की सफलता है कि वे मंच पर लीला के माध्यम से दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### सोहना बार एसोसिएशन में तीन दिनों तक वर्क सस्पेंड

**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन ने दो वकीलों पर हुए जानलेवा हमले को लेकर तीन दिन के लिए वर्क सस्पेंड किए जाने का ऐलान कर दिया है। वर्क सस्पेंड गुरुवार तक जारी रहेगा। वकीलों ने तीन बार आरोपियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। बार ने चेतावनी दी है कि अगर नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। मालूम रहे कि सोहना न्यायिक अदालत में कार्यरत दो अधिवक्ता जयकरण खटाना एडवोकेट और पवन खटाना के परिजन मोहित व उसके भाई पंकज पर सोमवार रात्रि को मारुति कुंज के नंबरदार चौक भोंडसी में खेड़ला निवासी विपिन और उसके साथ आए रिठौज व कादरपुर से दो दर्जन युवकों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने दोनों वकील व उनके परिजनों के साथ मारपीट की थी तथा फायरिंग भी की थी। पंकज की शिकायत पर पुलिस ने करीब एक दर्जन नामजद सहित करीब 22 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सोहना बार एसोसिएशन ने भोंडसी थाना द्वारा आरोपियों की 48 घंटे बाद गिरफ्तारी न होने पर तीन दिन तक हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल मंगलवार से शुरू करते हुए गुरुवार तक जारी रहेगी। सोहना बार एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर तंवर एडवोकेट बताते हैं कि दोनों वकील बार के सदस्य हैं जिन पर तीन बार हमला हो चुका है। बार एक परिवार है जिसमें सभी वकील एकजुटता के साथ सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित वकीलों के समर्थन में बार ने तीन दिनों तक वर्क सस्पेंड की घोषणा की है। अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो बार के सभी वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

### हरिद्वार से तीरंदाजी में सिल्वर लेकर लौटी बेटी का सम्मान



**सोहना।** जिला खेल अधिकारी सिन्धू बाला ने कहा कि आज अभिभावक अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के मैदान में निडर होकर भेज रहे है। वह बेटी खेल के मैदान में माता-पिता और अपने कोच का नाम रोशन करने में पीछे नहीं रह सकती। खेल के मैदान में ऐसा ही नाम रोशन तीरंदाज खिलाड़ी कनिका ने करके दिखाया है। देवपुरा हरिद्वार के भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम हुई ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी कनिका सैनी का बुधवार को सोहना पहुंचने पर सम्मान समारोह किया। सिल्वर मेडल विजेता बेटी को अभिभावक समेत प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिकों ने पलकों पर बैठाते हुए सम्मानित किया। सम्मान समारोह शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम किया। जिला खेल अधिकारी सिन्धु बाला, तहसीलदार शिखा गर्ग, कोच भगवत सिंह, समाजसेवी नरेश सैनी समेत अधिक गणमान्य लोग मौजूद थे। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी कनिका सैनी को सम्मान किया। कनिका के माता-पिता सहित शहर के गणमान्य लोग भी थे। इस जीत का श्रेय कोच भगवत सिंह को देते हुए कनिका सैनी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। जिला खेल अधिकारी सिन्धु बाला ने कनिका को जीत की बधाई देते हुए उसके माता-पिता को समाज में बेटियों को देश का नाम रोशन करने के लिए अन्य अभिभावकों को सबक लेने की बात कही। जिला खेल अधिकारी ने कहा कि कोच भगवत सिंह खिलाड़ियों के अच्छे परिमाण के लिए कड़ी मेहनत करता है। जिनके मार्ग दर्शन से तीरंदाजी में जिला का नाम आज राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। वह जब भी यहा पर औचक निरीक्षण के लिए आई है। कोच भगवत सिंह खिलाड़ियों के साथ कड़ी मेहनत करते हुए दिखे हैं। उन्होंने कहा कि जिला खेल विभाग की तरफ से यहा के खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिला अधिकारी ने खेल स्टेडियम कमेटी और एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की प्रसंशा करते हुए तीरंदाजी ट्रक की सुविधा देने पर आभार प्रकट किया।

# गरीबों को ऋण में देरी से अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हो रही प्रभावित

### बैंकों की ओर से ऋण देने में की जा रही है देरी

### तीन चरणों में लगे मेलों में मिले 388 आवेदन में से 172 के ऋण स्वीकृत

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में बैंकर्स की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत एक लाख की वार्षिक आय से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए दिए जाने वाले ऋण के मामलों में बैंकों की ओर से देरी की जा रही है। इससे यह योजना प्रभावित हो रही है। बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का कहना है कि बैंकों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करके तेजी लानी होगी, ताकि पात्रों को कम समय में योजना का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में प्राप्त ऋण आवेदनों में बैंकर्स के स्तर पर देरी की बात सामने आई है। अंत्योदय के उत्थान के उद्देश्य के साथ शुरू की गई उपरोक्त योजना सरकार की फ्लैगशिप योजना है। इस योजना में एक लाख की वार्षिक आय से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार के 18 विभाग प्रयासरत हैं। ऐसे में बैंकिंग स्तर ऋण आवेदनों की मंजूरी में देरी इस पूरी योजना को प्रभावित कर रही है। गुरुग्राम जिला में आयोजित मेलों के तीन चरणों में मिले 388 आवेदनों में से अब तक 172 परिवारों के लोन स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 152 परिवारों को ऋण की अदायगी की गई है। बैंकों की इस धीमी प्रक्रिया पर एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बैंकिंग स्तर पर लंबित अन्य आवेदनों का भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

**अगर आवेदन स्वीकृत नहीं हो सकते तो कारण स्पष्ट करें**

यहां बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी एवं जिला परामर्शदात्री कमेटी की बैठक में बैंकों को एडीसी ने कहा है कि प्राप्त ऋण आवेदनों को अधिक समय तक लंबित न रखें। जो आवेदन स्वीकृत किए जाने योग्य नहीं उनका कारण स्पष्ट कर, उन्हें तुरंत वापस लौटाएं। एडीसी ने बैठक में बैंकों के ऋण जमा अनुपात, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा महिला विकास निगम, केसीसी लोन, पीएम फसल बीमा योजना, पीकेसीसी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, पीएम मुद्रा योजना सहित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकों में भेजे गए आवेदनों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कई बैंकों द्वारा शासकीय योजनाओं के आवेदनों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई समय पर पूर्ण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बैंक, विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों को अधिक समय तक लंबित न रखे। जो आवेदन स्वीकृत किए जाने योग्य नहीं हों, बैंक द्वारा उन्हें स्वीकार ना किए जाने के कारण स्पष्ट करते हुए उन्हें तुरंत वापस लौटा दिया जाए।

# यह नया भारत, देश विरोधी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा

### भाजपा नेता अरविंद सैनी ने पीएफआई पर प्रतिबंध को स्वागत योग्य कदम कहा

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा लगाया गया प्रतिबंध का स्वागत किया है। अरविंद सैनी ने कहा कि टेरर के पर्याय बन चुके इस संगठन को बैन करके मोदी सरकार ने देशहित में एक बड़ा कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएफआई और इससे जुड़े अन्य आधा दजज़्न से अधिक अन्य देशविरोधी संगठनों पर एक्शन लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का काम किया है। प्रदेश मीडिया सह प्रमुख ने कहा कि पीएफआई के खिलाफ पहले से भी प्रतिबंध लगाने की आवाज उठती रही है। पीएफआई के टेरर लिंक पाए जाने के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच को लेकर जबरदस्त छापामारी की थी और इस संगठन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि गृहमंत्रालय ने पुख्ता सबूत मिलने और टेरर लिंक पाए जाने के बाद पीएफआई और इसके सहयोग संगठनों पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है।



अरविंद सैनी।

श्री सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार देशद्रोही गतिविधियों में संलिप्त संगठनों से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगी। सत्ता संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद की कमर तोड़नी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल पीएफआई पर प्रतिबंध लगाकर बता दिया कि देश में किसी भी गैर कानूनी संगठन को पनपने नहीं दिया जाएगा। ऐसे संगठन राष्ट्र की अखंडता के लिए खतरा बनते हैं। इसलिए इनका सिर कुचलना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने पीएफआई के साथ जुड़े अन्य सहयोगी संगठनों पर भी बैन लगाकर उसके देश विरोधी कार्यों पर विराम लगाने का काम किया है।

# सुपरटेक परियोजना के खिलाफ रेरा में याचिका रद्द

### पर्याप्त दस्तावेजों के अभाव में रेरा कोर्ट ने की याचिका रद्द

**गुरुग्राम।** रेरा प्राधिकरण गुरुग्राम ने मंगलवार को 100 विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के दौरान सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिकायकर्ता द्वारा सुपरटेक डेवलेपर के सेक्टर-79 में अराविले नाम से विकसित किए जा रहे आवासीय परियोजना के रेरा पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने की मांग की गई थी।

प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल और तीन सदस्यों की अगुवाई वाली रेरा पीठ ने विस्तृत बहस और दस्तावेजों की जांच के बाद पाया कि शिकायतकर्ता को भूमि स्वामित्व विवाद के तथ्यों को प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता अपनी याचिका से संबंधित उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा है, जिसको आधार मानते हुए पीठ ने शिकायतकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका के सम्बंध में प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. खंडेलवाल ने बताया कि सुपरटेक लिमिटेड खेड़की दौला टोल के पास गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर सेक्टर-79 में दस एकड़ जमीन पर अराविले नाम से एक प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट विकसित कर रहा है।

उपरोक्त परियोजना में सुपरटेक लिमिटेड सहयोगी की भूमिका में है वहीं परियोजना का लाइसेंस तिरुपति बिल्ड प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड के पास है। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा रेरा प्राधिकरण के समक्ष अपनी याचिका में यह आरोप लगाया था कि तिरुपति बिल्ड प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड ने हरियाणा के नगर एवं योजनाकार विभाग सरकार से लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपने पक्ष में 10 एकड़ जमीन का फर्जी म्यूटेशन किया था।

# दो अक्टूबर तक होंगी स्वच्छता के प्रति जागरुकता पर रैलियां, शपथ व पौधारोपण

### बुधवार को विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के गांव अकलीमपुर में स्वच्छता के प्रति जागरुकता रैली निकालते बच्चे।

**जिला** में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान आमजन की सक्रिय भागीदारी से तेजी से बढ़ रहा है। इस अभियान को आमजन सहभागिता करते हुए स्वयं आगे बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अकलीमपुर के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकाली।

अभियान के तहत बुधवार को विभिन्न विकास खंडों में स्वच्छता जागरूकता शपथ, पौधारोपण व अन्य स्वच्छता गतिविधियां चलाकर आमजन को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला में यह अभियान दो अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक जारी रहेगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साफ, स्वस्थ और स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए हम सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदार बनना होगा। इस अभियान के तहत लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने के लिए जागरुक किया जा रहा है।

डीसी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर तक स्वच्छता पर आधारित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक अक्टूबर को स्वच्छता में उत्कृष्ट करने वाले वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा तथा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों से प्लास्टिक व कूड़ा एकत्रित करने के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# कला भारती फाउंडेशन की दूसरी नेशनल इनोवेटर मीट सफलता पूर्वक संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**25 सितंबर** को कला भारती फाउंडेशन द्वारा होटल रेडिसन ब्लू द्वारका में सर्वोदय फाउंडेशन के सहयोग से दूसरी नेशनल इनोवेटर मीट सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बता दें कि इस मीट में देश भर से अपने अपने व्यवसाय के माहिर लोगों ने शिरकत की। मीट में भाग लेने वाले व्यवसायिक लोगों ने अपने विजन और उद्देश्य के विषय में बताया, जिससे भारत को आत्मनिर्भर बनाने में बल मिलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वकील अशोक अरोड़ा रहे, जो सुप्रीमकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तीन बार सचिव रह चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. अंशुल गुप्ता ने की और उन्होंने विस्तार से अपनी टीम के साथ अपने देवात्री वेलनेस और देवाश्रय के कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा इस तरह की मीट राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इसमें हम सब साथ हैं।

इस कार्यक्रम में कलाभारती फाउंडेशन के संस्थापक सुशील भारती, कौशल कुमार (डिप्टी कमिश्नर) मिनिस्ट्री ऑफ जलशक्ति विभाग, डॉ. राखी आनंद ( गायनेकोलॉजिस्ट एवं फाउंडर प्रेसिडेंट सखी फाउंडेशन), डॉक्टर मोहम्मद आमीन (पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर भारतीय चुनाव आयोग), डॉ विनोद कुमार वर्मा (वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बिरला ग्रुप) कमांडर वीके जेटली, गौरव गुप्ता और पलेसतीन एंबेसी के मीडिया एडवाइजर, अब्दुल राजेग अबू जजेर और कनेडा मूल की भारत में रहने वाली




भरतनाट्यम नृत्यांगना मारिया एलांगोवन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। उद्यमी वक्ताओं में वीना गुप्ता, डॉ. मनीषा कौशिक, संदीप शर्मा, आदित्य गुप्ता, काजल पल्ली, दिव्यानू गुप्ता, फाउंडर एंड सीईओ, हाउस्पिटल, तारा संस्थान की सी ई ओ, वंदना शर्मा और सतेंद्र कुमार,

मालविका सिंह जैसे वक्ताओं ने भाग लिया। मौके पर शाम के सत्र में वर्ष 2022 का कला भारती सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कला भारती की राष्ट्रीय अध्यक्षा ममता सोनी, फरीदाबाद की ब्रांड एंबेसडर कामिनी भटेजा और मानवी भारती ने किया। बता दें कि कला भारती फाउंडेशन समय समय पर देश हित में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है जिससे आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में कला भारती फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा ममता सोनी ने सभी मेहमानों को औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन दिया। यह जानकारी कला भारती फाउंडेशन के मीडिया एडवाइजर वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गौड़ ने दी।

# लंपी बीमारी से ग्रस्त गाय की बढ़ रही संख्या

### विभाग कर रहा है पीड़ित गायों को उपचार देने का दावा

**एन रोहिल्ला। सोहना**

**शहर** में लंपी वायरस से पीड़ित गायों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीमारी से पीड़ित गाय शहर की गली मोहल्ले में बैठ जाती हैं। जिससे नागरिकों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी लंपी बीमारी से पीड़ित गाय को उपचार देने का दावा कर रहे हैं।

शहर की सड़कों पर सुबह होने के साथ ही 200 से 250 गायें घरों से सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं। जिन्हें मालिक दूध निकालने के बाद चारा खाने के उद्देश्य से शहर में छोड़ देते हैं। शहर में घूमने वाली गायों को पिछले करीब 15 दिन से लंपी वायरस से ग्रस्त देखा जा रहा है। जिनकी संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीमारी ग्रस्त गाय शहर के तंग गलियों से लेकर घरों के बाहर



शहर में घूमती लंपी बीमारी से ग्रस्त गाय।

गली मोहल्ले और चौक-चौराहों पर खड़ी या भूखी-प्यासी बैठी रहती हैं। इनका शरीर बुखार होने के कारण तपता रहता है।

**क्या है लंपी वायरस :** पशु चिकित्सकों के अनुसार गाय के शरीर पर चकते व गूमडे (फंसी) हो जाते हैं। जिसमें गाय को तेज बुखार, सांस फूलना, भूख न लगना, शरीर पर सूजन आदि भी होती है। इसके अलावा कई बार गाय के फेफड़े भी खराब हो जाते हैं। यह वायरस काफी गंभीर होता है। जिसमें पीड़ित गायों को वैक्सीनेशन करके ठीक किया जाता है।

**क्या कहते हैं शहरवासी :** पार्षद राजकुमार गोयल का कहना है कि गो रक्षक सेवा दल या अन्य गाय की सेवा करने वाले संगठनों को आगे आना होगा। ताकि बीमारी से ग्रस्त गायों का सही समय पर उपचार हो सके। गोशालाओं में ले जाने के बाद बीमारी से पीड़ित गाय को एकांत का माहौल मिल सकता है। यही एकांत गाय को बीमारी से ठीक करता है। क्योंकि यह रोग एक-दूसरे को छूने से फैलता है। पार्षद नीरज का कहना है कि शहर के दानदाताओं को आगे आना चाहिए। जिनका हमेशा से सेवा करने का भाव होता है।

पशुपालन विभाग के खंड अधिकारी डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया यह वायरस गाय में पाया जाता है। जिसके लिए वैक्सीनेशन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा पीड़ित गायों को एकांत में रखना भी जरूरी है। यह वायरस दो से तीन सप्ताह में ठीक होता है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार क्षेत्र में 13500 गोवंश हैं। जिनमें से 13000 गायों का वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। लंपी वायरस से 247 गाय पीड़ित हैं जिनमें से 87 गाय ठीक हुई हैं। जिसके लिए विभाग ने चार टीमें गठित की हुई हैं। नगर परिषद विभाग को मौखिक रूप में कहा भी गया है।

# अमेजन डॉट इन के दशहरा शॉपिंग स्टोर के साथ त्योहारों के इस मौसम में दिल खोल कर मनाएं खुशियां

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### आपकी खरीदारी से जुड़ी सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए यह एक वन स्टॉप डेस्टिनेशन है

**अमेजन** डॉट इन पर 'दशहरा शॉपिंग स्टोर' के साथ त्योहारों के इस मौसम में अपने प्रियजनों के साथ खुशी का जश्न मनाएं। इस दशहरा शॉपिंग स्टोर में उत्सव और जरूरी वस्तुओं, कॉस्मेटिक्स, भारतीय मिठाई और स्नैक्स, गिफ्ट पैक, चॉकलेट, बेवरेजेस, ड्राय फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, लॉर्ज अप्लायंसेस, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, एलेक्सा इनेबल्ड डिवाइस आदि लेकर विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है।

अमेजन डॉट इन पर दशहरा शॉपिंग स्टोर को इस त्योहारी सीजन में रोमांचक ऑफर्स और डील्स की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया गया है। यह स्टोर ग्राहकों को अपने घर पर सुकून के साथ अपनी जरूरत के लाखों उत्पादों में से खरीदारी की सुविधा प्रदान करता है।

यहां ग्राहक लक्मे, बिकानो, जवेरी पर्ल्स, ओपन सीक्रेट, सोनी, सैमसंग, iQOO आदि जैसे कई लोकप्रिय ब्रांडों में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट चुन सकते हैं। ग्राहक एलेक्सा की मदद से अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड पर उपलब्ध) पर दशहरा शॉपिंग स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉयस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं। यूजर्स स्टोर पर जाने के लिए ऐप पर माइक या एलेक्सा आइकन पर टैप कर कह सकते हैं - 'एलेक्सा, दशहरा स्टोर पर जाएं'। यहां कुछ उत्पाद दिए हैं जिन्हें ग्राहक अमेजन डॉट इन के 'दशहरा शॉपिंग स्टोर' पर जाकर खरीद सकते हैं। सभी ऑफर और डील्स यहां भाग लेने वाले सेलर्स की ओर से दिए हैं।

# लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में तेजी का समय आ गया है : आशुतोष भोगरा- लग्जरी रियल एस्टेट कंसल्टेंट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**प्रसिद्ध** लक्जरी रियल एस्टेट सलाहकार आशुतोष भोगरा (www.ashutoshbhogra.com) आने वाले महीनों में लग्जरी होम सेगमेंट में वृद्धि की भविष्यवाणी कर रहे हैं। उनके अनुसार साउथ दिल्ली अभी भी निवेश के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प है। पंचशील पार्क, जोर बाग, शांति निकेतन, ग्रेटर कैलाश, हौज खास, डिफेंस कॉलोनी और गुलमोहर पार्क की संपत्तियां असाधारण इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य क्षेत्रों और कॉर्मशियल हब्स के लिए अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं और हायर कैपिटल रिटर्न रियलिटी की मांग को प्रोत्साहित करती है।

दिल्ली और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में साल 2021 में 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी के कई सौदे हुए। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते, दिल्ली अमीरों के लिए सबसे पसंदीदा स्थान रहा है। साल 2021 में राजधानी में 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा के कई सौदे दर्ज किए गए। आशुतोष भोगरा कहते हैं कि पिछला उछाल 2004 से 2012 तक चला था, जिसमें कीमत दस गुना बढ़ गई थीं। 2014 से 2019 तक कीमतों में वृद्धि नहीं हुई बल्कि 2012 के शिखर से लगभग 20-30% कम हो गई। आज,



एचएनआई, एनआरआई, व्यवसायी, कामकाजी प्रोफेशनल्स और अन्य लोग अपने दूसरे घर के रूप में निवेश करने या अपने जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए लक्जरी आवास के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। बाजार की रिपोर्ट के अनुसार, लग्जरी हाउसिंग सेगमेंट ने Qv 2022 में जबरदस्त ऊंचाइयों को छुआ। अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज करते हुए, Qv 2022 में लग्जरी प्रॉपर्टी का कुल बिक्री का 12% हिस्सा था, जो Qv 2019 में 7% था। मैं मानता हूं कि यह सही लग्जरी संपत्ति में निवेश करने का सही समय, विशेष रूप से रेसीडेंशियल रियल एस्टेट सेगमेंट में।

रियल एस्टेट क्षेत्र सबसे लचीला, स्थिर, पसंदीदा और सुरक्षित निवेश विकल्प है और निवेशकों को सुरक्षित दांव लगाने के लिए बाजार के अवसरों को आकर्षक लग रहा है। हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार, बड़ी संख्या में एचएनआई अगले दो वर्षों में लक्जरी संपत्ति खरीदने का मन बना रहे है, जो कि इस सेगमेंट के लिए अच्छे दिन की भविष्यवाणी कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि देश में लग्जरी कंडोमिनियम, लग्जरी हाउसिंग और विला प्रोजेक्ट बिक रहे हैं और अधिक से अधिक एनआरआई भी इसे निवेश करने के लिए एक आकर्षक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। जबकि लोग कनेक्टिविटी चाहते हैं, कोविड-19 के बाद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए रहने वाले क्षेत्रों के भीतर और बाहर खुले स्थान को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। कुछ अच्छी तरह से यात्रा करने वाले लोग मिलेनियल्स हैं जिन्होंने इतनी बारीकी से विलासिता का अनुभव किया है कि वे चाहते हैं कि उनके घर एक्सक्लूसिव हों, और वो इन सबके लिए पैसा इंवेस्ट करने को तैयार हैं।

# नवरात्रों में तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के तीसरे दिन शहर के मंदिरों में तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा अर्चना की की गई। मंदिरों में आरती में सैकड़ों भक्तों ने मां के जयकारों के लगाते हुए पूजा की। इस दौरान पूजारियों ने भक्तों को मां की महिमा से अवगत करवाया।

**वैष्णो देवी मंदिर :** सिद्धपीठ महारानी श्री वैष्णोदेवी मंदिर में मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा की गई। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने पूजा का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर मंदिर में उद्योगपति, मंदिर कमेटी के सदस्यों के अलावा अन्य श्रद्वालु मौजूद उपस्थित रहे। प्रधान जगदीश भाटिया ने भक्तों को बताया कि दुर्गा माता का यह तीसरा रूप राक्षसों का वध करने के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि यह अपने भक्तों के दुखों को दूर करती है। इसीलिए इनके हाथों में तलवार, त्रिशूल, गदा और धनुष होता है। इनकी उत्पत्ति ही धर्म की रक्षा और संसार से अंधकार मिटाने के लिए हुई।



एनएच-वन बी स्थित सिद्धपीठ हुनमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त गण।



तिकोना पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर पूजा-आर्चना करते भक्तगण।

**मां माता चंद्रघंटा पूजा :** पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर एक बी - ब्लॉक में तीसरे नवरात्रे पर मां चंद्रघंटा की भव्य पूजा की गई। मंदिर में प्रात: कालीन आरती के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया और सभी भक्तों ने मां की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। सभी भक्तो ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई और उनसे मन की मुराद मांगी। मंदिर संस्थान के प्रधान अशोक अरोड़ा और उनके सुपुत्र युवा नेता एवं समाजसेवी भारत अशोक अरोड़ा ने सभी भक्तों का स्वागत किया। अशोक अरोड़ा ने प्रात: कालीन आरती का शुभारंभ करते हुए कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता रानी से अपनी मुराद मांगता है, वह अवश्य पूरी होती है।



सिद्व पीठ महाकाली मंदिर मे नवरात्र के अवसर सजी हनुमान की झांकी।

## आज होगी मां कुष्माण्डा देवी की पूजा

**नवरात्रों** के चौथे दिन मां कुष्माण्डा देवी की पूजा-अर्चना की जाएगी। इन्हें मां दुर्गा का चौथा स्वरूप माना जाता है। अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के लिए इनका नाम कुष्माण्डा पड़ा। ये अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं। मां की आठ भुजाएं हैं इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। एनएच-पांच स्थित श्रीराधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि हरे कपड़े पहनकर मां कुष्माण्डा का पूजन करें। पूजन के दौरान मां को हरी इलाइची, सौंफ अर्पित करते हैं। इसके बाद उनके मुख्य मंत्र ' ? कुष्मांडा देव्यै नम: ' का 108 बार जाप करें। इससे बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय क्षमता भी अच्छी हो जाएगी।

**काली मंदिर में पूजा :** सिद्धपीठ काली मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। प्रधान राकेश ने बताया कि मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए खासकर लाल रंग के फूल चढ़ाएं जाते हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से मां की पूजा करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। मां चंद्रघंटा का रूप बहुत ही सौम्य है और मां को सुगंधप्रिय है।

# मारपीट में घायल हुए मजदूर की मौत पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

### मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**थाना** सेक्टर 58 इलाके गत 21 सितंबर को मारपीट के दौरान घायल हुए एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। इससे की परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने बुधवार सुबह शव कंपनी के गेट पर रख कर प्रदर्शन किया। डेढ़-दो घंटे तक परिजन प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि कंपनी के मैनेजर समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। जानकारी मिलने पर सेक्टर-58 थाना पुलिस और एसीपी विष्णु प्रसाद मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोगों को समझा का माहौल को शांत किया और प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर समेत कई लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



कंपनी के गेट पर रखा युवक का शव।



कंपनी के गेट पर हंगामा करते मजदूर।

जानकारी के मुताबिक वर्षीय मनोज कुमार मूल रूप से उत्तरप्रदेश के गौंडा जिले के रहने वाले थे। लेकिन वह काफी समय से सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ में अपने परिचित के साथ रह रहे थे। वे यहां हेलमेट बनाने वाली एक कंपनी में नौकरी करते थे। बताया गया हैं कि पिछले दिनों उनकी नाइट शिफ्ट में ड्यूटी चल रही थी। 21 सितंबर की रात करीब नौ बजे वह कंपनी में काम करने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान कंपनी के पास ही कुछ लोगों ने मनोज के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इससे की वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस झगड़े में उसके हाथ-पैरों में फैक्चर के साथ सिर पर भी चोट लगी थी। मारपीट का पता चलने पर कंपनी के कर्मचारियों ने लहूलुहान अवस्था में मनोज को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज हुआ। फिर परिजन उन्हें अलीगढ़ ले गए, लेकिन उन्हें स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला। इससे की परिजन उन्हें मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल दिल्ली ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। मनोज की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने शव कंपनी के गेट पर रख कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। डेढ़-दो घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारी शांत हो गए और सेक्टर-58 थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मनोज के पिता बिजेंद्र की शिकायत पर कंपनी मैनेजर संदीप, प्लांट हैड रेगी भास्कर, धर्मेंद्र, एचआर हैड सुरेंद्र शर्मा और सिक्योरिटी इंचार्ज प्रमोद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

थाना सेक्टर 58 के प्रभारी भारतेंद्र ने बताया कि परिजन घायल मनोज को लेकर अस्पतालों में भागते रहे। लेकिन उन्होंने पुलिस को शिकायत नहीं दी। अभी ये भी पता नहीं चल पाया है कि झगड़ा किस वजह से हुआ। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

# शोविता को मिला स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली** द्वारका सेक्टर-3 के वाटिका गार्डन में आयोजित दिल्ली स्टेट चैंपियनशिप में 585 किलोग्राम वजन उठा कर सीनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा का शोविता ने लोहा मनवाया है। यह चैंपियनशिप 24 व 25 सितंबर को आयोजित हुई थी, जिसमें फरीदाबाद-बदरपुर बॉर्डर के निकट रह रही शोविता बदन ने भाग लिया। शोविता ने वेटलिफ्टिंग के 3 अलग-अलग इवेंट में भागीदारी की।

वेटलिफ्टर शोविता बदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल अपने नाम किया है। शोविता ने स्कायट इवेंट में 245 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 160 और डेडलिफ्टिंग में 180 किलो कुल 585 किलोग्राम वजन उठाकर काबलियत का परिचय दिया। यह रेकार्ड तोड़ वजन उठा कर शोविता ने तीसरी बार गोल्ड मेडल और स्ट्रॉन्ग विमिन का टाइटल जीता है। शोविता ने 20 जून को कोयम्बटूर एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल और स्ट्रॉन्ग विमिन का पुरस्कार जीता था। लेकिन शोविता के परिजन और दोस्तों में सरकार के उदासीन रवैये से बेहद परेशान हैं। परिजनों का कहना है कि सरकार की ओर से शोविता की आर्थिक मदद नहीं की जाती, जबकि वह देश व विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। हालांकि शोविता अपने इस खेल को और अधिक चमकाने के लिए पार्ट टाइम में पढ़ाती हैं। इतना ही नहीं शोविता योग की पढ़ाई कर चुकी हैं। 2 बार एमए कर चुकी हैं और अब चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीपीएड कर रही हैं, ताकि वह सरकारी नौकरी पा सके। हालांकि परिजनों का कहना है कि सरकार को शोविता की तरफ ध्यान देना चाहिए, जबकि अन्य प्रदेशों की सरकार अपने खिलाड़ियों की हर तरीके से मदद करती हैं। परिजनों की मांग है कि बी ग्रेड की नौकरी शोविता को मिलनी चाहिए।

# टीकाकरण और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



बीके अस्पताल में बच्चे को दवाई पिलाते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में बुधवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत सिविल हॉस्पिटल में छोटे बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण, पोलियो ड्रॉप्स और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से लगातार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी के जन्मदिवस तक के दिनों को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पौधरोपण, रक्तदान शिविर, हेल्थ चेकअप जैसे तमाम कार्य लगातार भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा किये जा रहे है। जिससे आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसी कड़ी में आज छोटे बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए गए और पोलियो ड्राप पिलाए गए।

# डॉ. मोहम्मद खान को मिला 'वर्ल्ड पीस लीडर' का सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जापान** के टोक्यो में मुख्यालय वाले काउंसिल फॉर यूनिवर्सल पीस द्वारा शेख राशिद टावर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, दुबई में इंटरनेशनल पीस डे सेलेब्रेशन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन शेख ओबैद अल मक्तूम ने किया था और इसकी अध्यक्षता सऊदी अरब के महामहिम खालिद अल मैना द्वारा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शेख ओबैद सुहैल अल मक्तूम ने कहा, 'यह वैश्विक शांति और सीमाओं से परे भाईचारे के लिए एक साथ मिलकर काम करने का सही समय है।'

जापान में काउंसिल फॉर यूनिवर्सल पीस के महासचिव डॉ. मित्सुकी सुगी ने विजेताओं को धन्यवाद दिया। भारत महान डॉ. मोहम्मद खान को काउंसिल द्वारा 'वर्ल्ड पीस लीडर' का सम्मान दिया गया। डॉ. खान एक ग्लोबल मीडिया सेलेब्रिटी हैं और डेनीजवर्ल्ड.इंक. के महासचिव हैं। डेनीजवर्ल्ड.इंक. मौजूदा समय में फीफा वर्ल्ड कप्स एंड ओलम्पिक, रियो+20 यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट, यूएई एनर्जी स्ट्रैटजी 2030, अरब हेल्थ कांग्रेस, दुबई एयर शो, एमिरेट्स जापान 2020, ग्लोबल केम्पेन फॉर एमिरेट्स, दुबई वर्ल्ड कप हॉर्स रेस जैसे इवेंट्स को प्रमोट कर रही है। डॉ. खान को 50वें नैशनल डे सेलेब्रेशन में यूएई सरकार द्वारा गोल्डन एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उन्हें भारत सरकार द्वारा 'भारत महान' से भी सम्मानित किया गया और सरकार की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए एम्बेसडर भी बनाया है। वे टोक्यो 2020 ओलम्पिक्स में मीडिया एवं इवेंट्स के लिए भी विशेष गोल्ड मेडल विजेता रहे। विश्व शांति एवं एकता में सराहनीय योगदान देने के लिए काउंसिल द्वारा डॉ. डेनी थॉमस को सर्वसम्मति से ग्लोबल पीस एम्बेसडर' चुना गया था। डेनीजवर्ल्ड इंक. के अध्यक्ष डॉ. डेनी थॉमस मानव विज्ञान एवं शांति में अध्येता हैं और एक परोपकारी व्यक्ति हैं। ग्लोबल पीस से सम्मानित लोगों की सूची में पद्म विभूषण रविशंकर, पदमश्री सदगुरु एचएच हेलाल सईद अल मर्री, एचई एस्सा अब्दुल्ला अल घुरैर, एई अब्दुलअजीज मोहम्मद हसन, एचई माजिद मोहम्मद अलजारवन डॉ. सोहन रॉय, डेनीजवर्ल्ड के डॉ. अनिल मैथ्यू, डॉ. शमीम ए खान, डॉ. लीजा सोहनपाल-कनाडा, मंजूर अली सईद रेज 3डी, अराबो बेकरी यरिमा-पराग्वे, मार्वन जे पायने-अमेरिका, अधिवक्ता शंकर नारायण वेलू और अन्य लोग शामिल हैं।



## जनता त्रस्त, विधायक फोटो खिंचवाने में मस्त

**फरीदाबाद।** शहर के बदतर हालातों, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार का एक और मामला उजागर करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना एवं जिला कार्यकारिणी के सभी साथीगणों ने मिलकर एनआईटी भोजपुरी अवधि धर्मशाला के सामने वाली रोड पर प्रदर्शन किया। धर्मबीर भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर इतनी बुरी स्थिति है, कि लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। उनके घरों में आने वाले पीने के पानी में सीवर का पानी मिक्स होकर आ रहा है। ऐसा पानी पीने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। फरीदाबाद अब नरक सिटी बन चुका है लोग कि दुकानों में पानी घुस रहा है। भड़ाना ने भाजपा सरकार पर वार करते हुए कहा की सड़कें पूरी टूटी हुई है, रोड पर पानी भरा हुआ है।

# औद्योगिक क्षेत्र की जलमग्न सड़कों पर पसरा अंधेरा



बिजली दफ्तर के निकट पसरा अंधेरा और सड़क पर बरसाती पानी व किनारे खड़ा ट्रक।



मुजेसर थाने के सामने मौजूद सड़क पर पसरा अंधेरा।

### लाखों का टैक्स भरने के बाद भी औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें खराब

कविता। फरीदाबाद

**औद्योगिक** क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब होकर बंद हो चुकी हैं। वहीं बीती रात सेक्टर-23 स्थित बिजली निगम के एसई के दफ्तर के बाहर भी अंधेरा पसरा हुआ था। बिजली मुख्यालय के आसपास तथा सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद नजर आई। रात के अंधेरे और पिछले दिनों हुई बरसात के कारण सड़क पर भरे पानी के कारण वहां से गुजर रहे लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। सरकार को सबसे अधिक टैक्स देने और बिजली निगम को सबसे ज्यादा शुल्क देने वाले औद्योगिक क्षेत्रों के निवासी इन सड़कों से होकर गुजरते हैं, लेकिन इन सबके बावजूद स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब हैं। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाली महिलाओं और साइकिल सवारों को अंधेरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

पायनियर की तरफ से बीती रात एनआईटी इलाके में मौजूद सेक्टर-22, 23 और 24, 25 स्थित औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लिया। जहां देखा गया कि अंधेरी सड़कों पर महिलाओं को अकेले चलने से भी डर लग रहा था। उन्होंने बताया कि घर की मजबूरी के कारण उन्हें नौकरी अंधेरी सड़कों से गुजर कर करनी पड़ रही है। वहीं साइकिल सवारों ने बताया कि कई बार अंधेरे के कारण यहां दुर्घटनाएं हो जाती है। जिसमें लोग घायल हो रहे हैं। वहीं अंधेरे में कई बार छेड़छाड़ और लूटपाट की घटनाएं हो जाती हैं। हालांकि पुलिस सड़क पर होती है, लेकिन बीती रात अंधेरे में डूबी सड़कों पर न तो पुलिस नजर आई और न ही किसी तरह की कोई सुविधा।

**यह आया नजर :** पायनियर द्वारा जब सेक्टर-24 औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लिया तो देखा कि सेक्टर-22, 23 और 24 तक की स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद हैं। वहीं इस सड़कों पर पड़ने वाली रेड लाइट भी खराब होकर बंद पड़ी है। सोहना रोड़ से सेक्टर-23 बिजली दफ्तर और उससे आगे सेक्टर-22 स्थित पेट्रोल पम्प तक सभी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह बंद मिली। जबकि यहां लाखों मजदूर संजय कालोनी, जवाहर कालोनी, सेक्टर-55, एनआईटी एक-दो, तीन और अन्य इलाकों से काम करने आते हैं। जिसमें हजारों महिलाएं भी शामिल हैं।

# हृदय में छेद की समस्या के अधिक आते हैं बच्चे : डॉ. तरुण



**फरीदाबाद।** बच्चों में हृदय रोगों पर जानकारी देते हुए मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से पीडियाट्रिक कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. तरुण रैना ने कहा कि रोजाना ओपीडी में लगभग 30-40 बच्चे हृदय समस्याओं के साथ आते हैं जिनमें हृदय में छेद की समस्या अधिक देखी जाती है। बच्चों में दो तरह की हृदय समस्याएं देखने को मिलती हैं। जिन बच्चों का हृदय पहले से सामान्य है लेकिन किसी वायरल इन्फेक्शन की वजह से दिल की मांसपेशियों में सूजन की समस्या हो जाती है जिसे मायोकार्डिटिस कहते हैं। डेंगू या कोरोना से संक्रमित होने पर इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। मायोकार्डिटिस से ग्रस्त बच्चों में हार्ट का फंक्शन 20-25 प्रतिशत रह जाना, सांस फूलने जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

कुछ बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या होती है। यह समस्या आनुवंशिक हो सकती है। जन्मजात हृदय विकार से पीड़ित नवजात शिशु का शरीर नीला पड़ जाना, स्तनपान के दौरान बच्चे की पसलियाँ चलना या जल्दी थक जाना या अधिक पसीना आना जैसे लक्षण जन्म के बाद शुरू के 5-6 महीनों में दिखाई देते हैं। थोडा बड़ा होने पर बच्चा धीरे-धीरे किसी भी प्रकार की एक्टिविटी ठीक से नहीं कर पाता है। चलने में असमर्थ होना, अन्य बच्चों के मुकाबले कम खेलना या खेलने के दौरान जल्दी थक जाना जैसी समस्याएं आती हैं।

हाल ही में काफी बच्चे कोविड से उभरे थे और डेंगू का माहौल बना हुआ है इसलिए ओपीडी में मायोकार्डिटिस (हृदय की मांसपेशियों में सूजन) के मामले भी देखने को मिलते हैं। इसके अलावा भारत में रूमेटिक हार्ट डिजीज (हृदय वाल्व में खराबी) आम है जिसकी शुरुआत बचपन में होती है। गले में खराश रहना, बुखार रहना, जोड़ों में दर्द रहना जैसे लक्षण होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय जिला तैराकी प्रतियोगिता शुरू



**फरीदाबाद।** सेक्टर-43 स्थित अरावली इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय जिला तैराकी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। इन दो दिनों में 90 इवेंट करवाये जाएंगे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आगामी 15 अक्टूबर को अम्बाला में होने वाली हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह जानकारी जिला तैराकी संघ फरीदाबाद के महासचिव एके पंडित ने बताई। प्रतियोगिता में पहले दिन मुख्य अतिथि सतेन्द्र मलिक रहे और विशेष अतिथि के रूप में कविंद्र फागना एवं अजय गुप्ता मौजूद रहे। जिला तैराकी संघ के उपाध्यक्ष प्रयाग गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर अरावली इंटरनेशनल स्कूल की एकेडमी डॉयरेक्टर डॉ माधुरी भी मौजूद रही। प्रतियोगिता में एके पंडित के साथ कोच विकास, राम भतेरी, एसएन तिवारी, विरेंद्र, जितेंद्र, कुलभूषण, जगदीश चंदिला, सरोज, पूजा, सतीश मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता पहले दिन पूर्णिमा कौशिक सौ मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम, दिव्या महाजन द्वितीय और हिमांशी तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में विजेता बच्चों संग पदाधिकारी।

### डीपीएस की प्रिंसीपल को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। एजुकेटर क्लब द्वारा आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड 2022 में एनसीआर के 100 से अधिक शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य इसी तरह निरंतर करते रहें। मौके पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने अवार्ड के लिए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस विश्वास के साथ इस अवार्ड से उन्हें सम्मानित किया गया है, उनका प्रयास रहेगा कि वे इस विश्वास को हमेशा कायम रखें और बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करें।

### अमृता-संकल्प जनरल ड्यूटी ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन




**फरीदाबाद।** अमृता-संकल्प जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेनिंग सेंटर-का उद्घाटन अमृता अस्पताल में जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने किया। सेंटर का उद्घाटन माता अमृतानंदमयी मठ के उपाध्यक्ष एवं अमृता विश्व विद्यापीठम के अध्यक्ष पूजनीय स्वामी अमृतस्वरुपानंद पुरी की उपस्थित में किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा और भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा भी उपस्थित थे। यह केंद्र पूरी तरह सुसज्जित व्यावहारिक और डिजिटल लर्निंग लैब में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करेगा। पाठ्यक्रम छात्रों को 210 घंटे का जीवन कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी निजामृतानंद पूरी ने कहा, जिस तरह एक मां अपने बच्चे की देखभाल करती है, उसी तरह अम्मा भी यह सुनिश्चित करती है कि उसके सभी बच्चे ना केवल स्वस्थ हों बल्कि अच्छी तरह से पोषित हों। 35-35 छात्रों के दो बैच होंगे। कक्षाएं सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगी। निकट भविष्य में, यह केंद्र एनएसडीसी द्वारा निर्धारित गृह -स्वास्थ्य संबंधित पाठ्यक्रम भी प्रदान करेंगा।

### ब्राह्मण सभा ने भगतसिंह को याद किया



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती पर उन्हें पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित व शत शत नमन किया। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा शहीद भगत सिंह आजादी के दीवाने वीर थे। छोटी सी उम्र में उन्होंने भारत की आजादी के लिए हंसते हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चुम लिया और भारत माता की आन बान शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें उनके आदर्श मार्ग पर चलना चाहिए। अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, ओमबीर रंजन, रोहित, श्रवण, रामानुजन, रामजीलाल, मुकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मनाई शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती



**फरीदाबाद।** शहीद ए आजम भगत सिंह जी की जयंती पर एनएच-3 स्थित शहीद भगत सिंह कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहीद भगत सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने बिग्रेड के नौजवानों के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि वे शहीद भगत सिंह के अकेले वारिस नहीं है ब्लकि सारा देश ही उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को शहीद ए आजम से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों से दोस्ती करनी चाहिए। यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि जौ कौम अपने शहीदों को भुला देती है उसका भविष्य कभी भी उज्जवल नहीं होता। मोहम्मद शरीफ, हरभजन सिंह, गुरचरण सिंह, पवन चौधरी, प्रीतम सिंह राणा, जितेन्द्र सिंह, सहदेव जयहिन्द नंबरदार, मुकेश कपूर, विपिन झा, करीम, रणजीत सिंह व प्रेम सहित कई लोग मौजूद थे

### छोटे चीरे से हुई ओपन हार्ट सर्जरी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-आठ स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल में कार्डियक वैस्कुलर सर्जनों की टीम ने मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के माध्यम से एक 21 वर्षीय लड़की के दिल के कई छोटे छेद व एक मूंगफली जितना बड़ा छेद सफलतापूर्वक ठीक किया, जिसके बाद मरीज 2 दिनों के भीतर अपने पैर पर खड़ा होने लायक हो गयी और 4 दिनों में ही उसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज भी मिल गया। जिसका श्रेय सर्वोदय हॉस्पिटल के सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉ. वेद प्रकाश एवं उनकी टीम को जाता है। आखिर में उन्होंने सर्वोदय हॉस्पिटल में डॉ. वेद प्रकाश, सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी से परामर्श लिया। जांच के बाद यह पाया गया कि वह लार्ज फेनेस्ट्रेटेड मल्टीपल ओएस एएसडी (ओस्टियम सेकंडम एट्रियल सेप्टम डिफेक्ट) यानि दिल में छेद की बीमारी से पीड़ित है। डॉ. वेद प्रकाश में बताया कि मरीज की छाती के साइड से एक छोटे चीरे की मदद से इस सर्जरी को अंजाम दिया गया। सर्जरी के बाद मरीज का यह छोटा सा निशान भी कुछ समय बाद दिखना बंद हो जायेगा। सर्वोदय हेल्थ केयर के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि इलाज की उन्नत तकनीकों एवं प्रक्रियाओं के सहारे ही हम मरीज को बेहतर स्वास्थ्य वापसी सुनिश्चित कर सकते हैं। हम अपनी इस कोशिश को बढ़ाते रहेंगे और स्वस्थ समाज की दिशा में काम करते रहेंगे।

# एलजी-विरोधी अभियान

## आप को झटका

**आम** आदमी पार्टी–आप ने दिल्ली के उप–राज्यपाल के खिलाफ निन्दा अभियान छेड़ रखा था, पर उसका नतीजा उल्टा निकला है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप और उसके नेताओं को उप–राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ 'झूठे' आरोप लगाने पर चेतावनी दी है। इससे अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को घुटने टेकने पड़े हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अदालत ने उनसे सोशल मीडिया पर मौजूद सभी निन्दाजनक पोस्टें, वीडियो व ट्वीट हटाने को कहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब आप और उसके नेताओं को विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ सभी प्रकार के आरोप लगाने से पीछे हटना पड़ा है। इनमें नितिन गडकरी से लेकर अरुण जेटली व शीला दीक्षित से लेकर कपिल सिब्बल और अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से लेकर रमेश विधूड़ी तक शामिल हैं। आप आमतौर से अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाती रही है। अन्ना हजारे आंदोलन के शिखर समय पर केजरीवाल व उनके सहयोगियों ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और उनकी छवि खराब करने के सभी संभव प्रयास किए ताकि इससे वे स्वयं को 'भ्रष्टाचार के खिलाफ योद्धा' की तरह पेश कर सकें। 2015 में सत्ता में आने के बाद से इस उभरती पार्टी के नेताओं पर अनेक मानहानि मामलों का बोझ आ गया। इस तथ्य को देखते हुए कि उनके बहुसंख्य आरोप प्रमाणहीन थे, केजरीवाल व उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता बार–बार माफी मांगने लगे। उम्मीद थी कि अपने सबक सीखने तथा बीते सालों में एक सीमा तक राजनीतिक परिपक्वता प्राप्त करने के बाद अब वे बिना प्रमाण के आरोप लगाने से बचेंगे। लेकिन आप का 'मारो और भागो' गिरोह इसके बाद भी कीचड़ उछालने में लगा रहा। इस बार दिल्ली की आबकारी नीति के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद दिल्ली के उप–राज्यपाल वी.के. सक्सेना आप के निशाने पर आ गए थे। आप नेताओं ने न केवल सक्सेना पर निशाना लगाया, बल्कि उनकी बेटी को भी जाल में फंसाने का प्रयास किया।



बिना किसी प्रमाण के उन्होंने सक्सेना पर 2016 में नोटबंदी के दौरान लगभग 1,400 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जब सक्सेना खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष थे तब उन्होंने कर्मचारियों पर इसके लिए कथित रूप से दबाव डाला था। तथ्य यह है कि सक्सेना ने केवीआईसी के कोषाध्यक्ष व एक और कर्मचारी द्वारा 17 लाख रुपये की 'मनी लांड्रिंग' की जांच के आदेश दिए थे। यह समझ से परे है कि आप नेता 1,400 करोड़ के आंकड़े पर कैसे पहुंचे और उन्होंने संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप लगाने के पहले दोबारा विचार तक नहीं किया। सक्सेना ने न केवल इन आरोपों को खारिज किया, बल्कि आप नेताओं द्वारा अपने खिलाफ कीचड़ उछालने के मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय ले गए। इन नेताओं में आतिशी सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह व जैस्मीन शाह शामिल हैं। सक्सेना ने राजनीतिक पार्टी और उसके पांच नेताओं से हरजाने और मुआवजे के रूप में 2.5 करोड़ का दावा भी किया। सक्सेना ने पहले आप व उसके नेताओं को एक कानूनी नोटिस भेज कर एक प्रेस वक्तव्य जारी करने को कहा था जिसमें 'पार्टी के सभी नेताओं तथा उनसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को यह निर्देश देने को कहा जाए कि वे झूठे, अपमानजनक, घृणापूर्ण व निराधार बयान देना बंद करें।' अब उच्च न्यायालय द्वारा उप–राज्यपाल के पक्ष में फैसला देने के बाद आप नेताओं को कठिन कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है।

# नियंत्रणों के बोझ से दबा उर्वरक उद्योग

एक संभावित खरीदार को सार्वजनिक क्षेत्र की उर्वरक फैक्ट्री खरीदने के पहले सौ बार सोचना पड़ेगा क्योंकि इनमें अक्षमतायें भरी होने की संभावना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



वित्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने 2021–22 के बजट में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों–सीपीएसयू के निजीकरण पर व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हुए उनको दो श्रेणियों–रणनीतिक व गैर–रणनीतिक में बांटा था। रणनीतिक में भी चार उप–समूह थे जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष व रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थे। इसके अलावा गैर–रणनीतिक क्षेत्र में बाकी सभी क्षेत्र शामिल थे, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल व पर्यटन सेवायें, व्यापार, मार्केटिंग, आदि। योजना के अनुसार सरकार को गैर–रणनीतिक क्षेत्र में सभी सीपीएसयू का निजीकरण करने तथा इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यम बंद करने का लक्ष्य था। सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कुछ कदम उठाए थे। सीपीएसयू वे उद्यम हैं जहां केन्द्र सरकार का स्वामित्व पर वर्चस्त था तथा उसके नियंत्रण में इनके 51 प्रतिशत या इससे अधिक शेयर थे। बताया जाता है कि नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर की अध्यक्षता में समूह अधिकारियों–सीजीओ की एक कमेटी ने उर्वरक क्षेत्र के आठ पीएसयू फर्मों की सूची बनाई थी जिनके निजीकरण का इरादा था। इनमें अन्य के साथ राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड–आरसीएफएल, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड–एनएफएल, द फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड–एफएसीटी तथा फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड–एफसीआईएल शामिल थे। इसके साथ ही प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड–पीडीआईएल के निजीकरण की प्रक्रिया पहले से चल रही थी।

फसलों की उपज बढ़ाने तथा खाद्य सुरक्षा मजबूत करने में पौधे के पोषकों का महत्व देखते हुए दशकों से अनेक राजनीतिक अवस्थापनाओं ने उर्वरकों को रणनीतिक क्षेत्र माना तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उर्वरक प्लांट लगाने पर जोर दिया। इसके साथ ही इस क्षेत्र में निजी निवेश आकर्षित करने के प्रयास किए गए। इन नीतियों में केन्द्रीकृत रूप से उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य–एमआरपी पर नियंत्रण रखा गया। इसके लिए उत्पादन व वितरण में आने वाले खर्च पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। किसानों को बिक्री से प्राप्त होने वाली कम धनराशि के बावजूद यह सुनिश्चित किया गया कि निर्माताओं को नुकसान न होने पाए। इसके लिए उनको एमआरपी से होने वाली आमदनी से अधिक खर्च पर सब्सिडी दी गई। 1990 के दशक तक यूरिया व गैर–यूरिया उर्वरकों के निर्माताओं को 'विशिष्ट इकाई' के आधार पर लागत–सब्सिडी से पूर्ति होती रही। इसमें क्षमता प्रयोग, ऊर्जा उपभोग, पूंजी संबंधी चार्ज या सीआरसी, शेयरधारकों के फंड पर चार्ज या सीआरसी, शेयरधारकों के फंड पर गारंटीशुदा वापसी, अन्य फिक्स चार्ज, गैस व अन्य निवेशों की लागत, आदि शामिल थे।

1992 में गैर–यूरिया उर्वरकों पर नियंत्रण हटाने के बाद सरकार ने इन उर्वरकों के सभी निर्माताओं को प्रति पोषक आधार पर 'समान' सब्सिडी की दिशा में धीरे–धीरे आगे बढ़ा गया। अप्रैल, 2010 के बाद उनको एमआरपी तय करने में भी स्वतंत्रता मिल गई। लेकिन यूरिया के मामले में गैर–विशिष्ट आधार पर सब्सिडी की भरपाई जारी रही। इन नीतियों के कारण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में क्षमताओं का निर्माण प्रभावित हुआ जिनमें इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड या इफ्को द्वारा स्थापित प्लांट भी शामिल हैं। इस बीच बहुसंख्य उर्वरक सीपीएसयू ने अपनी क्षमता से कम काम किया है। उदाहरण के लिए, 2019–20 में 6 सीपीएसयू ने केवल 1,293 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया। इनमें खासकर एफसीआईएल व हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड–एचएफसीएल के प्लांट भी शामिल हैं जो साल दर साल लगातार घाटा दिखा रहे हैं। कुछ प्लांट तो जन्म से ही बीमार थे जिनमें 1970 तथा 1980 के दशकारंभ में पूर्व आंध्र प्रदेश में शुरू किए गए रामगुंडम, ओडिशा के तालचेर तथा पश्चिम बंगाल का हल्दिया शामिल हैं। ये सीपीएसयू लंबे समय से वेंटीलेटर पर हैं और केन्द्र सरकार ने इनको जीवित रखने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्लांटों को पुनर्जीवित करने की योजनायें बनाईं। लगभग पांच साल पहले झारखंड के सिंदरी, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बिहार के बरौनी, ओडिशा के तालचेर तथा आंध्र प्रदेश के रामगुंडम प्लांट पुनर्जीवन की योजना बनाई गई थी और ये 2021–22 में कारगर हुए।

अब 2021–22 की नीति के अनुसार सभी उर्वरक सीपीएसयू को एक आधार पर रखना है। उनके पुनर्जीवन पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद अब केन्द्र सरकार द्वारा उनके निजीकरण का निर्णय अजीब लगता है। उपरोक्त पांच प्लांटों पर लगभग 40,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। इनकी बिक्री से प्राप्त धनराशि इनके पुनर्जीवन पर खर्च धनराशि की तुलना में बहुत कम होगी। इसके बावजूद नीति के अनुसार इनकी बिक्री होनी चाहिए। इसके पीछे एक और कारण भी है। नौकरशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण ये पीएसयू 'अक्षमताओं' व 'कुप्रबंधन' का शिकार हैं। वित्त मंत्रालय ने इस स्थिति को स्वीकार करते हुए हाल ही में एक आदेश द्वारा पीएसयू द्वारा दूसरे पीएसयू खरीदने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अनुसार, 'एक सरकारी उद्यम के प्रबंधन पर किसी अन्य सरकारी संगठन के प्रबंधन या राज्य सरकार के कब्जे से राज्य–संचालित फर्मों में अंतर्निहित अक्षमतायें बनी रहेंगी।' लेकिन इनका निजीकरण आसान नहीं है। इसमें एक बड़ी बाधा संस्तुतियों व लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रियायें हैं। वर्तमान प्रक्रियाओं के अंतर्गत नीति आयोग रणनीतिक विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान करता है जिन पर विनिवेश के लिए सचिवों के प्रमुख समूह–सीजीडी द्वारा विचार किया जाता है जो अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया है। इसके बाद यह वैकल्पिक व्यवस्था–एएम के अंतर्गत आता है जिसमें मंत्रालयों का एक समूह संस्तुति प्रदान करता है। इनमें वित्त ताा सड़क व राजमार्ग परिवहन मंत्रालय शामिल हैं। रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण हैं जिसके कारण प्रक्रिया शुरू होने में अपरिहार्य रूप से विलम्ब होता है। इसके साथ ही जब सरकार बाजार में प्रवेश करती है तब परिस्थितियों का सकारात्मक होना जरूरी नहीं होता है। एक और बड़ी बाधा यह तथ्य है कि उर्वरकों के लगभग हर आयाम पर भारी नियंत्रण है जिसमें उत्पादन, आयात, हैंडलिंग, परिवहन, वितरण, मूल्य, सब्सिडी तथा भुगतान व्यवस्थायें शामिल हैं। इन सभी आयामों के कारण उर्वरक फर्म का वित्तीय स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यूरिया के मामले में लागू 'विशिष्ट इकाई' व्यवस्था के कारण लागत और सब्सिडी की अनुमति से फर्म नौकरशाहों की इच्छाओं व पसंद के कारण और संकट में फंसती है। वे तय करते हैं कि लागत के कितने आयामों को सब्सिडी भुगतान की अनुमति मिलनी चाहिए। इनमें सीआरसी, अन्य निश्चित खर्च, गैस डिलीवरी का खर्च तथा अन्य निवेशों पर खर्च शामिल हैं।

इन कारणों से उर्वरम पीएसयू का संभावित खरीदार उसके बारे में निर्णय लेने से पहले सैकड़ों बार सोचता है क्योंकि अच्छा मुनाफा कमाने के लिए उसकी क्षमता महत्वपूर्ण होती है जो उसका प्रबंधन करने वाले नौकरशाहों की क्षमता पर निर्भर होती है, भले ही खरीदार के पास प्लांट प्रबंधन की अच्छी क्षमता क्यों न हो। पीएसयू की कीमत बढ़ा–चढ़ा कर पेश की जाती है जिससे उसकी लागत बढ़ जाती है। इसके परिणामस्वरूप अधिग्रहण के बाद निर्भरता तथा जोखिम भी और बढ़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उर्वरक पीएसयू के निजीकरण की संभावनायें बहुत धुंधली हैं। ये स्थितियां तभी बदल सकती हैं जब सरकार दो बाधायें हटाने के लिए कठोर निर्णय ले। उसे शेयरों की बिक्री की प्रक्रिया को लाल फीताशाही से मुक्त करना होगा। वह एक होल्डिंग कंपनी–एचसी बना सकती है जहां पीएसयू के सभी शेयर समाहित किए जांए। एचसी को मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री के समय, आदि पर सभी निर्णय लेने के लिए शक्तिशाली बनाया जाए।

इसके साथ ही सरकार को उर्वरक क्षेत्र पर लगे सारे नियंत्रण हटाने चाहिए तथा किसानों को सीधे सब्सिडी देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# महत्वपूर्ण है खेल का समय

**स्मृति पारिख**
(लेखिका, साक्षरता क्षेत्र से संबद्ध हैं)



बच्चों के रोजमर्रा के जीवन या उनकी दिनचर्या में खेल के समय को महत्व देना चाहिए, क्योंकि जीवन के अनेकानेक प्रमुख पाठ खेलों से सीखे जाते हैं। खेलों के महत्व को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग प्रत्येक बच्चे के लिए खेल को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। खेलने के समय को बच्चों के समग्र विकास को बढ़ाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि कुछ ऐसे रूप में, जिसे अकादमिक उपलब्धि की कीमत पर अपनाया जाता है। इस प्रकार, व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए तो खेल दिमाग और समग्र बाल विकास का विरोधी नहीं है, बल्कि इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है।

अक्सर, बच्चों से कहा जाता है कि वे अपना होमवर्क पूरा करने के बाद खेल सकते हैं। अन्य उदाहरणों में, खेल के समय का उपयोग समानार्थक रूप से संगठित खेल कक्षाओं के रूप में किया जाता है। लेकिन इससे अनेक बार खेलों में छिपा आनन्द गायब हो जाता है। हालांकि, आमतौर से खेल पसंद, आश्चर्य और आनंद से सजे होते हैं। इसलिए, बच्चों को, व्यवस्थित और अव्यवस्थित खेल, दोनों के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

अव्यवस्थित खेल, जिसे मुक्त खेल के रूप में भी जाना जाता है, मुख्यत: बच्चों के नेतृत्व में होता है। बच्चे इसके दौरान बिना किसी के निर्देशन व निर्धारण अपने आप खेलों की ईजाद करते हैं तथा अपने साथियों को उनमें शामिल करते हैं। खुशी और उत्साह के क्षणों की तलाश में बच्चे इन अनुभवों को अपने लिए डिजाइन करते हैं। ये अवसर गेम बनाने और निष्पक्ष खेल के नियम बनाने जैसे लगते हैं। खेल का समय, चाहे वो व्यवस्थित हो या वयस्कों के नेतृत्व में, हालांकि लाभकारी होता है, मगर सीमित लाभ प्राप्त करता है। इसका उद्देश्य बच्चों को उन अनुभवों में भागीदार बनाना है जो स्व–निर्देशित क्षण होते हैं।

शोध संकेत करता है कि यह अव्यवस्थित क्षण ही होते हैं जिसमें बच्चे आश्चर्य और आनंद का अनुभव करते हैं। वास्तविक खेल के दौरान, बच्चे अपनी दुनियाओं से प्राप्त अर्थ को आकार देते हैं और अन्य अनुभवों के लिए उन्हीं को बयान करते हैं। इससे बच्चों में कल्पनाशीलता तथा दूसरे बच्चों के साथ सहयोग व सामंजस्य की भावना का विकास होता है।

खेलों के प्रकारों के चयन में आलोचनात्मक सोच और आत्म–जागरूकता की आवश्यकता होती है। बाल दिवस दिन की दिनचर्या या स्कूल के टाइम–टेबिल के लिए निर्धारित होता है। बच्चों को एजेंसी और पसंद का अनुभव करने के सीमित अवसर मिलते हैं। खेल के समय में भाग लेते हुए, बच्चे न केवल इस संबंध में सचेत विकल्प बना रहे हैं कि किसके साथ खेलना है बल्कि यह भी कि क्या और कैसे खेलना है। वे टीम के सदस्यों के संबंध में भी निर्णय लेते हैं, कोई कब जीतता है, और इस बारे में रणनीति बनाते हैं कि वे कैसे जीत सकते हैं। ये निर्णय जो महत्वहीन लगते हैं, कार्यकारी कार्यों के निर्माण खंड हैं। स्व–अध्ययन का आयोजन करते समय, करियर चुनते समय, और भावनात्मक जीवन विकल्प बनाते समय भी इन्हीं योग्यताओं का उपयोग किया जाता है। निर्णय लेने और मूल्यांकन कार्य करने से परिचित होना सोच को एक ढांचा प्रदान करता है। बच्चे पुरिणाम–दुष्परिणाम, तार्किक बुद्धिमता, यहां तक कि अपनी भावनाओं को व्यवस्थित करने जैसे उपकरण प्राप्त करते हैं। वे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए साथियों के साथ सहयोग करना सीखते हैं। अव्यवस्थित नाटक छात्रों को अपने विचारों को सम्मानपूर्वक व्यक्त करने तथा अपनी चालों को स्थापित करने की भाषा देता है। इसके अलावा, टीम–आधारित खेल आवश्यक नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है।

खेल का समय, जो बच्चों को आश्चर्य की स्थिति में पहुंचाता है, मस्तिष्क के उन प्रमुख क्षेत्रों को विकसित करता है जो विचार और कल्पना के निर्माण के लिए जिम्मेदार होते हैं। खेलों तथा उनके परिणामस्वरूप विकसित मानसिक कौशल भविष्य में प्रक्षेपण के लिए भी उपयोगी हैं। एक बच्चा जो खेल के दौरान काल्पनिक परिदृश्यों की कल्पना कर सकता है, वह भविष्य में अपनी सफलता की कल्पना करने में भी सक्षम होगा। वे बड़े होकर यह सोच सकेंगे कि वे क्या बनना चाहते हैं। उपलब्धि का एक मुख्य घटक, अज्ञात कल के लिए दृष्टि और लक्ष्य निर्धारित करने की क्षमता है।

खेल का समय उन परिदृश्यों के बारे में जागरूकता बनाता है जो हर्षित और प्रेरक महसूस करते हैं। इस तरह की जागरूकता उन्हें व्यक्तिगत उपलब्धि की दिशा में बेहतर कदम उठाने में मदद करती है, जैसे ऐसी दोस्ती में रहना, जो खुशी और सुरक्षा की भावना लाती है, ऐसे विषय क्षेत्रों को चुनना, जो गर्व पैदा करते हैं, और अंतत: ऐसे व्यवसायों में रहना, जो व्यक्ति की पूरी क्षमता का उपयोग करते हैं।

प्रसन्नता बच्चे के जीवन का एक कम आंका गया पहलू है। जबकि बच्चों के जीवन में प्रसन्नता का सर्वाधिक महत्व है। प्रसन्न होने पर बच्चों को भी वयस्कों की तरह, खुशी का अनुभव करने से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने और लचीलापन अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। वास्तव में संतुष्ट महसूस करना बच्चे को और अधिक करने के लिए सशक्त बनाता है।

जब बच्चे प्रसन्नता का अनुभव करते हैं, तो वे अपने भीतर कुछ ऐसा करने की क्षमता पाते हैं जो पिछली बार की तुलना में थोड़ी अधिक चुनौतीपूर्ण थी। इस प्रकार खेलों के दौरान एक तरह से मानसिक व शारीरिक रूप से लुका–छिपी का अखाड़ा बड़ा हो जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो खेल के दौरान बच्चों का विशेष शक्तियों से सामना होता नजर आता है।

खेलों के दौरान आनंद का अनुभव करने के बाद बच्चों द्वारा कठिन कार्यों से निपटने की योजना बनाना तुलनात्मक रूप से आसान हो जाता है। यह विकास के अन्य पहलुओं के लिए भी आवश्यक है। अधिक कठिन विषयों का अध्ययन करने का प्रयास करने से पहले बच्चों को सरल सामग्री पर काम करते हुए देखा जा सकता है। यह भी देखा जा सकता है कि जब बच्चे अपने दोस्तों के साथ काम कर रहे होते हैं तो वे अधिक चुनौतीपूर्ण काम करने में सक्षम होते हैं। यह खुशी की भावना ही है जो उन्हें आगे बढ़ाती है। इससे बच्चों में सामूहिकता की भावना का विकास भी होता है जो भावी जीवन में उनकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

जब तक हम खेल को शिक्षाविदों के विपरीत के रूप में देखना जारी रखते हैं, हम बच्चों का अहित कर रहे हैं। बच्चों के खेलों को खास दायरों या नियमों में कैद नहीं किया जाना चाहिए। वयस्कों के रूप में, हम बोर्ड गेम या अन्य पार्टी खेलों के माध्यम से भी, खेल में भाग लेते हैं। कोशिश करें और याद रखें कि आपने उस पल में कैसा महसूस किया था, और इसने आपके कामकाज को कैसे प्रभावित किया होगा। अब कल्पना कीजिए कि अगर बच्चों को कितना फायदा हो सकता है अगर उन्हें लगातार इसका अनुभव मिलता रहे। खेलों की दुनिया बच्चों को एक जटिल, चुनौतीपूर्ण दुनिया के लिए बहुत अच्छी तरह तैयार कर सकती है और यह बात हम अपने अनुभव से जानते हैं।

## आप की बात

### अकेलेपन की समस्या

**कुछ** साल पहले जापान में अकेलेपन की समस्या को सुलझाने के लिए एक मंत्रालय गठित किया गया था। ब्रिटेन में भी ऐसे मंत्रालय बनाए गए थे। ब्रिटेन में 90 लाख के आसपास लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित हैं। ध्यान से देखें तो परिवार के टूटने का सबसे अधिक लाभ दुनिया भर के व्यवसायी वर्ग को हुआ है। वर्तमान में पति–पत्नी, बेटा–बेटी और परिवार के अन्य लोगों को स्पेशल टीवी, कमर, कार चाहिए। यहां से परिवार का बिखराव शुरू होता है। भारत में अकेले लोगों की संख्या छह प्रतिशत बताई जाती है। इनमें से कई गंभीर मानसिक बीमारियों के चपेट में हैं। अकेलेपन से जूझते लोग अब अपने समाज में भी बढ़ते जा रहे हैं। एक तरफ तमाम नई तकनीकों ने हमें दुनिया से जोड़ दिया है, मोबाइल में बातचीत को इतना आसान कर दिया है कि लोग खूब बात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जिनका अकेलापन बढ़ता जा रहा है। अकेलेपन की समस्या दूर करने के लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर के साथ ही सामाजिक स्तर पर व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है। भारत में समस्या पर गंभीरता से विचार किए बिना इसका निराकरण संभव नहीं लगता है।

–**सदन जी,** पटना

### पीएफआई पर प्रतिबंध

**केंद्र** सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफइंडिया को गैर–कानूनी संगठन घोषित करते हुए इसे पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार का निर्णय समयानुकूल और स्वागत योग्य है ! हालांकि यह कदम कुछ देरी से उठाया गया है! पी एफ आई की संदिग्ध गतिविधियां और देश में बवाल मचाने के लिए उनका इतना बड़ा नेटवर्क खड़ा हो गया! हाल ही में देश भर में मारे गए छापों में करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति और कई तरह के गैर कानूनी गतिविधियों के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं! यहां तक की देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की योजना तैयार की गई थी। इन्हें देखते हुए पीएफआई को प्रतिबंधित किया जाना अति आवश्यक था। पहले सिम्मी को बंद किया तो पीएफआई शुरू हो गया। अब पीएफआई को बंद किया तो किसी अन्य नाम से कोई नया देशद्रोही संगठन आ खड़ा ना होने पाए, इसके लिए सरकार के गुप्तचर विभाग को निरंतर सजग और सतर्क रहना होगा। साथ ही विदेश से आने वाले एक एक पैसे का पूरा हिसाब उसे भेजने वाले व पाने वाले के सभी नाम पते। व नंबर रिकॉर्ड में रखने होंगे।

–**सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### विश्व हृदय दिवस

**प्रत्येक** व्यक्ति को हर साल कम से कम एक बार ईसीजी अवश्य करवाना चाहिए। इस संबंध में संदेह का एक सूचकांक उठाया जाना चाहिए और विभिन्न स्तरों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। पोषण शिक्षा के मूल सिद्धांतों को विशेषज्ञता नहीं बनाया जाना चाहिए और इसे स्कूलों व कॉलेजों के पाठ्यक्रम में भी अवश्य ही शामिल किया जाना चाहिए। खाने की आदतों के हिस्से में, सफेद चीनी को प्राकृतिक मिठास वाले पदार्थों जैसे शहद, गुड़, किशमिश, खजूर आदि से बदलना चाहिए। कृत्रिम भोजन की खुराक के बजाय अधिक प्राकृतिक भोजन (फल और सब्जियां) को शामिल करके अच्छे और संतुलित आहार का पालन करना चाहिए। विश्व हृदय दिवस प्रतिवर्ष 29 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य होता है हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके वैश्विक प्रभाव को रोकने के लिए उन्हें कैसे नियंत्रित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवकाश की स्थापना की गई थी।

–**डॉ सत्यवान सौरभ,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैने** पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में भाग लेने हेतु टोकियो यात्रा की। वे मेरे मित्र तथा भारत–जापान मैत्री के बहुत बड़े पैरोकार थे।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**बिना** प्रतियोगिता के पूंजीवाद निरर्थक है। यह शोषण है। इसी कारण मेरा पूरा प्रशासन इसे अर्थव्यवस्था में प्रोत्साहित कर रहा है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिका के राष्ट्रपति



**आज** बड़े उद्योगपतियों का अरबों का कर्ज माफ किया जा रहा है। लेकिन किसान या छोटे व्यापारी द्वारा कर्ज न अदा करने पर उसे जेल में डाल दिया जाता है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# यूपी में होगी तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना

● भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया पुलिस मुख्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत जालौन, बलरामपुर और मिर्जापुर में महिला पीएसी बटालियन के लिए जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट का प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलते ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। मालूम हो कि योगी सरकार ने इससे पहले भी प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन महिला पीएसी बटालियन की घोषणा की थी। इसके लिए भूमि आवंटित होने के बाद निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बटालियन के लिए पद भी स्वीकृत किए जा चुके हैं। जल्द ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

एडीजी पीएसी केएस प्रताप सिंह ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेश में तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना करने का आदेश दिया था। इसी के तहत प्रदेश में झांसी और जालौन में से एक जनपद बलरामपुर व मिर्जापुर और भदोही में से एक जनपद में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना के लिए आदेश दिया गया था। ऐसे में जालौन के ऊरई तहसील के ग्राम ऐर थाना डकोर के तहत ग्राम समाज की 17.150 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। यह भूमि पहले से ही 33 वीं वाहिनी पीएसी झांसी के कब्जे में है। इस महिला पीएसी बटालियन का नाम रानी लक्ष्मी बनाई रखा जाएगा। इस प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को बनाकर भेज दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों व विवि के लिए धन की कमी नहीं

● मुख्यमंत्री ने की लोनिवि की समीक्षा, कहा नवीनतम तकनीक को अपनाने का हो प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोनिवि की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। ड्रोन के माध्यम से परियोजना स्थल का भौतिक निरीक्षण किया जाए। इसकी रिपोर्ट विभागीय मंत्रियों को दी जाए। प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें। यदि कहीं मैनपॉवर कम हो तो अतिरिक्त की व्यवस्था तत्काल हो। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो मुख्यमंत्री कार्यालय को जानकारी दें। परियोजनाओं की साप्ताहिक प्रगति से विभागीय मंत्रियों को अवगत कराया जाए। सीएम योगी ने आगे कहा है कि एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के संकल्प के साथ राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हों यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। बुलन्दशहर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, ललितपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, पीलीभीत, बिजनौर, चंदौली, कौशाम्बी, कुशीनगर और सुल्तानपुर जनपदों में मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य तेज किए जाने की जरूरत है। इसी प्रकार अटल मेडिकल विवि में भवन निर्माण में तेजी अपेक्षित है। अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। यह व्यापक जनहित की परियोजनाएं हैं, इसमें देरी स्वीकार्य नहीं है। इसे मिशन मोड में लिया जाए। प्रत्येक दशा में जून 2023 तक पूरा करा लिया जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। धन की कोई कमी नहीं है, काम समय से पूरा होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा मां शाकुम्भरी राज्य विवि सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विवि अलीगढ़ तथा महाराजा सुहेलदेव विवि, आजमगढ़ के रूप में तीन नए राज्य विवि की स्थापना की गई है। इनके भवन निर्माण को समय से पूरा कराया जाए। जननायक चंद्रशेखर बलिया विवि के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्पीड ब्रेकर निर्माण करते समय लोगों की सुविधा का ध्यान भी रखें। स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप हों। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, मरीजों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। खराब डिजाइनिंग की वजह से अक्सर लोग स्पीड ब्रेकर के किनारे से वाहन निकालने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटना भी होती है। प्रदेश में सड़क निर्माण की तकनीक सुधार की दिशा में अभिनव कार्य हुए हैं।

ग्राम्य अभियंत्रण विभाग ने एफडीआर तकनीक आधारित सड़क तैयार कर न केवल सड़क की गुणवत्ता को बेहतर किया, बल्कि लागत को भी कम किया है। फुल डेप्थ रेक्लेमेशन तकनीक यानी एफडीआर के जरिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आज भारत सरकार ने कई राज्यों को हमारे इस प्रयास मॉडल से सीखने-जानने को भेजा है। प्लास्टिक वेस्ट से सड़कें बन रही हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा भी ऐसी अभिनव तकनीक अपनाया जाए। इस वर्ष भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के 81वें अधिवेशन की मेजबानी उत्तर प्रदेश को मिली है।

# भाई-भतीजावाद सपा के ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सपा के प्रदेश अधिवेशन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पूरी सपा में दूसरा कोई योग्य व्यक्ति नहीं है, पांच साल से सपा को दूसरा राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष नहीं मिल रहा है। यह परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण है।

सपा का अधिवेशन झूठ और फरेब की बुनियाद पर टिका है और जनता को गुमराह नहीं कर पाएगा। जनता पांचवीं बार 2024 में सपा का सूपड़ा साफकरने जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा के ब्रांड एंबेसडर जंगलराज, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भाई-भतीजावाद हैं। प्रदेश की जनता चार बार सपा की सरकार देख चुकी है और वह भली भांति जानती है कि सपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं था। प्रदेश में निवेश की बात ही छोड़िए, विकास में भी भेदभाव किया जाता था। प्रदेश की बदहाली के लिए सबसे अधिक अगर कोई जिम्मेदार है, तो वह सपा ही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में गुंडे, माफिया, अपराधियों और दंगाइयों को राजनीतिक संरक्षण के एक नहीं सैंकडों उदाहरण है। आज योगी सरकार इनके खिलाफकार्रवाई कर रही हैए तो सपा को पीड़ा हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश की छवि देश दुनिया में बदली है। उसी का नतीजा है कि विदेशी कंपनियां भी अब प्रदेश में निवेश कर रही हैं। प्रदेश में विकास की नई गंगा बह रही है।

# डिप्टी सीएम बोले एक-एक सदस्य की होगी धरपकड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिप्टी** सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि यूपी से पीएफआई का सफाया होगा और इस संगठन के एक-एक सदस्य की धरपकड़ होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पीएफआई के सारे मंसूबों पर पानी फेरने में जुटी है। उन्होंने कहा कि पीएफआई पर पाबंदी जरूरी थी। भाजपा सरकार आतंकवाद के लिए अपनी जीरो टोलेरेंस नीति पर अडिग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी दशा में आतंकी संगठन व उनके शह देने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। गृहमंत्री ने पांच साल के लिए पीएफ आई पर पाबंदी लगाई है, इसका देश व उत्तर प्रदेश की जनता स्वागत करती है। गैरसामाजिक व गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त इस संगठन पर प्रतिबंध लगाकर सरकार ने देश में अच्छा संदेश दिया है। पीएफ आई जैसे अन्य संगठन भी सरकार के निशाने पर हैं ताकि गैरकानूनी संगठन सिर न उठा सकें। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए संगठन के सदस्यों से पूछताछ कर इनके नेटवर्क को ध्वस्त किया जा रहा है।

# भाजपा को सिर्फ सपा ही हरा सकती हैः अखिलेश

● नरेश उत्तम पटेल फिर बने प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** के 9वें राज्य स्तरीय सम्मेलन में बुधवार को सर्वसम्मति से नरेश उत्तम पटेल को सपा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सिर्फ समाजवादी पार्टी ही हरा सकती है।

उन्होंने कहा कि देश की राजनीति को बदलने का काम उत्तर प्रदेश की जनता ही करेगी। अखिलेश ने कहा जब देश की राजनीति बदलेगी तो समाजवादी भूमिका अलग दिखाई पड़ेगी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में बुधवार को समाजवादी पार्टी के दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फिर पार्टी का ध्वज फहरा कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने अव्यवस्था पर मंच से कार्यकर्ताओं को डांट लगाई। इसके बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केवल नरेश उत्तम पटेल का नाम आया। चुनाव अधिकारी प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने नरेश उत्तम पटजे के प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव बृहस्पतिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में किया जाएगा। अखिलेश यादव को एक बार फिर अध्यक्ष चुने जाने की प्रबल संभावना है। अखिलेश यादव ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में जो चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला हम सब मिलकर करेंगे। संगठन के साथ-साथ हमारे सभी साथी मिलकर समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। यह लड़ाई बड़ी है, जो समाज में बांटने वाली ताकतें हैं उनको सत्ता से बाहर निकालने का काम हम मिलकर करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा द्वारा समाजवादियों और बहुजनवादियों के साथ गठबंधन के नतीजे भले ही अपेक्षा के अनुरूप न रहे हों, लेकिन इससे यह जाहिर हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ सपा ही हरा सकती है। उन्होंने कहा कि उसके बाद दोबारा समाजवादियों ने मिलकर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा। जो दल उस समय भाजपा को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे थे उन सबको साथ लेकर हम लोगों ने एक मंच पर एक गठबंधन तैयार किया। हम जीत नहीं पाए, लेकिन मैं यह कह सकता हूं 2019 और 2022 के प्रयोग ने और जिस तरह से हमारे नेता और कार्यकर्ताओं ने काम किया, भले ही हमें अपेक्षित सफलता न मिली हो लेकिन हम समाजवादी लोग जान गए हैं कि भाजपा का मुकाबला अगर कोई कर सकता है और कोई उसे हरा सकता है तो वह समाजवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारी मिली-जुली संस्कृति को ठेस पहुंचाई जा रही है उसे बचाकर हम देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हमें जो भी संघर्ष करना पड़ेगा, आने वाले समय में अगर हमें सरकार से टकराना भी पड़ा तो हम ऐसा करेंगे। अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना करते हुए उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। साथ ही अपनी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि सपा को जब जब सत्ता में आने का मौका मिला तो उसने जनता के भले के लिए काम किया।

# भगत के विचार आज और अधिक प्रासंगिक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) द्वारा बुधवार से शुरू किए गए भगत-जे पी, लोहिया पखवाड़ा अन्तर्गत पार्टी प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने आन लाइर्न कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह की समावेशी राष्ट्रीयता व प्रगतिशील समाजवाद पर व्यापक विचार- विमर्श की आवश्यकता है। देश में बढ़ती आर्थिक विषमता चिंताजनक है। अरबपतियों की संख्या बढ़ने या बढ़ाने से सम्पूर्ण देश का समग्र विकास संभव नहीं। प्रसपा भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर से लोहिया पुण्यतिथि 12 अक्टूबर तक भगत-जे पी, लोहिया पखवाड़ा मना रही है। इस उपलक्ष्य में प्रसपा कार्यालय में आयोजित परिचर्चा को ऑन लाइन संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज और अधिक प्रासंगिक हैं। भगत सिंह ने चंद्रशेखर आज़ाद की अध्यक्षता में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का गठन देश को स्वतंत्र करा कर समता मूलक समाजवादी व्यवस्था लागू करने के लिए किया था। भगत सिंह जितने महान योद्धा उतने ही बड़े विचारक भी थे।

# बच्चों की ट्रैफिकिंग को रोकने में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का महत्वपूर्ण योगदान

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन अपर मुख्य सचिव सुरेश चन्द्रा ने कहा कि प्रदेश को बाल श्रम से मुक्त कराने में सिर्फ बाल श्रमिक को कार्य से अवमुक्त कराकर शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराने से ही यह कार्य पूर्ण नहीं होगा। इसके लिए कामकाजी बच्चों को चिन्हित कर उनके परिवारों को भी सूचीबद्ध करना होगा और यह देखना होगा की बाल श्रमिक अपने परिवार की किस समस्या से ग्रसित होकर बाल श्रम करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि यदि परिवार की किसी आर्थिक समस्या के कारण बच्चे से बाल श्रम कराया जा रहा है तो उसको पात्रता के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आच्छादित कर लाभान्वित कराया जाये और यदि परिवार किसी सामाजिक समस्या के कारण अपने बच्चे से बाल श्रम करा रहा है तो उसकी काउन्सिलिंग कर उसके बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराया जाए। श्री चन्द्रा ने यह विचार बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर श्रम विभाग एवं आईएलओ के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किये। श्री चन्द्रा ने कहा कि बच्चों की ट्रैफिकिंग को रोकने में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का भी महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश को बाल श्रम मुक्त कराने में हमें बाल श्रम उन्मूलन का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करना होगा और बाल श्रम उन्मूलन को एक जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बाल श्रम किसी एक व्यक्ति या किसी एक विभाग की समस्या नहीं है। यह पूरे प्रदेश की समस्या है और जब तक इसको एक जन आंदोलन नहीं बनाया जायेगाए तब तक पूरी तरह बाल श्रम का उन्मूलन नहीं हो सकेगा। श्रम आयुक्त शकुन्तला गौतम ने कहा प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश को आगामी 5 वर्षों में बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाये।

# जिलों में परिवर्तन लाने के लिए अफसरों को खुद के अंदर जगानी होगी इच्छाशक्ति



● सीएस ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने समस्त जिलाधिकारियों तथा मंडलायुक्ताओं को अपने कार्यों को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। जिलों में परिवर्तन लाने के लिए खुद के अंदर इच्छाशक्ति जागृत करनी होगी। सभी जनपदों में नवाचार करते रहना चाहिए। जनपदों में आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का तत्परता से निस्तारण हो सके, तभी सही मायने में जनपद विकास की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की इकोनॉमी को चार गुना करने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने रखा है। यह लक्ष्य तभी संभव होगा जब जिले के अधिकारी नई सोच के साथ निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम-कमिश्नर के साथ विकास कार्यों और विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 7 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में साफ सफ ई आदि की व्यवस्था पहले से कर ली जाए। विद्यालयों में रोगों से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# ऊर्जा मंत्री ने सुनवाई कर 27 वर्ष पुरानी समस्या का किया समाधान

## प्रत्येक गलत बिल पर मीटर रीडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

● सभी डिस्कॉम में मीटर की पर्याप्त उपलब्धता हो, उपभोक्ताओं को इसकी कमी न पड़े

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन में सम्भव पोर्टल के तहत जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से शिकायत के संबंध में ऑनलाइन बात की और मौके पर ही अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उन्होंने 21 शिकायतों की सुनवाई की और इनका तत्काल समाधान किया। इस दौरान उन्होंने आगरा के शिकायतकर्ता वेद प्रकाश शर्मा के 27 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि वेद प्रकाश शर्मा ने अपने पुत्र निदेश कुमार शर्मा के नाम से 14-277 मदन मोहन दरवाजा फुलट्टी बाजार आगरा पर संयोजन के लिए आवेदन किया था। किंतु उस परिसर पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व टोरेंट का बकाया होने के कारण संयोजन नहीं मिल रहा था। वेद प्रकाश ने उस परिसर में अगस्त 1995 में अपने संयोजन का स्थाई विच्छेदन करवा दिया था लेकिन दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से टोरेंट को 2010 में डाटा स्थानांतरित करते समय यह संयोजन लाइव था जिसके कारण नया संयोजन नहीं मिल पा रहा थाए जिसका समाधान कराया गया। इसी प्रकार जिला शामली के शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार को 5 वर्ष से बिना विद्युत मीटर के 2000 से अधिक का बिल निर्गत किया जा रहा था जिसका समाधान कराया गया। इसी प्रकार मंत्री ने सम्भव पोर्टल पर बिल संशोधन, विद्युत आपूर्ति, न्यू कनेक्शन, विद्युत पोल लगाने, एबीसी केबल लगाने, मीटर लगाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, विद्युत चोरी, मीटर खराबी से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई और 21 मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। जन सुनवाई के दौरान ऊर्जा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी मीटर रीडर गलत बिल जारी करें उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बिलिंग एजेंसी को भी नोटिस दिया जाए। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक डिस्कॉम में मीटर की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। उपभोक्ताओं को मीटर की कमी ना होने पाए। उन्होंने कहा कि इसके निरंतर प्रयास किए जाएं कि सभी उपभोक्ता समय पर अपना बिजली बिल जरूर जमा करें। उन्होंने बड़े बकायेदारों से संपर्क कर शीघ्र बकाया जमा कराने के लिए भी निर्देश दिए।

## जनता को आसानी से मिलें विद्युत कनेक्शन

● अप्रैल से अब तक 8 लाख नए विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किए गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को विद्युत कनेक्शन सुगमता से प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उप्र पावर कारपोरेशन एवं वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कनेक्शन देने में यदि कहीं पर भी मीटर आदि की कमी है तो उसे तत्काल दूर किया जाये। उन्होंने बताया है कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अप्रैल से अब तक लगभग 8 लाख नये विद्युत कनेक्शन दिये गये हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन कनेक्शन प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो, इसके लिये झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का हर स्तर पर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिये हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि झटपट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन विद्युत कनेक्शन देने के निर्णय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आसानी से घर बैठे विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें प्रत्येक स्तर पर अधिकारी को अपनी कार्यवाही पूर्ण करने के लिये समय सीमा तय है। इस समय सीमा का पालन भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस अवधि में लगभग 25 हजार ग्रामीणों को निजी नलकूपों के कनेक्शन स्वीकृत किये गये है।

# संपत्ति हस्तांतरण योजना से 449 करोड़ की आय

● तीन माह में 1.30 लाख दानपत्र हुए पंजीकृतः रवींद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** भवन में पत्रकारों से बात करते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जयसवाल ने कहा कि मात्र 5 हजार रुपयों के स्टांप शुल्क से रक्त संबंधियों को संपत्ति हस्तांतरण करने की योजना का प्रदेश की जनता ने भरपूर लाभ उठाया है। मात्र 3 महीनों में 130596 दानपत्र पंजीकृत हुए हैं। इससे विभाग को 449 करोड़ की आय प्राप्त हुई। श्री जायसवाल ने बताया कि परिवारों में अधिकांश विवाद अचल संपत्तियों में बंटवारे को लेकर होता था जिसके कारण न्यायालय में मुकदमों की संख्या भी बहुतायत में होती थी। इन सबके समाधान के लिए निबन्धन विभाग ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पारिवारिक सदस्यों के मध्य अचल संपत्तियों के हस्तानांतरण पर लगने वाले स्टाम्प ड्यूटी को 6.7 प्रतिशत से घटाते हुए मात्र 5000 रूपए अधिकतम करने का एक बड़ा निर्णय लिया। विभाग के इस निर्णय के बाद जहाँ परिवारों में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ वहीं 18 जून 27 सितम्बर की अवधि में 130596 दानपत्र पंजीकृत हुए तथा विभाग को 449 करोड़ की आय प्राप्त हुई। गत वर्ष 18 जून 2021 से 27 सितम्बर 2021 की अवधि में मात्र 20867 दानपत्र पंजीकृत हुए तथा इससे 230 करोड़ की आय विभाग को हुई थी। पिछले 3 माह में वसीयतों के पंजीकरण में भी काफी कमी आयी है। इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में दान विलेखों को पंजीकृत करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिससे राज्य सरकार के इस निर्णय की महत्ता और जनसामान्य हेतु इसकी उपयोगिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। स्टांप तथा पंजीयन मंत्री ने कहा कि मोदी-योगी ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समृद्ध समाज, सुविकसित संस्कृति एवं घर-घर सौहार्दपूर्ण वातावरण के संकल्पों को पूरा करने के लिए निबंधन विभाग ने अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन किया है। अचल संपत्तियों के हस्तानांतरण पर पूर्व में इतनी बढ़ी धनराशि लगने के कारण पारिवारिक सदस्यों के मध्य अचल संपत्तियों को हस्तानांतरित करने में परिवार के मुखिया संकोच कर वसीयतों का सहारा लेते थे वसीयत मृत्युपरांत प्रभावी होती थी और तब तक परिवार में तनाव एवं विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

# बारह साल का हुआ आपका आधार

## आज ही के दिन 2010 में जारी हुआ था देश का पहला आधार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी किया जाने वाला आपका आधार गुरूवार को 12 साल का हो गया। 29 सितम्बर 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा महाराष्ट्र के तेम्भी गाँव में रहने वाली रंजना सोनवणे को देश का पहला आधार प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2012 को 1 करोड़ निवासियों को आधार जारी करने के आकड़े पर पहुंचा वही मार्च 2015 को 10 करोड़, जून 2016 को 15 करोड़ और मई 2018 को 20 करोड़ के आकड़े पर पंहुचा, वर्तमान समय में प्रदेश के 22.40 करोड़ लोगों का आधार बन चुका है जिसमे 18 साल से अधिक आयु में शत प्रतिशत, वही 5-18 के 96 प्रतिशत बच्चों और 0-5 के 22 प्रतिशत बच्चों का आधार बन चुका है। प्रदेश भर में प्रतिदिन लगभग 14000 आधार नामांकन एवं अद्यतन मशीन की मदद से लगभग 40000 आधार नामांकन और 71000 आधार अपडेट किया जा रहा है। आधार प्रमाणीकरण के मदद से लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के कारण राज्य सरकार को अबतक लगभग 8400 करोड़ धनराशि की बचत हुई है जिसके कारण योजनाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

आधार की मदद से विगत तीन वर्षो में प्रदेश के लगभग 100 से अधिक बच्चों और दिब्यांग जनों को उनके परिवार से मिलाया जा चुका है। राज्य में 13 रजिस्ट्रार आधार नामांकन और अपडेट का कार्य संचालित कर रहे है जिसमे मुख्य रूप से बैंक, बेसिक शिक्षा विभाग, भारतीय डाक, भारत संचार निगम लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास विभाग, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग शामिल है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा अपने में संचालित राज्य का पहला आधार सेवा केंद्र आगरा में शुरू किया गया था। वर्तमान समय में राज्य में 12 आधार सेवा केंद्र लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, सहारनपुर, गोरखपुर, गोण्डा, गाज़ियाबाद, कानपुर, ग्रेटर नोएडा, मेरठ और प्रयागराज में सुचारू रूप से संचालित हो रहे है जिससे सम्बंधित जिले और आस पास के जिले के लोगों को आसानी से आधार की सेवाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आधार पर रेडियो जिंगल लिखने के लिए बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैसा की हम जानते है कि आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है ण् इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक हैए अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार में एक ख़ास फीचर है की आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखे। इस सन्दर्भ में निवासियों को सलाह दी जाती है की अगर आपका आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है तो अपना आधार अपडेट जरुर कराए। प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से 99 प्रतिशत लाभार्थियों को राशन का वितरण किया जा रहा है। राज्य के 24 विभाग द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# ऐरा पुल पर हुआ भीषण सड़क हादसा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बुधवार की** सुबह तहसील धौरहराए विकासखंड ईसानगर के ऐरा पुल पर बस व डीसीएम के मध्य हुए भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने ऐरा पुल पहुंचकर वस्तुस्थिति जानी। इस दौरान पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया।

डीएम-एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अफसर ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों से इमरजेंसी वार्ड में देखा। चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी लेकर समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डा. अरुणेंद्र त्रिपाठी, सीएमएस डा. एससी श्रीवास्तव मौजूद रहे।



### खीरी पहुंची कमिश्नर, अस्पताल में घायलों का लिया कुशलक्षेम

करीब 10:30 बजे आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब लखनऊ से सीधे जिला चिकित्सालय ओयल पहुंची। उन्होंने अफसरों से ना केवल पूरी दुर्घटना की जानकारी ली बल्कि और सभी घायलों से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने एडी हेल्थ लखनऊ मंडल डा. जीएस बाजपेईए सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी को सभी मुकम्मल चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिए। आयुक्त ने लखनऊ रेफर किए गए घायल मरीजों को सुगमता से बेहतर इलाज उपलब्ध हो। इसके लिए उन्होंने राजधानी लखनऊ के अधीनस्थ अफसरों को टेलीफोन से निर्देश दिए। कमिश्नर करीब तीन घंटे तक अस्पताल में मौजूद रही। इस दौरान सभी घायलों को मुकम्मल इलाज उपलब्ध कराने के लिए कमिश्नर ने अफसरों संग वार्डो में भ्रमणसील रही। इस दौरान चिकित्सालय में भर्ती एक बच्चे को देखकर आयुक्त अत्यंत भावुक हो उठीं यही नहीं एडमिट बच्चे का हाल देख उनके आँखों से आंसू छलक उठे।

बताते चलें की ऐरा सड़क हादसे में 06 लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई। दुर्घटना स्थल से 43 घायलों को इलाज के लिए भेजा, जिसमें 14 घायलों की गंभीर स्थिति होने पर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ जाते वक्त दो व्यक्तियों ने सीतापुर में व दो व्यक्तियों ने केजीएमयू में अपना दम तोड़ दिया। वही 29 घायलों का इलाज चिकित्सकों की निगरानी में जिला चिकित्सालय ओयल में चल रहा है। ऐरा सड़क दुर्घटना में कुल 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। वही 10 लोगों का इलाज लखनऊ में एवं 29 लोगों का इलाज जिला चिकित्सालय ओयल में डॉक्टरों की देखरेख एवं निगरानी में हो रहा है।

**मृतकों की सूची**

1. सगीर पुत्र सईद अहमद
2. सुरेन्द्र कुमार चौरसिया पुत्र बदलू
3. मुन्नू मिश्रा पुत्र मथुरा प्रसाद
4. अजीमुन पत्नी अकील अहमद
5. सरस्वती चंद्र वर्मा पुत्र श्री मंशादीन
6. कु० आर्या निगम पुत्री श्री मंशू निगम
7. कौशल किशोर पुत्र नवल किशोर
8. जितेंद्र रस्तोगी पुत्र श्री रामसरन
9. जुबेरिया पुत्री श्री फुकान
10. अज्ञात

# नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

- संदना पुलिस ने 05 टीमें बनाकर की सघन छापेमारी
- 06 अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी, 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

संवाददाता। सीतापुर

**नशे का** कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा ,शराब बनाने वाला, बेचने वाला ,व पीने वाला यह सभी भली-भांति जानते हैं कि यह कितनी घातक व जानलेवा है फिर भी महज चंद पैसों के लिए यह लोग मानव जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे, प्रशासन अवैध शराब के निर्माण को लेकर काफी सख्त हैं व समय-समय पर इसकी रोकथाम के लिए छापेमारी करता आया है ,आपको बता दें संदना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्सुशील कुमार यादवश् व प्रभारी निरीक्षक संदना श्ओम प्रकाश तिवारीश् के नेतृत्व में कुल 5 टीमें बनाकर सघन छापेमारी करते हुए संदना पुलिस ने 06 अभियुक्तों- लक्ष्मण पुत्र गेंदू उम्र 55 वर्ष ,सीताराम पुत्र बेदू उम्र 60 वर्ष ,भगत उर्फ श्रीराम पुत्र तोखन उम्र 58 वर्ष ,गया प्रसाद उर्फ गयारी पुत्र बचान उम्र 27 वर्ष, प्रमोद पुत्र जसकरन उम्र 45 वर्ष, संदीप पुत्र नंदू उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। अब प्रश्न यह उठता है कि समाज को शराब जैसी कुरीति से कब मुक्ति मिकेगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रजनीश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, दिलीप वर्मा ,श्रीकृष्ण ,कॉन्स्टेबल रामतीर्थ , नफीस अहमद ,जोनिस, रंजीत कुमार इत्यादि शामिल थे।

## जनपद स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में नेशलन इंटर कालेज सिधौली की टीम रही विजेता

**सीतापुर।** नेशनल इंटर कालेज सिधौली सीतापुर में जनपद स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जिले के 12 विद्यालयों के 200 बालकों और 50 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नेशलन इंटर कालेज सिधौली की टीम आल ओवर विजेता रही। आरबीएसबी इंटर कालेज कमलापुर को दूसरा स्थान मिला, इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सिधौली अजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डीआईओएस देवी सहांय तिवारी, कालेज के प्रधानाचार्य राजीव मिश्र, जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पांडेय, विवेक शुक्ला, अनूप सिंह, दीप कुमार, मनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### भाई बहन पर पड़ोसियों ने किया हमला

**बरेली ।** दरवाजे पर बनी सीढ़ियों पर चढ़ने को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने भाई बहनों पर हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी मनोज पुत्र जीवनलाल और उसकी बहन प्रेमवती पर उनके पड़ोस में रहने वाले शंकरलाल और उसके दो बेटों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया । जिला अस्पताल आए मनोज ने बताया कि वह सब्जी बेचकर गुजारा चलाता है और आज सुबह वह रास्ते से गुजर रहा था ।इसी दौरान उसने अपना पैर पड़ोसी शंकरलाल के मकान के दरवाजे पर बनी सीढ़ियों पर रख दिया जिससे शंकरलाल उससे नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर शंकरलाल ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहन प्रेमवती उसे बचाने पहुंची पहुंची तो शंकरलाल और उसके लड़कों ने दोनों के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंचे घर वालों ने उन्हें बचाया और घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद जिला अस्पताल लाए। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया।

### ट्रेन से गिरकर दो लोग घायल

**बरेली ।** चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए 2 लोगों को इलाज के लिए गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैंट थाना क्षेत्र में लाल फाटक से कुछ ही दूरी पर चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए सीतापुर के कस्बा व थाना परेवाजल निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामकुमार और सीबीगंज थाना क्षेत्र में परसाखेड़ा से गुजरने वाली रेलवे लाइन के पास ट्रेन से गिरकर घायल अवस्था में पड़े बहराइच के बदायूं गंज थाना क्षेत्र के गांव कटरा निवासी पप्पू पुत्र अमृतलाल को आज सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है सूचना मिलने पर दोनों स्थानों पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजकर उनके पास मिले मोबाइल फोन बात प्रपत्र के आधार पर घटना की जानकारी उनके घर वालों को दे दी गई समझा जाता है कि रात के समय दिल्ली से वापस लौट रहे दोनों युवक चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए ।

### महिला की ससुराल में संदिग्ध मौत हत्या का लगाया आरोप

**बरेली ।** विवाह के 3 साल बाद एक महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी शाहिद की 28 वर्षीय पत्नी अफसाना की बीती रात घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव शेखुपुर निवासी वाहिद नूर ने बताया कि उसने अपनी बेटी अफसाना का विवाह 3 वर्ष पूर्व शाहिद से किया था और बेटी को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन विवाह के बाद से ही दहेज कम मिलने बात पर शाहिद अफसाना को परेशान करता था और मारपीट करता था पिता ने आरोप लगाया कि कल शाम को शाहिद ने अफसाना की गला घोट कर हत्या कर दी और घरवालों को सूचना नहीं दी गांव में रहने वाले कुछ रिश्तेदारों में अफसाना के मायके वालों को सूचना दी तब वह मौके पर पहुंचे उन्हें अफसाना की लाश घर में चारपाई पर मिली उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### उप निरीक्षक दीपक पांडे को अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली में एक शोक सभाकर संदना थाने में तैनात रहे दिवंगत उप निरीक्षक दीपक पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बता दे दीपक पांडे पिछले कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थे और उनका चरक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान ही उनका देहांत 25 सितंबर को हो गया था। शोकसभा में कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अपराध वीरेंद्र पंकज, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज संजीव कुमार, उप निरीक्षक प्रदीप यादव, दीवान पारसनाथ यादव ने श्रद्धांजलि दी।

### मनाया गया हिन्दी पखवाड़ा

**सीतापुर।** भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय सीतापुर में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। समापन अवसर पर हिन्दी में कार्य करने पर बल दिया गया। पखवाड़ा के दौरान हिन्दी में काम करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक मृत्युजंय कुमार, रामगणेश, अवधेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री को दी खास अंदाज में शुभकामनाएं

- सीजी- पोस्टकार्ड पर प्रेषित की शुभकामनाएं
- कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने लिखे पोस्टकार्ड
- एक साथ भेजे गए 501 पोस्टकार्ड

संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय इंटर** कालेज सीतापुर के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजकर शुभकामनाएं प्रेषित की है। कालेज के कक्षा 11 व 12 के 501 विद्यार्थियों ने पोस्टकार्ड भेजकर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई न्यू एजुकेशन पालिसी के लिए आभार व्यक्त किया है। यह पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत प्रेषित किए गए है। कालेज के प्रधानाचार्य अनूप तिवारी ने विद्यार्थियों को पत्र लेखन से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश प्रेसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। भाजयुमो क्षेत्रीय मंत्री आशीष कश्यप ने सभी विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि शुभकामना पत्र किस तरह लिखा जाना चाहिए, इसके क्या सकारात्मक विचार होने चाहिए। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वालों में सत्येंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश तिवारी, खान शादाब जीमल, अनिल बाजपेई, मुरलीधर कनौजिया, इसरार, शिवकुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई गई छत्रपति महाराजा अग्रसेन की जयंती

- दूर दूर से आए कवियों ने सुनाई रचनाएं, कविताओं की बौछार से लोट पोट हुए श्रोता

संवाददाता। सीतापुर

**क्षत्रपति महाराजा** अंग्रेसन जयंती महोत्सव के अंतिम दिन दूर-दूर से आए कवियों ने काव्य पाठ कर समा बांधी। आयोजकों की तरफ से मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू का स्वागत किया गया। शहर के उत्सव गेस्ट हाउस में कवि सम्मेलन मुख्य अतिथि पूर्व महोली विधायक अनूप गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन में आशीष अनल, सर्वेश अस्थाना, गजेन्द्र प्रियांशु, हेमंत पांडेय, रंचना सिंह और सुनील सुमैया ने कविताएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इससे पूर्व तीन दिवसीय जयंती महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अग्रवाल सभा सीतापुर मनाई गई जयंती के पहले दिन 25 सितंबर को साइकिल रेस प्रतियोगिता हुई, इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त मजिस्टेªट सीतापुर पंकज प्रकाश राठौर ने किया। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। तत्पश्चात अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मेडिकल अग्रसेन अतिथि भवन में लगाया गया। कैंप में अपोलो अस्पताल लखनऊ से आए डाक्टरों की टीम ने मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं थी और परामर्श दिया। शिविर में अग्रवाल समाज के व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। 26 सितंबर को अग्रसेन भवन पर प्रात: 6.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद 16 वर्ष तक के समाज के बच्चों की बैडमिंटन प्रतियोगिता तरणताल में हुई। मेधावियों को सम्मानित किया गया। दोपहर 12 बजे अग्रसेन अतिथि भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और सांय 5 बजे महाराजा अग्रसेन की आरती उतारी गई। इसी दिन उत्सव गेस्ट हाउस में एक समारोह का आयोजन कर समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। सांय 6.30 बजे डांडिया नाइट में समाज की महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रात 9 बजे बाबा की रसोई में सभी ने प्रसाद छका। महोत्सव के तीसरे दिन 27 सितंबर को प्रात: 6.30 बजे आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर मैदान पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। दोपहर 11.30 बजे अग्रवाल महिला सभा की तरफ से उत्सव गेस्ट हाउस में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कुकिंग विद आउट फायर, मोबाइल बैक कवर को सजाना, शापिंक पेपर बैग को बनाकर सजाना आदि शामिल रहा। सांय 5 बजे महाराजा अग्रेसन की आरती के बाद 5.15 बजे फैंसी डेªस प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज के 5 वर्ष तक के 10 वर्ष तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सांय 6 बजे ईश्वर तेरे रूप अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 6 वर्ष तक के बच्चों ने विभिन्न रूपों में मंचन कर मन मोहा। समारोह में अग्रवाल सभा सीतापुर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आकाश अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक महावर, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शिवमोहन अग्रवाल, रवीन्द्र अग्रवाल, रमापति अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, प्रेमचन्द अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, युवा मंच के अक्षत अग्रवाल, शुभम चिरानिया, वैभव अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के तमाम लोग शामिल हुए।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली ।**तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने सड़क पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव पीलामई निवासी 25 वर्षीय शराफत पुत्र अंसार अली की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 26 सितंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि शराफत 26 सितंबर को अपने किसी काम से उसहैत गया था जहां पर सड़क पार करते समय तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो चुका था उसको पुलिस ने एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके पास मिले मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दी जो अस्पताल पहुंचे और हालत नाजुक देखकर शराफत को इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 3 बेटियों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नूरजहां है।

## आदर्श समाज का कर्णधार है शिक्षक:बृजेश त्रिपाठी

**निघासन-खीरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा स्थानीय ब्लॉक सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान अपनी जीवन यात्रा को शिक्षा की बुनियाद मजबूत करने में समर्पित कर देने वाले तीन शिक्षकों को गीता, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया

समारोह को संबोधित करते हुए नवागत खंड शिक्षा अधिकारी डॉ ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के शाश्वत मार्ग की इमारत बुलंद बनाने में शिक्षक की संवैधानिक और नैतिक भूमिका तो है ही लेकिन साथ में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है ए अभिभावकों के प्रयास अपने पाल्यों को सिर्फ विद्यालय भेजने तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्हें घर पर ही ऐसे संस्कारों से लैस कर देना चाहिए कि बालक राष्ट्रीय मूल्यों से ओतप्रोत होकर जिम्मेदारी को बखूबी समझते हुए विद्यालय की ओर स्वयं दौड़ा चला आए और मेहनत से पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करे, उन्होंने कहा कि वैसे भी परिवार को बालक की प्रथम पाठशाला माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें इस बात का हर्ष है कि शैक्षिक निपुणता हासिल करने में ब्लॉक निघासन जिले में दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है, बकौल बीईओ सरकार द्वारा शैक्षिक निपुणता हासिल करने करने संबंधी प्रदत्त समय से पहले ही हम लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। ऐसा हमारा विश्वास अपने शिक्षकों की मेहनत को देखकर और भी मजबूत हो गया है ।बीईओ ने डिजिटलाइजेशन से पहले की बेहतरीन शिक्षा का भी जिक्र किया साथ ही उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक पूरी जिम्मेदारी से अपना काम करें, कोई भी दिक्कत हो तो कहीं जाने की जरूरत नहीं है सिर्फ हमें बताएं आपकी समस्या का समाधान होगा । खंड विकास अधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि शिक्षक सरकारी नौकर नहीं बल्कि समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माता है ए चाहे जो जिस पद पर कार्यरत हो, उसको इस मुकाम तक पहुंचाने वाला शिक्षक ही है। संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा कि बेसिक का शिक्षक सबसे बड़ा योद्धा है वह हर चुनौती का सामना डटकर करता है और चुनौती से पीछे भागने के बजाय उसे अंगीकृत करके पारदर्शी परिणाम देता है। कार्यक्रम को स्थानीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित ए जिला मंत्री मनोज शुक्ल तथा शिक्षा मित्र संघ निघासन अध्यक्ष मनोज पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया। स्वागत समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रामसनेही ए नत्थू लाल तथा राजकुमारी शुक्ला को बीईओ ए बीडीओ तथा जिलाध्यक्ष आदि ने पवित्र गीता ए अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्ण मिश्रा ने किया । इस अवसर पर एआरपी मधुरेश शुक्ला, अरविंद मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, पवन मिश्रा, राममनोरथ गिरि, राजीव पांडेयए अपराजिता लहरी, विवेक चौधरी, रमेश राही, विमल मिश्र, रमन, शशांक , विपिन कुमार, राकेश मिश्रा, वकील अहमद, ललित विष्णुभान सिंहए अभिषेक श्रीवास्तव, महेश कुमार तथा पपेंद्र तेवतिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में निघासन से दुसरे ब्लॉक स्थानांतरित हो चुके खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह के सम्मान में विदाई समारोह भी आयोजित होना था लेकिन विभागीय व्यस्तता के चलते वह नहीं आ सके। अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# बैंक मित्र लूट कांड एवं हत्या का खुलासा दो गिरफ्तार

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**दस दिन** पूर्व एक बैंक मित्र की गोली मार कर हत्या और लूट के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़ थाना कछौना के अंतर्गत गढ़ी कमालपुर रोड पर हुई। बताया गया है कि पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों को जब रोका तो दोनों ने बाइक को छोड़कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने उनका पीछा किया। जवाब में इन दोनों लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों में से एक का नाम कल्लू पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम बतैया थाना सकरन जनपद सीतापुर जबकि दूसरे बदमाश का नाम संतोष तिवारी पुत्र रमेश तिवारी निवासी ग्राम हीरापुर थाना मचरेहटा जनपद सीतापुर पता चला। इस लुटेरों के पास से लूटे गए 52 हजार रुपए तथा बैंक मित्र का पर्स बरामद हुआ। दोनों बदमाश रेखी करने वाले को पैसा देने जा रहे थे। गौरतलब है कि ग्राम दुर्गाखेड़ा निवासी बैंक मित्र को 19 सितंबर की शाम गोली मारकर उससे 1 लाख 35 हजार रुपए लुटेरों ने छीन लिए थे। 22 सितंबर को घायल बैंक मित्र ओमप्रकाश की ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस घटना का खुलासा करने के लिए भी आईजी लक्ष्मी सिंह ने कड़े निर्देश स्थानीय पुलिस को दिए थे।

# पेज एक का शेष

## पीएफआई पर...

का फैसला बेहद अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, आरएसएस पर भी इसी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। केरल में बहुसंख्यक सांप्रदायिकता और अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता दोनों का समान रूप से विरोध किया जाना चाहिए। दोनों संगठनों ने सांप्रदायिक घृणा को भड़काया है और इस तरह समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की है। दूसरी ओर, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) ने प्रतिबंध की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए अघोषित आपातकाल का हिस्सा है। एसडीपीआई के प्रमुख एम. के. फैजी ने एक बयान में कहा कि केंद्र, छापेमारी और गिरफ्तारी के जरिए भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है। फैजी ने कहा, भाजपा सरकर भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों को भी नकार कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोगों के विरोध और संगठनों का दमन कर रही है। गृह मंत्रालय ने दावा किया कि पीएफआई, उसके सहयोगी या उससे संबद्ध मोर्चे देश में आतंक का माहौल पैदा करने के इरादे से हिंसक आतंकवादी कृत्यों में शामिल रहे हैं, जिससे राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होता है। अधिसूचना में आरोप लगाया गया कि पीएफआई आतंक-आधारित दमनकारी शासन को बढ़ावा देते हुए उसे लागू करने की कोशिश कर रहा है, देश के प्रति वैमनस्य उत्पन्न करने के लिए राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने और समाज के एक विशेष वर्ग को कट्टरपंथी बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है। इसमें कहा गया है कि संगठन ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो देश की अखंडता, सुरक्षा व संप्रभुता के लिए खतरा हैं। गृह मंत्रालय ने दावा किया कि जांच में पीएफआई और उसके सहयोगियों या मोर्चों के बीच संबंध के स्पष्ट सबूत मिले हैं। अधिसूचना में कहा गया कि रिहैब इंडिया फाउंडेशन पीएफआई सदस्यों के जरिए कोष एकत्रित करता है। पीएफआई के कुछ सदस्य कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ये पॉवर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन (केरल) के भी सदस्य हैं। इसके अलावा जूनियर फ्रंट, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन (एनसीएचआरओ) और नेशनल विमेंस फ्रंट की गतिविधियों पर पीएफआई के नेता नजर रखते हैं। अधिसूचना में कहा गया कि पीएफआई ने समाज के विभिन्न वर्गों जैसे युवाओं, छात्रों, महिलाओं, इमामों, वकीलों या समाज के कमजोर तबकों के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए अपने अलग-अलग मोर्चे बनाए, जिसका एकमात्र लक्ष्य अपना विस्तार करना, प्रभाव बढ़ाना और धन एकत्रित करना रहा।

## दिग्विजय और...

में कोई ड्रामा नहीं चल रहा है। एक दो दिन में सब कुछ साफ हो जाएगा। मीडिया को ये ड्रामा लग सकता है लेकिन कम से कम आप कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा तो कर रहे हैं। हम सबकुछ लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे हैं। यह दो दिनों में सुचारू तरीके से समाप्त हो जाएगा।

## एस जयशंकर...

मुख्यालय में यहां ब्लिंकन के साथ मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा, प्रतिभा के विकास और आवाजाही को सुगम बनाना भी हमारे पारस्परिक हित में है। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस पर आने वाली बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए। ब्लिंकन ने वीजा आवेदनों में हो रहे विलंब से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, हमारे साथ आप भी थोड़ा बर्दाश्त कीजिए। यह अगले कुछ महीनों में सुव्यवस्थित हो जाएगा, हम इस पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, वीजा के सवाल पर, मैं उसे लेकर बेहद संवेदनशील हूं। कुशल विदेशी कामगारों को दिए जाने वाले एच-1बी और अन्य कार्य वीजा प्राप्त करने वालों में भारतीयों का बड़ा हिस्सा है। इनमें से बहुत से प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित होते हैं। एच-1बी वीजा एक गैर प्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले विशेष कार्यों के लिए विदेशी कर्मियों को तैनात करने की अनुमति देता है। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने हालांकि खास तौर पर एच-1 बी वीजा का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा, आवाजाही, विशेष रूप से वीजा, शिक्षा, व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और परिवार के पुनर्मिलन के लिए अपनी केंद्रीयता को देखते हुए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जयशंकर ने कहा, कुछ चुनौतियां हैं जिनका उल्लेख मैंने विदेश मंत्री ब्लिंकन और उनकी टीम के समक्ष किया है और मुझे पूरा विश्वास है कि इनमें से कुछ समस्याओं पर वे गंभीरता और सकारात्मकता से विचार करेंगे। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका काफी संख्या में लंबित पड़े मामलों को निस्तारित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कोविड महामारी के कारण बड़े संख्या में वीजा आवेदनों के लंबित होने का उल्लेख किया और कहा कि उनके पास इस समस्या से निपटने के लिए योजना है। उन्होंने कहा, हम बढ़े हुए संसाधनों के साथ दृढ़ निश्चय से वापसी कर रहे हैं। जब भारत की बात आती है तो काफी संख्या में इकट्ठे हो चुके वीजा के निस्तारण के लिए हमारे पास योजना है।

## गरीबों को...

लिए खाद्य सुरक्षा को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। इसमें कहा गया है, महामारी के दौरान लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इसको देखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) तीन महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है ताकि गरीब और समाज के वंचित तबके को त्योहारों के दौरान मदद मिले और कोई समस्या नहीं हो। योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को हर महीने पांच किलो अनाज प्रति व्यक्ति दिया जाता है। ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पीएमजीकेएवाई के अप्रैल, 2020 में शुरू होने के बाद अबतक इसपर 3.45 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि योजना को तीन महीने के लिए बढ़ाए जाने से अतिरिक्त 44,762 करोड़ रुपए खर्च होने से इस पर कुल व्यय लगभग 3.91 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। ठाकुर ने कहा कि एक अक्टूबर से तीन महीने के दौरान गरीबों को 122 लाख टन खाद्यान्न मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित गरीबों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अप्रैल, 2020 में लाई गई थी।

## केंद्रीय कर्मियों...

कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों के लिए चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं राहत की किस्त जारी की जाएगी। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में प्रतिशत वृद्धि के आधार पर एक जुलाई 2022 से देय केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी। इसमें कहा गया है कि इससे सरकारी खजाने पर 12,852 करोड़ रूपए का वार्षिक बोझ पड़ेगा। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इस वृद्धि के कारण प्रति वर्ष 6,591.36 करोड़ रुपए और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में इस वृद्धि के कारण प्रति वर्ष 6,261.20 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ने का अनुमान है। इस निर्णय को लागू करने में जुलाई 2022 से फरवरी 2023 तक आठ महीने की अवधि में 8,588 करोड़ रूपए सरकारी खजाने से खर्च होंगे। इसके तहत इन आठ महीनों में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इस वृद्धि के कारण 4,394.24 करोड़ रुपए और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में इस वृद्धि के कारण 4,174.12 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ने का अनुमान है।

## नई दिल्ली...

होंगे, दैनिक यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा तथा निवेश एवं अतिरिक्त कारोबारी अवसर के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## बांधवगढ़ टाइगर...

की प्रतिमा एरण में मिली थी जिसकी उंचाई 4.26 मीटर है। प्रथम चरण में मिली गुफाओं से उत्साहित पुरातत्व विभाग अब अगले चरण के खोज की तैयारी में जुट गए हैं। एएसआई को सर्वेक्षण में 26 प्राचीन मंदिर, 26 गुफाएं, 2 मठ, 2 स्तूप, 24 अभिलेख, 46 प्रतिमाएं, 20 बिखरे हुए अवशेष एवं 19 जल संरचनाएं मिली हैं। इसके साथ साथ बांधगढ़ में कुछ मुगलकालीन एवं शर्की शासकों के सिक्के भी प्राप्त हुए हैं। एएसआई इन पुरा अवशेषों का गहनता से अध्ययन करने में जुटा है, इन गुफाओं में बिस्तर भी पाया गया है। शिवाकांत वाजपेई ने कहा, कई गुफाएं इतनी बड़ी हैं कि इनमें 30 से 40 लोग एक साथ रह सकते हैं। 26 मंदिर और उनके अवशेष भी खोजे गए हैं। उन्होंने बताया, बाधवगढ़ में काम करना आसान नहीं होता है, ये पूरा टाइगर रिजर्व है लिहाजा फॉरेस्ट विभाग की अनुमति के बाद ही यहां खोजी अभियान चलाया जा सकता है।

# कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था पीएफआई : शिंदे

भाषा। मुंबई


**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिंसा के कई मामलों में कथित तौर पर शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रकाश में आया है कि संगठन राज्य में कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था। शिंदे ने नासिक में संवाददाताओं को बताया कि संगठन के सदस्यों ने पुणे में भी शांतिभंग करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्वाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने पीएफआई और उसके कुछ सहयोगी संगठनों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। पुणे में पीएफआई के एक प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए जाने का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे लोगों को देश में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय उनका ध्यान रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, पीएफआई और उसके सहयोगी संगठन गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए। संगठन हाल में आतंकी वित्त पोषण, हत्याओं, संविधान का अपमान करने, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता को भंग करने में सक्रिय हुआ। यह भी सामने आया है कि संगठन महाराष्ट्र में भी कुछ गंभीर साजिश रच रहा था। उन्होंने कहा, असमाजिक तत्वों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने और समाज को विभाजित करने की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।



नासिक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वामी नारायन मन्दिर के स्थापना दिवस समारोह में साधु-संतों से आशीर्वाद लेते हुए

शिंदे ने कहा कि यह देशभक्तों का राष्ट्र है और देश के खिलाफ बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज कहा कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि केंद्र द्वारा पांच साल के लिए प्रतिबंधित पीएफआई समाज में हिंसा के बीज बो रहा था। फडणवीस के पास गृह मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संगठन का उद्देश्य अफवाह फैलाना और हिंसा भड़काना था। फडणवीस ने कहा, सरकार और जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं कि पीएफआई हिंसा के बीज बो रहा था। अफवाह फैलाना, धन जुटाना और हिंसा भड़काना उनका लक्ष्य था। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के एक राज्य में एक मस्जिद को गिराए जाने का एक फर्जी वीडियो हिंसा भड़काने के इरादे से प्रसारित किया गया था। अमरावती में ऐसी घटना हम पहले भी देख चुके हैं। बाद में पता चला कि वीडियो बांग्लादेश का है। फडणवीस ने कहा कि केरल पहला राज्य है जिसने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसी तरह की मांग बाद में देश के अन्य राज्यों द्वारा भी की गई।



डिब्रूगढ़ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आर्मी कैम्प में जवानों से बात करते हुए।

## पीएफआई की बर्बरता का शिकार हुए प्रोफेसर ने कहा, कभी-कभी मौन रहना बेहतर

**कोच्चि।** करीब 12 साल पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकर्ताओं की बर्बरता का शिकार हुए प्रोफेसर टी.जे. जोसेफ ने बुधवार को कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। जोसेफ ने कहा कि हमेशा बोलने के बजाय कभी-कभी मौन रहना बेहतर होता है। गौरतलब है कि कथित ईशनिंदा के लिए करीब 12 साल पहले पीएफआई कार्यकर्ताओं ने जोसेफ का हाथ काट डाला था। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने से जुड़े संवाददाताओं के सवालों पर प्रोफेसर ने कहा कि वह देश के एक नागरिक के रूप में केंद्र सरकार के कदम के बारे में स्पष्ट राय रखते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता क्योंकि वह इस मामले में पीडति हैं। जोसेफ ने कहा कि पीएफआई पर प्रतिबंध एक राजनीतिक निर्णय और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित है और इस घटनाक्रम पर राजनेताओं, संगठनात्मक प्रतिनिधियों और ऐसे अन्य तटस्थ लोगों को प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार, हत्या मामले में मौत की सजा पाए दोषी को बरी किया

● निचली अदालतों पर उठाया सवाल

भाषा। नई दिल्ली

**उचचतम** न्यायालय ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में मौत की सजा पाए दोषी को बुधवार को बरी कर दिया और कहा कि अपराध की पीड़िता के साथ हुए अन्याय की भरपाई के लिए अदालत किसी को अन्याय का शिकार नहीं बना सकती। न्यायालय ने त्रुटिपूर्ण जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की खिंचाई भी की और कहा कि मामले में सही तरीके से जांच नहीं कर, अभियोजन पक्ष ने पीडति के परिवार के साथ अन्याय किया है। न्यायालय ने कहा कि जब अपराध जघन्य हो, तो अदालत को भौतिक साक्ष्यों को अधिकतम जांच के तहत रखना आवश्यक है लेकिन सत्र अदालत और उच्च न्यायालय के त्रुटिपूर्ण रुख के कारण गरीब आदमी को फांसी पर चढ़ाया जा रहा था। न्यायमूर्ति एस. अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि वह इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती कि यह छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या का जघन्य मामला है।

पीठ ने कहा, ठीक से जांच नहीं कर, अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के परिवार के साथ अन्याय किया है। बिना किसी सबूत के अपीलकर्ता को दोषी ठहराकर... अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के साथ अन्याय किया है। किसी अपराध की पीड़िता के साथ हुए अन्याय की भरपाई के लिए अदालत किसी को अन्याय का शिकार नहीं बना सकती। सर्वोच्च अदालत ने छोटकू नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील पर यह फैसला सुनाया। अपीलकर्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 376 (बलात्कार) के तहत दोषी ठहराया गया था और सत्र अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक संदर्भ पर इस फैसले की पुष्टि की थी।

पीठ ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जहां अभियुक्त इतना गरीब है कि वह सत्र न्यायालय में भी कोई वकील नहीं रख सकता और निचली अदालत से उसके बार-बार अनुरोध करने के बाद, एक वकील की सेवा न्याय मित्र के रूप में मुहैया कराई गई थी। यह मामला उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले का है जिसमें आठ मार्च 2012 को एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।

## आरोपियों को चुनाव लड़ने से रोकने के मामला: कोर्ट ने केंद्र, निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अपराधों के आरोपित व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने की मांग करने वाली एक याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को विधि और न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में मांग की गई है कि जिन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामलों में आरोप तय किए गए हैं, उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जाए। इसके अलावा केंद्र और भारत निर्वाचन आयोग को ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## राजनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया

**ईटानगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को असम के तिनसुकिया जिले के दिनजान में देश की सबसे पूर्वी सैन्य संरचना का दौरा किया और इसकी परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। यह जानकारी एक रक्षा विज्ञप्ति में दी गई। सिंह अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। तीसरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल आर सी तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रक्षा मंत्री को वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, क्षमता विकास और परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। सिंह का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब चीन सीमा पर अपने बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश में भारत की संप्रभुता को स्वीकार करने से इनकार करता है और इसे दक्षिण तिब्बत कहता है।

इस दौरे के दौरान रक्षा मंत्री सिंह को सीमा पर तैनात सैनिकों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रक्षा मंत्री ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेना के स्पीयर कोर के सभी रैंकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की। सिंह बृहस्पतिवार को अग्रिम चौकियों का दौरा करेंगे और परिचालन तैयारियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी लेंगे और वहां के सैनिकों से बातचीत करेंगे। वह अथु पोपू के दूसरे धार्मिक अभियान के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। यह अभियान स्थानीय इडु मिश्मी जनजाति की एक वार्षिक यात्रा है, जिसके लिए सेना 2021 से सुविधा प्रदान कर रही है।

## एसडीपीआई को वर्ष 2018-19 से 11 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा माने जाने वाले सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया को 2018-19 से 11 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला है। निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिल्ली में एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में एसडीपीआई का गठन जून 2009 में किया गया था और अप्रैल 2010 में निर्वाचन आयोग के पास इसे पंजीकृत कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, वित्तीय 2018-19 में पार्टी ने चंदे के रूप में 5.17 करोड़ रुपए और वित्त 2019-20 में 3.74 करोड़ रुपए प्राप्त किए। पार्टी को वित्त 2020-21 के दौरान 2.86 करोड़ रुपए चंदा मिला। एसडीपीआई को मिले चंदे का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि इसका अधिकतर हिस्सा पार्टी को तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक से प्राप्त हुआ है। पीएफआई और उससे सम्बद्ध संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध को लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया। पार्टी अध्यक्ष एम. के. फैजी ने कहा कि जो कोई भी भाजपा सरकार की गलत और जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध बोलता है तो उसे गिरफ्तारी और छापेमारी के खतरे का सामना करना पड़ता है।



जम्मू में नेशनल हाईवे बन्द होने से सड़क पर लगी ट्रकों की लम्बी कतार

## पीएफआई से पहले आरएसएस पर प्रतिबंध लगना चाहिए था: लालू प्रसाद यादव

● भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री पर वोट बैंक और छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने का आरोप लगाया

**पटना/नई दिल्ली।** राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आरएसएस को एक हिंदू चरमपंथी संगठन बताते हुए बुधवार को कहा कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस्लामिक चरमपंथी संगठन पीएफआई पर प्रतिबंध के बारे में पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। लालू की टिप्पणी पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पर वोट बैंक और छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने का आरोप लगाया है। दिल्ली में अपनी पार्टी के शीर्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद 70 वर्षीय राजद प्रमुख ने कहा, वे पीएफआई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह आरएसएस है जो कि कट्टरपंथी है जिसपर पहले प्रतिबंध लगना चाहिए। लालू को राजद का अध्यक्ष चुना गया क्योंकि बुधवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद वह मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे। भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने एक बयान जारी कर कहा कि लालू पीएफआई का समर्थन करके अपने मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कारण से लालू आरएसएस और उसके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आदर्श के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने यह भी दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। गौरतलब है कि लालू ने 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को रोक दिया था और भाजपा के दिग्गज नेता को गिरफ्तार कर लिया था। यादव से यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें उम्मीद है कि उनके बेटे तेजस्वी यादव एक दिन राज्य पर शासन करेंगे, राजद नेता ने जोर देकर कहा, बिल्कुल।

यह पूछे जाने पर कि क्या ऐसी स्थिति में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश की कमान संभालेंगे, राजद प्रमुख ने कहा, सब लोग मिल कर संभालेंगे। संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी के कट्टर समर्थक रहे लालू प्रसाद ने कुमार के साथ पिछले रविवार को गांधी से मुलाकात की थी। संप्रग सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद ने कहा, सोनिया गांधी के साथ हमारी बातचीत सार्थक रही है। आगे और भी बैठकें होंगी। भाजपा के कई नेताओं के यह सवाल उठाए जाने पर कि सोनिया गांधी के साथ बैठक की तस्वीरें क्यों जारी नहीं की गईं और क्या नीतीश और वह उनसे मिले बिना लंबे इंतजार के बाद लौट आए, राजद सुप्रीमो ने कहा कि वे सोनिया गांधी से मिलने गए थे और यह कोई फोटो सेशन नहीं था।

## हिमाचल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष महाजन भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता व कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष महाजन ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस साल के अंत में हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महाजन के भाजपा में शामिल होने को बड़ा झटका माना जा रहा है। महाजन को इस साल मई में प्रदेश कांग्रेस समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

इस अवसर पर गोयल ने महाजन का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि हिमाचल प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। पहाड़ी राज्यों को लेकर पहले यह धारणा थी कि जो पार्टी सत्ता में है वह दोबारा सरकार नहीं बनाती है लेकिन हाल में उत्तराखंड में भाजपा ने इस मिथक को तोड़ा है। महाजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कांग्रेस नेतृत्व को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जब तक वीरभद्र सिंह थे तब तक वहां कांग्रेस थी लेकिन हिमाचल प्रदेश में आज कांग्रेस दिशाहीन और नेतृत्वविहीन हो गई है।

कांग्रेस में ना लीडर (नेता) हैं, ना ही विजन (दृष्टिकोण) है। बस, मां-बेटे का राज है। महाजन का इशारा वीरभद्र सिंह की पत्नी और पुत्र की ओर था। वीरभद्र सिंह का पिछले साल निधन हो गया था। उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह मंडी से सांसद हैं और वह प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रही हैं। उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह विधायक हैं। महाजन लंबे समय तक वीरभद्र सिंह के सहयोगी रहे। वह हिमाचल प्रदेश के पशुपालन मंत्री भी रह चुके हैं। महाजन के पिता देश राज महाजन विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हर्ष महाजन तीन बार लगातार चंबा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक बने।

## बंगाल सरकार की दुआरे राशन योजना कानूनी रूप से वैध नहीं : उच्च न्यायालय

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की दुआरे राशन योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. (एनएफएसए)-2013 का उल्लंघन करार देते हुए कहा कि यह योजना कानून की नजरों में मान्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने यह फैसला उचित मूल्य के दुकानदारों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया, जिन्होंने उसकी एकल पीठ के निर्णय को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना में कुछ भी गैर-कानूनी नहीं है।

न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध रॉय की खंड पीठ ने दुआरे राशन योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 का उल्लंघन करार देते हुए कहा कि यह कानून की नजरों में मान्य नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की, राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रभावी प्रावधान के अभाव में उचित मूल्य के दुकानदारों को लाभार्थियों के घर पर राशन पहुंचाने के लिए बाध्य कर अपनी सीमा का उल्लंघन किया है।

अगर लाभार्थियों के घर पर राशन पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में संशोधन किया जाता है या राज्य सरकार को ऐसे अधिकार दिए जाते हैं, तभी राज्य की ओर से ऐसी योजना बनाई जा सकती है और उसे एनएफएसए के अनुरूप माना जा सकता है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने नवंबर 2021 में दुआरे राशन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभार्थियों को उनके घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। न्यायमूर्ति कृष्ण राव की एकल पीठ ने 16 जून को दिए फैसले में कहा था कि लाभार्थियों को उनके घर तक राशन पहुंचाने से जुड़ी राज्य सरकार की योजना के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि योजना एनएफएस अधिनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन करती है।

## अदालत ने लालू प्रसाद को उपचार के लिए सिंगापुर जाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की इलाज के लिए सिंगापुर जाने की अर्जी को मंजूर कर लिया। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) गीतांजलि गोयल ने प्रसाद को 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक विदेश यात्रा की अनुमति दी। रांची की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 16 सितंबर को प्रसाद को उनका पासपोर्ट लौटाए जाने की याचिका स्वीकार की थी। प्रसाद सीबीआई द्वारा दायर आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मामले में इस समय जमानत पर हैं। एक अदालत ने उन्हें जनवरी 2019 में मामले में जमानत दी थी। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद ने पटना में बेनामी कंपनी के माध्यम से जमीन के तौर पर रिश्वत लेकर रेलवे के दो होटलों के रख-रखाव का काम एक कंपनी को सौंपा था।

## विद्यालयों में सरस्वती की मूर्ति पर नेता छगन भुजबल ने उठाए सवाल

भाषा। मुंबई/नासिक

**राकांपा** के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र के विद्यालयों में देवी सरस्वती की मूर्ति की उपस्थिति पर सरकार से सवाल किए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, चूंकि सरस्वती ज्ञान की देवी हैं तो मूर्तियां नहीं हटाई जाएंगी। इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान भुजबल ने कहा था कि विद्यालयों में सावित्री फुले, ज्योतिबा फुले, शाहू महाराज, भाऊराव पाटिल और भीमराव आंबेडकर की मूर्तियां लगाई जानी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा, इन समाज सुधारकों के बजाय, देवी सरस्वती और शारदा की मूर्तियां विद्यालयों में लगाई जाती हैं। हमने उन्हें नहीं देखा है और उन्होंने हमें कुछ भी नहीं सिखाया है। हम उनके सामने प्रार्थना क्यों करें? शिंदे और फडणवीस ने इस मामले में कड़ा रूख अख्तियार करते हुए कहा कि सरस्वती की मूर्तियां विद्यालयों से नहीं हटेंगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल के गृह क्षेत्र नासिक में संवाददाताओं से कहा, कोई भी मूर्ति नहीं हटाई जाएगी। कुछ लोग (भुजबल) जो चाहे महसूस कर सकते हैं। हम उनकी मर्जी के मुताबिक काम नहीं करेंगे। हम वही करेंगे जो आम लोग चाहते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधारकों की मूर्तियां भी विद्यालयों में लगाई जाएंगी, लेकिन सरस्वती की मूर्तियां नहीं हटाई जाएंगी। उन्होंने कहा, सरस्वती ज्ञान की देवी है। जो लोग हमारी संस्कृति और हिंदूत्व को नहीं मानते वह इस तरह की टिप्पणियां करते हैं। इस बीच नासिक में भुजबल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## विशेषज्ञों के अनुसार, अजीत जोगी की पार्टी के सामने अस्तित्व का संकट, बेटे ने किया इंकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 2018 में अच्छा प्रदर्शन करने वाली, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अपने अंदर मची कलह और असंतोष को खत्म नहीं कर पा रही है और राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि पार्टी अब अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। करीब तीन साल पहले 90 सदस्ईय छत्तीसगढ़ विधानसभा में पांच सीटें जीत कर जेसीसी(जे) ने राज्य की राजनीति में अपने तीसरी ताकत के रूप में उभरने के संकेत दिए थे। छत्तीसगढ़ की राजनीति में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का ही वर्चस्व रहा है।

राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जेसीसी(जे) के राज्य अध्यक्ष और अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी का दावा है कि पार्टी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो कर उभरेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ पार्टी आवाज उठा रही है और उसके लिए बेहतर संभावनाएं हैं। पूर्व विधायक अमित जोगी ने कहा हमारी पार्टी आगे बढ़ रही है और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत हो कर उभरेगी। हम बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बना रहे हैं। आने वाले समय में हमारी ताकत नजर आएगी।

मध्यप्रदेश से 2000 में अलग हो कर छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया था और तब कांग्रेस के दिग्गज नेता अजीत जोगी ने पहली राज्य सरकार की 2003 तक अगुवाई की थी। 2016 में अजीत जोगी कांग्रेस से अलग हो गए और जेसीसी(जे) का गठन किया। जोगी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन किया लेकिन वह 7.6 प्रतिशत वोट ले कर पांच सीटें ही हासिल कर पाए। भाजपा को 15 सीटें मिलीं और 68 सीटें जीत कर राज्य में कांग्रेस ने सरकार बनाई। वर्ष 2020 में अजीत जोगी के निधन के बाद पार्टी में अंदरूनी लड़ाई शुरू हो गई। अब विधानसभा में पार्टी के तीन विधायक रेणु जोगी, धर्मजीत सिंह और प्रमोद शर्मा ही थे। लेकिन पिछले दिनों पार्टी ने भाजपा से सांठगांठ के आरोप में धर्मजीत सिंह को निष्कासित कर दिया।

जोगी की पार्टी के इस हश्र को लेकर राजनीतिक मामलों के जानकर आर कृष्णा दास कहते हैं, माना जा रहा है कि धर्मजीत सिंह और अन्य विधायक प्रमोद शर्मा जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अजीत जोगी के निधन के बाद उनकी पार्टी बिखर गई है। उनकी पत्नी रेणु जोगी और पुत्र अमित जोगी पार्टी को एकजुट नहीं रख सके। वहीं, राजनीतिक टिप्पणीकार सुशील त्रिवेदी कहते हैं, जोगी की पार्टी की हालत खराब हो चुकी है अब अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले इसे पुनर्गठित करना मुश्किल होगा।

# जयशंकर ने सुलिवन से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

भाषा। वाशिंगटन



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रोत्साहित करने संबंधी दृष्टिकोणों समेत विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचार साझा किए। जयशंकर चार दिन की आधिकारिक वाशिंगटन यात्रा पर हैं। उन्होंने सुलिवन के साथ मंगलवार को यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। सुलिवन ने मंगलवार को ट्वीट किया, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से आज मुलाकात की और भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास पर चर्चा की। इसके अलावा यूक्रेन में रूस के हमले के प्रभाव को कम करने और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उनके कार्यालय ने बताया कि सुलिवन और जयशंकर ने मुलाकात के दौरान अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के प्रभावों एवं इसके कारण दुनियाभर में खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले असर समेत वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उसने बताया कि दोनों नेताओं ने ऋण स्थिरता को प्रोत्साहित करने और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने के दृष्टिकोणों पर चर्चा की। अमेरिका, भारत और विश्व की कई अन्य शक्तियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दे रही हैं।चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने सुलिवन के साथ यूक्रेन संघर्ष एवं उसके असर, हिंद-प्रशांत की स्थिति, दक्षिण एशिया और खाड़ी के मुद्दे पर चर्चा की। मंत्री ने ट्वीट किया, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात करके अच्छा लगा। यूक्रेन संघर्ष एवं उसके असर, हिंद-प्रशांत की स्थिति, दक्षिण एशिया और खाड़ी पर चर्चा की। मौजूदा वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को दूर करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत ने यूक्रेन पर रूस के हमले की अभी तक निंदा नहीं की है और उसका कहना है कि इस संकट को कूटनीति एवं वार्ता से सुलझाया जाना चाहिए। इससे पहले, जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन टकाचेंको से मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमने प्रशांत द्वीपों में हमारे बीच जारी सहयोग पर चर्चा की। इसे भविष्य में आगे ले जाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को और अधिक समावेशी बनाया जाना चाहिए : ब्लिंकन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को और अधिक समावेशी बनाने की जरूरत तथा वैश्विक संस्था में स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत लगातार संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद में लंबित सुधारों पर कार्वाई तेज करने को लेकर जोर देता रहा है। उसने स्थाई सदस्यता पाने को लेकर भी अपनी दावेदारी पेश की है। ब्लिंकन ने अमेरिका की यात्रा पर आए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उनसे निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को न केवल उसके चार्टर का पालन करना चाहिए, बल्कि सुरक्षा परिषद को और अधिक समावेशी बनाने सहित संस्थान का आधुनिकीकरण भी करना चाहिए।

उन्होंने कहा, इसलिए, महासभा में अपने संबोधन में राष्ट्रपति (जो) बाइडन ने भी सुरक्षा परिषद के स्थाई व गैर-स्थाई दोनों प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने के कदम का समर्थन किया था, जिसकी भारत लंबे समय से मांग कर रहा है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा, इसमें उन देशों को स्थाई सदस्यता देना शामिल हैं जिनका हमने लंबे समय से समर्थन किया है। हम अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरिबियाई देशों को स्थाई सदस्य बनाए जाने का भी समर्थन करते हैं। वर्तमान में यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्य और 10 गैर-स्थाई सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ए देश किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं। समकालीन वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के बाद वाशिंगटन पहुंचे जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार विशेष रूप से एक वाजिब मुद्दा है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर अमेरिका के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं, जो खुद राष्ट्रपति बाइडन के विचारों में परिलक्षित होता है। हम इसे और आगे ले जाने के वास्ते अमेरिका के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। जयशंकर ने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद से निपटने को लेकर अमेरिका से मिले सहयोग की भी सराहना करता हूं। मैं विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध प्रक्रिया द्वारा कुख्यात और वांछित आतंकवादियों को प्रतिबंधित करने का उल्लेख करना चाहता हूं। दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए कई अन्य क्षेत्रों में भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं।

## कोरिया और जापान के बीच तनाव के बावजूद अमेरिका ने एशिया में एकजुट गठबंधन का आह्वान किया

एपी। योकोसुका (जापान)

**अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को यहां एक नौसैनिक अड्डे पर एक अमेरिकी विध्वंसक पोत के डेक पर खड़े होकर चीन को सीधे चुनौती दी और उस पर ताइवान के आसपास परेशान करने वाला और उकसावे वाला व्यवहार करने का आरोप लगाया। हैरिस ने कहा कि अमेरिका विवादित द्वीप के साथ अपने अनौपचारिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, जिसे चीन अपने हिस्से के तौर पर देखता है। ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव की वजह से दुनिया के पहले से ही अस्थिर इस हिस्से में संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। हालांकि अमेरिका की योजनाओं का मूल या जरूरी होने पर चीन का सामना करना, उन गठबंधनों पर निर्भर करता है जिसमें अभी तनाव है। हैरिस ने दक्षिण कोरिया और जापान को अमेरिकी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण आधार करार दिया लेकिन इन दोनों के संबंधों में अभी भी तनाव है जो द्वितीय विश्व युद्ध के समय से है। इस दोनों देशों के संबंधों को सामान्य करने के लिए हालांकि काफी प्रयास किए गए हैं लेकिन इसका कोई लाभ अभी तक नहीं हुआ है।

जापान और दक्षिण कोरिया ने अपने संबंधों को सुधारने के लिए कदम उठाए हैं, लेकिन प्रगति अनिश्चित बनी हुई है। दोनों देशों के नेताओं को स्वदेश में राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनके लिए विदेशों में समझौता करना कठिन बनाता है। दक्षिण कोरिया का मानना है कि वह जापान से अतिरिक्त मुआवजे और अपराध की अधिक पूर्ण स्वीकृति का हकदार है। जापानी नेताओं ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इस तरह के मुद्दों को पहले ही सुलझा लिया गया है। अमेरिका दोनों पक्षों को समझौता करने के लिए प्रेरित कर रहा है क्योंकि वह चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए अपने गठबंधनों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा है। हैरिस इस क्षेत्र की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में शामिल हुई थीं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह क्षेत्र में अमेरिकी विदेश नीति को त्रिपक्षीय संबंधों के संदर्भ में देखती हैं जिसमें अमेरिका, जापान और कोरिया दक्षिण, सभी एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं।

प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर निजी बातचीत के बारे में बताया कि हैरिस ने दक्षिण कोरियाई और जापानी नेताओं के साथ अपनी बैठकों के दौरान उनके अपनी बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## प्रदर्शनकारियों पर अनुचित बल प्रयोग से बचे ईरानः संयुक्त राष्ट्र

**दुबई।** ईरान में पुलिस हिरासत में एक युवती की मौत के बाद फैली अशांति के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को इस देश के अधिकारियों से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अनावश्यक और अनुचित बल प्रयोग से बचने को कहा है। गुतारेस ने एक प्रवक्ता के माध्यम से कहा कि अधिकारियों को 22 साल की महसा अमीनी की मौत के मामले में तेजी से निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। इस घटना के बाद ईरान के सभी प्रांतों और देश की राजधानी में अशांति फैल गई है और प्रदर्शन हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा, हम प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत लोगों के हताहत होने के मामले बढ़ने की खबरों को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। उन्होंने कहा, हमारा जोर महसा अमीनी की मौत के मामले में किसी स्वतंत्र सक्षम प्राधिकार से त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी जांच कराने पर है।




ईरान में पुलिस हिरासत में हुई महसा अमीनि नामक युवती के मौत के विरोध में स्पेन में ईरान के दूतावास के बाहर प्रदर्शन करती महिलाएं

## टाइम की 100 नेक्स्ट सूची में आकाश अंबानी शामिल

**न्यूयॉर्क।** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी को टाइम पत्रिका ने टाइम100 नेक्स्ट की सूची में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। हालांकि, सूची में सोशल मीडिया मंच ओनलीफैन्स की भारतीय मूल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आम्रपाली गन को भी स्थान दिया गया है। उल्लेखनीय है कि टाइम100 नेक्स्ट सूची विश्व के सबसे शक्तिशाली लोगों को दर्शाने वाली टाइम100 की सूची से प्रेरित है। टाइम100 नेक्स्ट में उद्योगों और दुनिया भर के ऐसे 100 उभरते सितारों को स्थान दिया जाता है, जो दुनिया को बेहतर करने और भविष्य को परिभाषित करने के असाधारण प्रयास करते है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक चेयरपर्सन नीता अंबानी के पुत्र आकाश को लीडर श्रेणी के तहत सूची में शामिल किया गया है। तीस वर्षीय आकाश को इस साल जून में भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी जियो के चेयरमैन के रूप में पदोन्नत किया गया था। कंपनी के 42.6 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। इसके अलावा अमेरिका की गायिका एसजेडए, अभिनेत्री सिडनी स्वीनी, बास्केटबॉल खिलाड़ी जा मोरेंट, स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज, अभिनेता और टेलीविजन हस्ती केके पामर और पर्यावरण कार्यकर्ता फरविजा फरहान भी इस सूची में शामिल हैं।

## पोटाश आयात के लिए तीन उर्वरक कंपनियों का कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ करार

भाषा। नई दिल्ली

**कोरोमंडल** इंटरनेशनल, चंबल फर्टिलाइजर्स और इंडियन पोटाश लिमिटेड ने कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ समझौता किया है। यह समझौता तीन साल के लिए सालाना 15 लाख टन पोटाश के आयात को लेकर किया गया है। कनाडा की कैनपोटेक्स वैश्विक स्तर पर पोटाश के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है और सालाना लगभग 130 लाख टन उत्पाद का निर्यात करती है। पोटाश, पोटेशियम का स्रोत है और उसे एमओपी के रूप में सीधा उपयोग किया जाता है। इसके अलावा एनपीके उर्वरकों में भी इसका एन और पी पोषक तत्वों के संयोजन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। भारत अपनी पोटाश की शत-प्रतिशत आवश्यकता आयात से पूरा करता है। देश हर वर्ष लगभग 40 लाख टन एमओपी का आयात करता है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि किसान समुदाय को लंबे समय तक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा, भारत की उर्वरक कंपनियों...... कोरोमंडल इंटरनेशनल, चम्बल फर्टिलाइजर और इंडियन पोटाश लिमिटेड ने मंगलवार को कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय किसानों को एमओपी की आपूर्ति के लिए कंपनियों के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की सराहना की।

### एसबीआई की पूर्व प्रमुख ने कहा, देश में इतने सरकारी बैंकों की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्व प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्य का कहना है कि देश को कम लेकिन मजबूत सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) की जरूरत है और छोटे सरकारी बैंकों का निजीकरण या विलय किया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के जरिए जिन लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीद है, वे वास्तव में सरकारी बैंकों को सक्षम करके प्राप्त किए जा सकते है। उन्होंने रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव के सुझाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, निजीकरण कभी भी सभी समस्याओं का हल नही रहा है। सुब्बाराव ने दरअसल सरकार को सभी सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल की रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया था। वही, भट्टाचार्य ने कहा, मुझे नही लगता है कि हमें इतने सारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की जरूरत है। सरकारी बैंकों की संख्या कम हो सकती है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी भट्टाचार्य ने कहा, कुछ सरकारी बैंकों का निजीकरण किया जा सकता है और सार्वजनिक क्षेत्र के मजबूत बैंक अभी भी बने रह सकते है।

## इसाक डार बने पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री

**इस्लामाबाद।** इसाक डार ने बुधवार को पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली। वह चौथी बार देश के वित्त मंत्री बने हैं। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने यहां एक समारोह में डार (72) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर डार भ्रष्टाचार के मामले में आरोप लगने के बाद 2017 से स्वनिर्वासन में थे। उन्हें कल ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के भारी विरोध के बीच सीनेटर के रूप में शपथ दिलाई गई थी। पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल के हटने के बाद डार को इस पद पर लाया गया है। रविवार को लंदन में एक बैठक के दौरान पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ ने डार को वित्त मंत्री के रूप में नामजद किया था। डार इससे पहले तीन बार वित्त मंत्री रह चुके हैं।

## तेल कीमतों में तेजी भारत की कमर तोड़ रही हैः जयशंकर

भाषा। वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में तेजी से भारत चिंतित है और यह हमारी कमर तोड़ रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने मंगलवार को कहा कि विकासशील देशों के बीच ऊर्जा जरूरतों के समाधान को लेकर काफी चिंता है।यूक्रेन युद्ध के बारे में उन्होंने कहा, हमने निजी तौर पर, सार्वजनिक और लगातार यह कहा है कि यह झड़प किसी के हित में नहीं है।

रूस से आने वाले तेल की कीमत सीमा तय किए जाने की जी-7 देशों की पहल के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, हम तेल के दाम को लेकर काफी चिंतित हैं। हालांकि, हमारी अर्थव्यवस्था 2,000 डॉलर प्रति व्यक्ति की है, लेकिन जब तेल की कीमत हमारी कमर तोड़ रही है, तब यह हमारे लिए बड़ी चिंता की बात है। विदेश मंत्री ने कहा, पूर्व में जब भी हम कुछ योगदान करने में सक्षम थे, हम उसके लिए तैयार रहे। इस समय कुछ मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, आपको यह समझना होगा कि पिछले कुछ महीनों से ऊर्जा बाजार पहले से ही काफी दबाव में हैं। वैश्विक स्तर पर विकासशील और अल्पविकसित देशों के लिए न केवल बढ़ती कीमतों को लेकर बल्कि उपलब्धता के मामले में भी सीमित ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है। जयशंकर ने कहा, अभी हमारी चिंता यह है कि ऊर्जा बाजार पहले से ही दबाव में है, यह कम होना चाहिए। हम किसी भी स्थिति का स्पष्ट रूप से मूल्यांकन करेंगे कि यह वैश्विक स्तर पर दक्षिण (विकासशील और अल्पविकसित देश) में हमें और अन्य देशों को कैसे प्रभावित करता है। विकासशील देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा की जरूरत के समाधान को लेकर काफी चिंता है। भारत का रूस से तेल आयात अप्रैल से 50 गुना से अधिक बढ़ा है और अब विदेशों से लिए जाने वाले कुल तेल में इसकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत हो गई है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के आयातित तेल में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी।

विकसित देश यूक्रेन पर हमले के बाद धीरे-धीरे रूस से ऊर्जा खरीद कम कर रहे हैं। भारत के रूस से सैन्य उपकरण खरीदे जाने के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने कहा, हम कहां से अपने सैन्य उपकण प्राप्त करते हैं, वह कोई मुद्दा नहीं है। यह एक नया मुद्दा बन गया है जो विशेष रूप से भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण है। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर में संभावना देखते हैं।

## सेंसेक्स 509 अंक टूटकर 57,000 अंक से नीचे फिसला

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 509 अंक से अधिक लुढ़क कर 57,000 अंक के नीचे बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट और लगातार पूंजी निकासी से भी बाजार धारण प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.24 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,598.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 621.85 अंक तक नीचे आ गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.80 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,858.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी सबसे ज्यादा 2.97 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज और पावरग्रिड शामिल हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक शेयर बाजारों की तरह घरेलू बाजार नुकसान में रहे। दुनिया भर के बाजारों में विकसित देशों में आर्थिक मंदी की आशंका को लेकर उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका असर निवेशकों की धारणा पर पड़ रहा है। घरेलू स्तर पर हाल के सत्रों में एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) की आक्रामक रूप से बिकवाली, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक और बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान के आखिरी दिन से निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, निफ्टी को 17,000 के आसपास समर्थन था लेकिन अब वह नीचे आ गया है। निकट भविष्य में बाजार में दबाव बना रह सकता है। हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में मिले-जुले रुख को देखते हुए त्योहार आने के साथ खासकर वाहन, खपत जैसे क्षेत्रों में शेयर आधारित अवसर उपलब्ध होंगे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी को लेकर चिंता के बीच घरेलू बाजार में ऊंचे मूल्य को लेकर निवेशक आशंकित हैं। वहीं विदेशी निवेशक निवेश के लिए सुरक्षित जगह की तलाश में उभरते बाजारों से निकल रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूत बुनियाद के साथ तेजी है, लेकिन वैश्विक स्तर पर मंदी को लेकर चिंता बढ़ने से शेयर बाजार में जोखिम लेने से निवेशक बच रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत घटकर 86.20 डॉलर प्रति बैरल रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे टूटकर 81.93 पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,823.96 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## भारत को 2030 तक ईवी लिथियम आयन बैटरी के लिए 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत को वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए लिथियम आयन बैटरी की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए लगभग 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। प्रबंधन परामर्श कंपनी आर्थर डी लिटिल की रिपोर्ट के अनुसार, इस मांग को पूरा करने के लिए सेल विनिर्माण और कच्चे माल के शोधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में लिथियम-आयन बैटरी की मांग वर्तमान में तीन गीगावॉट घंटा (जीडब्ल्यूएच) है और इसके 2026 तक 20 और 2030 तक 70 गीगावॉट घंटा तक बढ़ने की संभावना है। खान मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि वर्तमान में भारत अपनी लिथियम-आयन बैटरी की आवश्यकता का लगभग 70 प्रतिशत चीन और हांगकांग से आयात करता है। रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2030 तक लिथियम-आयन बैटरी की स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए भारत को कच्चे माल की शोधन क्षमताओं में अतिरिक्त निवेश के साथ सेल विनिर्माण क्षमता में अनुमानित 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस निवेश से बैटरी विनिर्माण और संबंधित सहायक व्यवसायों और सेवाओं में दस लाख या उससे अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगी।

## चीन का युआन 14 साल के सबसे निचले स्तर पर

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा घरेलू मुद्रा में गिरावट को रोकने के प्रयासों के बावजूद बुधवार को डॉलर के मुकाबले युआन गिरकर 14 साल के निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के बाद ऊंचे रिटर्न की संभावना ने निवेशकों को अपनी मुद्राओं को डॉलर में बदलने के लिए प्रेरित किया है। युआन की विनियम दर में कमजोरी से चीनी निर्यातकों को विदेशों में अपना सामान सस्ते में भेजने में मदद मिलती है। लेकिन इसके कारण अर्थव्यवस्था से पूंजी की निकासी भी होती है। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले युआन गिरकर 7.2301 प्रति डॉलर पर आ गया, जो जनवरी 2008 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

मै. सुनील कुमार अरोड़ा पुत्र श्री पन्ना लाल अरोड़ा निवासी ए-8/62, सेक्टर-16, रोहिणी ने अपना नाम सभी भावी प्रयोजनों हेतु बदल कर सुनील अरोड़ा रख लिया हैं।
PD(90177)A

PUBLIC NOTICE

This is to bring to the notice of general public that I Ashok Anand S/O Late Smt. Santosh Anand R/O House No.K- 32, Lajpat Nagar II, South Delhi, New Delhi-110024 have Lost / Misplaced Original Share Certificate of Hindustan Unilever Ltd bearing folio HLL2802486, Number of Shares 2240, Certificate Nos 5171925 and Distinctive Nos- 895540071-895542310. Finder may contact on the above mentioned address or phone no. 9654079997. An FIR to this effect has been filed.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Arun Kumar Sharma** who are intend to purchase the Entire Second Floor without roof/terrace rights, out of Freehold Property bearing No.WZ-38-2 & New No. WZ-38-C-2, area measuring 80 Sq. Yds., out of Khasra No.1384, situated at Mansarover Garden, New Delhi; from (1) Mrs. Jatinder Kaur (2) Mrs. Harpreet Kaur (3) Mrs. Amarjit Kaur & (4) Mrs. Charanjeet Kaur who are owners of the aforesaid property by virtue of Sale Deed Dated 13.03.2014, which is registered as Document No.4774 in the office of Sub Registrar-II, Basai Darapur, New Delhi and intend to mortgage the same against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That, Death Certificate & Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Surat Singh S/o. Mr. Arur Singh are/is not available/misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022



### बीसलपुर को जिला बनाने की मांग का मामला

# भाजपा के दो विधायक आए आमने-सामने

भाषा। शाहजहांपुर

**पीलीभीत** जिले की बीसलपुर तहसील और शाहजहांपुर की पुवायां तहसील को शामिल करके जिला बनाने की मांग को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो विधायक आमने-सामने आ गए हैं।

बीसलपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने बीसलपुर तहसील और शाहजहांपुर की पुवायां तथा आसपास के कुछ क्षेत्रों को जोड़कर नया जिला बनाने के सिलसिले में विधानसभा में याचिका दाखिल की है जबकि पुवायां क्षेत्र से भाजपा विधायक चेतराम वर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि विवेक वर्मा को नया जिला बनाने की पहल करने के बजाए अपने क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए। पुवायां क्षेत्र से भाजपा विधायक चेतराम वर्मा ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि बीसलपुर से भाजपा विधायक विवेक वर्मा द्वारा विधानसभा में एक याचिका डाली गई है, जिसमें शाहजहांपुर जिले की तहसील पुवायां और आसपास के कुछ क्षेत्रों को शामिल करते हुए बीसलपुर को जिला बनाने की मांग की गई है। पुवायां के जनमानस में इसे लेकर भ्रम एवं आक्रोश व्याप्त है।चेतराम ने बताया कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी 23 सितंबर को एक पत्र भेजकर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा द्वारा बीसलपुर को जिला बनाने की मांग की याचिका का संज्ञान नहीं लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि पुवायां तहसील प्रगतिशील क्षेत्र है जिसमें चार विकासखंड हैं। अगर जिला ही बनाना है तो पुवायां को जिला बनाकर बीसलपुर को उसमें जोड़ दिया जाए। चेतराम ने कहा कि बीसलपुर क्षेत्र के विधायक विवेक वर्मा को जिला बनवाने की बजाए अपने क्षेत्र में विकास कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। वहीं, बीसलपुर क्षेत्र से भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने बताया कि उन्होंने बीसलपुर को जिला बनाने का अनुरोध करते हुए इस संबंध में याचिका विधानसभा अध्यक्ष को दी है जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन से विवरण मांगा है। पुवायां क्षेत्र के विधायक चेतराम वर्मा द्वारा उनकी याचिका का विरोध करने के सवाल पर विवेक ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध तो होता ही है। वह पूरा प्रयास कर रहे हैं कि बीसलपुर को जिला बना दिया जाए।

**शाहजहांपुर में संदिग्ध हालात में घर से नवजात बच्ची गायब, तलाश जारी:** शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश), 28 सितंबर (भाषा) शाहजहांपुर जिले में तीन दिन की नवजात बच्ची घर से कथित रूप से गायब हो गई। पुलिस तथा वन विभाग की टीम उसकी तलाश में जुटी हैं। जिला वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के मुंडिया कला गांव में रहने वाले विंद पाल की पत्नी शांति देवी ने तीन दिन पहले एक नवजात बच्ची को जन्म दिया था। आज सुबह जब बच्ची घर में अपनी मां के पास सोई थी तभी वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। इस पर मामले की थाना अल्लाहगंज में लिखित रूप से शिकायत दी गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने अंदेशा व्यक्त किया है कि कोई जंगली जीव घर के पास पीपल के पेड़ पर रहता है वही बच्ची को उठा ले गया। इसके बाद वन विभाग की एक टीम बुलाई गई जिसने पीपल के पेड़ के अलावा आसपास के क्षेत्र में बच्ची की तलाश शुरू की है लेकिन अब तक बच्ची का कुछ पता नहीं लगा है। अल्लाहगंज थाने के प्रभारी प्रदीप शेरावत ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस की टीम गांव में भेजी गई थी। पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है। हो सकता है कि कोई जंगली जीव बच्चे को उठा ले गया हो, इसीलिए वन विभाग की टीम भी बच्चे की तलाश के लिए लगाई गई है।

## सपा विधायक नाहीद हसन चित्रकूट जिला जेल स्थानांतरित

**मुजफ्फरनगर।** कैराना सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक नाहीद हसन को मुजफ्फरनगर से चित्रकूट जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कारागार अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सपा विधायक हसन को मंगलवार रात सरकार की अनुमति से कड़ी सुरक्षा के बीच मुजफ्फरनगर से चित्रकूट जिला कारागार स्थानांतरित किया गया। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 15 जनवरी को गिरफ्तार किए गए नाहीद हसन तभी से मुजफ्फरनगर जिला कारागार में थे और वहीं से समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीते थे।

## आरेडिका में संगोष्ठी का आयोजन



**रायबरेली।** रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक आरेडिका श्री एसण् एसण् कलसी के निर्देषानुसारए आरेडिका में आज ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन सतर्कता विभाग द्वारा किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में श्रीनिवास मलाडी, निदेशक सतर्कता (इंजीनियरिंग) रेलवे बोर्ड के द्वारा उक्त विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।संगोष्ठी में महाप्रबंधक महोदय के साथ.साथ सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षए विभागाध्यक्षए संबंधित विभाग के उप विभागाध्यक्ष एवं अन्य हितधारक शामिल हुये एवं जानकारी प्राप्त की जो निश्चित तौर पर पारदर्शी तरीके से कार्य करने एवं कार्य दक्षता को बढ़ाने में मद्दगार साबित होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधकए महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आशा कि इस प्रकार के आयोजन समय समय पर किये जाने चाहिए जिससे संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य दक्षता में सुधार होगा और कार्य करने की पद्वति में पारदर्षिता आयेगी।मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज कुमार आग्रवाल ने महाप्रबंधकए मुख्य वक्ता श्रीनिवास मलाडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ.साथ अन्य सभी संबंधितों को कार्यक्रम को प्रायोजित करने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

## चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम सरदार भगतसिंह के नाम पर करने पर सभी ने उसका स्वागत किया

**वाराणसी।** भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा अनुप जायसवाल के नेतृत्व में' लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में भगत सिंह जी का जन्मदिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अशोक चौरसिया थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगत सिंह जी के 115वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पाजंलि अर्पित कर तिलक लगाकर नमन् किया। सभा में वक्ताओं ने देश के प्रति उनके दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके स्मृति में चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम सरदार भगतसिंह के नाम पर करने पर सभी ने उसका स्वागत किया।उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए देश के युवाओं से आवाहन किया तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार से लहुराबीर स्थित पार्क में तीनों बलिदानियों संचालन पूर्व पार्षद गिरीश श्रीवास्तव ,धन्यवाद धीरेन्द्र शर्मा ने' किया। भगतसिंह,राजगुरु,सुखदेव जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद मदन दूबे,दिनेश कालरा,शोभनाथ मौर्य,छेदीलाल वर्मा,कन्हैया सेठ,शंकर जायसवाल,विनय जायसवाल,सतीश वर्मा,शैलेन्द्र श्रीवास्तव,मनीष चौरसिया,मंगलेश जायसवाल,श्रवण गुप्ता,शेखर जायसवाल,जयकिशन जायसवाल,प्रदीप जायसवाल,धरमचंद,प्रदीप जायसवाल आदि अनेकों लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधानपरिषद सदस्य हाजी इकबाल की करोड़ों की सम्पत्ति की गई कुर्क

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के कथित खनन माफिया और पूर्व विधानपरिषद सदस्य एवं 50 हजार रूपए के इनामी हाजी इकबाल की करीब दो सौ करोड़ से ज्यादा की सम्पति पुलिस ने कुर्क कर ली। इस कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने बताया कि बुधवार को पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम ने मिर्जापुर में फरार हाजी इकबाल की आलीशान कोठी के साथ साथ सहारनपुर जिले में अलग अलग स्थानों पर 203 करोड़ रुपए की उनकी चल-अचल सम्पति को कुर्क कर लिया। टाडा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही हाजी इकबाल की 148 सम्पतियों को चिन्हित किया गया था तथा मिर्जापुर में गैंगस्टर अधिनियम की धारा मे वांछित हाजी इकबाल एवं उनके अन्य साथियों के विरूद्ध जिला मजिस्ट्रेट ने जब्तीकरण का आदेश जारी किया। उनके अनुसार इस आदेश के तहत यह जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हाजी इकबाल और उनके परिवार एवं साथियों के विरूद्ध पुलिस ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें यह जिक्र था कि लगभग 148 सम्पतियां अवैध खनन से खरीदी गईं और ए हाजी इकबाल के नाम या बेनामी थीं। उनके मुताबिक यह रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। एसएसपी ने बताया कि जो 148 सम्पतियां जब्त की गई हैं, उनका बाजार मूल्य करीब 203 करोड रुपए है। टाडा ने बताया कि हाजी इकबाल और इनके साथियों की जो अन्य सम्पतियां हैं उनकी भी जांच की जा रही है। उनके अनुसार आने वाले समय में अवैध ढंग से अर्जित की गई सम्पति के विरूद जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि हाजी इकबाल अभी फरार हैं, जबकि उनके भाई और तीन पुत्रों को गिरफतार किया जा चुका है। अधिकारी के अनुसार हाजी इकबाल की गिरफतारी के लिए पुलिस की कई टीम लगातार काम कर रही हैं।

## दर्शनार्थी की मौत

**विन्ध्याचल,** मीरजापुर। आज थाना विंध्याचल क्षेत्र अंतर्गत राम सेवक पुत्र स्व0 राम प्रसाद रैदास उम्र लगभग 50 वर्षए निवासी लालपुर दिविया पोस्ट. जामो गौरीगंजए जनपद अमेठी का बरतर तिराहे पर हाथ में दर्द हुईए जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस कर्मियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल में तत्काल भर्ती कराया गयाए जहां पर चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि दो बोलोरो गाड़ी से लगभग 20 दर्शनार्थी दर्शन करने आए थेए दर्शन करने के बाद लोग बरतर पर इकट्ठा हुए थेए जहां पर उनके हाथ में दर्द होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए वहां पहुंचने पर डाक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। थाना विंध्याचल पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस बात की जानकारी अपर जिलाधिकारी ;वि0रा0द्ध मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ला ने दी।

# ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली दो लोगों की मौत

### 34 जख्मी, कई गंभीर

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट क्षेत्र में बुधवार सुबह ट्रक की टक्कर लगने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार दो लोगों की मौत हो गई तथा 34 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रामसनेहीघाट क्षेत्र के कटका गांव निवासी करीब 40 लोग एक मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत के बाद लंबौआ गांव से बुधवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवा सड़क के पास लखनऊ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। सूत्रों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा करके घायलों को बाहर निकलवाया। पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसे में मालती देवी (55) और सुवि (पांच) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 34 अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

**छत गिरने से दो मजदूरों की मौत:** बिजनौर। बिजनौर जिले के नांगल थानाक्षेत्र में मकान की छत तोड़ते समय उसके गिर जाने से उसके नीचे दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई। बुधवार को शहजादपुर गांव में मुफीद के पुराने मकान की छत तोड़ते समय गिर गई और इस काम में लगे मजदूर वकील (40) और मोनू (25) मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए।

## आकर्षक सुविधा की पेशकश

**वाराणसी।** लोगों के लिए हमेशा से विशेष सुविधा के लिए विख्यात ट्रांसियन इंडिया के प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने एक बार फिर से टेक्नो पॉप सिक्स प्रो के जरिए सब आठ के सेगमेंट में धमाकेदार एंट्री की है कंपनी ने इस सेगमेंट में अग्रेसिव प्राइस रेंज में टेक्नो पॉप सिक्स प्रो को 6099 रुपये की कीमत में लॉन्च किया है भारत प्राथमिकता वाला बाजार है जहां हर तिमाही लाखों उपभोक्ता अपना पहला स्मार्टफोन खरीदते हैं टेक्नो अपनी पॉप सीरीज के जरिए एंट्री लेवल सेगमेंट में बेहतर स्पेसिफिक्रेशंस कैमरा कैपेबिलिटी, रिलायबल बैटरी और बड़े डिस्प्ले वाले स्मार्टफोन को अग्रेसिव प्राइस में पेश कर रहा है।

**भक्तों ने किया दर्शन पूजन**

सकलडीहाध्चन्दौली । कस्बा के दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को मां चन्द्रघंटा की आकर्षक झांकी सजायी गयी। शाम को झांकी के दर्शन के लिये महिला पुरूष और बच्चों ने मां की जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया। इस दौरान लोगों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण करने के बाद रामलीला का आनंद उठाया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में घंटा बजता रहा।

## डर्बी शायर क्लब ने भारतरत्न स्व0 लता की 93वीं जन्मदिन पर दी श्रद्धाजंलि



वाराणसी। पितरकुंडा त्रिमुहानी पर बुधवार को डर्बी शायर क्लब के कार्यकर्ताओं ने महान स्वर कोकिला एवं भारतरत्न स्व0 लता मंगेशकर की 93वॉ जन्मदिन के अवसर राह चलते स्कूली बच्चे, बुर्जुगों आदि को फल वितरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष शकील अहमद 'जादूगर' ने किया। इस अवसर पर श्री शकील ने कहा कि बचपन से ही लता दीदी ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया था आगे पार्श्व गायिकी के रूप महारत हासिल की और ने उन्हें देश ने भारतरत्न से सम्मानित किया था। स्व0 लतादी पीएम मोदी को अपना भाई मानती थी और मोदी उनके जन्मदिन पर घर जाकर जरूर जन्मदिन की बधाई देते थे।अंत में शकील ने कहा कि आज लतादी हमारे बीच नहीं हैं मगर उनकी आवाज अमर होकर हमेशा हमारे कानों में गूंजती रहेगी। कार्यक्रम में सुनील कुमार, बल्ले शर्मा, अकरम,मुस्तफा, शकीब, असरफ अली, हाजी असलम, हैदर मौलाई, पारस जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।

# विंध्याचल नवरात्रि मेले के 15 किमी क्षेत्र में धूम्रपान पर पाबंदी

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिला प्रशासन ने विंध्याचल नवरात्रि मेले के करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में धूम्रपान और तंबाकू के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस संबंध में निषेधाज्ञा जारी की है।जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार के तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों के तहत मेला क्षेत्र को धूम्रपान और तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। उनके अनुसार मेला क्षेत्र में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर व्यक्ति के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्वाई की जाएगी। केंद्र सरकार ने 2004 में एक समग्र तंबाकू नियंत्रण कानून- सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (विज्ञापन निषेध एवं व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण नियमन) लागू किया था जिससे तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। वार्षिक नवरात्रि मेला यहां 25 सितंबर को शुरू हुआ जो चार अक्टूबर तक चलेगा। देशभर से लोग यहां विंध्यवासिनी मां का दर्शन पूजन करने और मुंडन संस्कार कराने आते हैं।

# सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का प्रयास दिल्ली तक करेंगे: नीरज कुंदन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने बुधवार को यहां आए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार सत्ता के नशे में सोई हुई है और इसे जगाने के प्रयास वह प्रयागराज से दिल्ली तक करेंगे। यहां आंदोलनरत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कुंदन ने कहा, सत्ता के ओवरडोज से यह सरकार गहरी नींद में है। सरकार फीस बढ़ाकर चाहती है कि किसी गरीब, मजदूर और पिछड़े का बेटा उच्च शिक्षा हासिल न कर ले। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस के राष्ट्रवाद में गरीबों से शिक्षा का हक छीना जा रहा है। जियो विश्वविद्यालय की एक ईंट तक नहीं लगी, उसकी बिल्डिंग तक नहीं बनी, लेकिन उसको यह सरकार मान्यता दे देती है। जिस तरह से एक-एक कर सबकुछ बेचा जा रहा है, उसी तरह से हमारे सरकारी विश्वविद्यालयों को भी सरकार बेचना चाहती है। कुंदन ने कहा, सरकार ने हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन आदि बेच दिए, अगला निशाना विश्वविद्यालय है। पिछले आठ सालों में अगर किसी का विकास हुआ है तो इन उद्योगपतियों का विकास हुआ है। अडानी, अंबानी का विकास हुआ है। आज अडानी विश्व का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बन चुका है। इससे पूर्व, छात्राओं ने सभा को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते आ रही समस्याएं गिनाईं।बीए की छात्रा रजनी ने कहा, जब इस विश्वविद्यालय को पहली महिला कुलपति मिलीं तो हमने सोचा कि वह एक नया इतिहास रचेंगी। लेकिन उन्होंने तो 300 प्रतिशत फीस वृद्धि का इतिहास रच दिया। एक अन्य छात्रा रेनू पासवान ने कहा कि महिला छात्रावास में गंदगी का यह आलम है कि चलते फिरते मच्छर काटते हैं। एमए की छात्रा स्वाति सिंह ने कहा, विश्वविद्यालय में पीरियड (माहवारी) हो जाए तो पैड बदलने के लिए शौचालय नहीं है। शौचालय में ताले लगे हैं। छात्राएं कब से पिंक शौचालय की मांग करती रही हैं, लेकिन विश्वविद्यालय की कुलपति महिला होने के बावजूद वह महिलाओं की दिक्कत नहीं समझतीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र पिछले 22 दिनों से फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और पिछले आठ दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं।

## अब चलते-फिरते बढ़ेगा कारवां

**कानपुर।** कारवां के साथ विभिन्न उद्योग मानदंडों को तोड़ने के बादए सारेगामा ने कारवां मोबाइल लॉन्च किया हैएजो एक उपयोगिता.आधारित उत्पाद है जो न केवल कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करता है बल्कि साथ ही प्री.लोडेड गानों की एक अतिरिक्त सु अनसुना है कीपैड फोन बाजार। कारवां मोबाइल अब तक का पहला कीपैड मोबाइल है जिसमें प्री.लोडेड गाने, शक्तिशाली स्पीकरए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, डुअल सिमए एफएमए शक्तिशाली एलईडी टॉर्च और कई अन्य विशेषताएं हैं। जिस तरह कारवां ने प्री.लोडेड गानों के साथ अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक लीन.बैक सुनने का अनुभव बहाल किया, उसी तरह कारवां मोबाइल का लक्ष्य चलते.फिरते भी ऐसा ही करना है। यह उन सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक मोबाइल है जो अभी भी कीपैड फोन के अनुभव की कसम खाते हैं।

## महाराजा अग्रसेन पौराणिक महामानव थे-शिवशंकर

**वाराणसी।** अग्रकुल शिरोमणि श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयन्ती पर चल रहे सप्ताहव्यापी श्री काशी अग्रवाल समाज के अन्तर्गत बुधवार को अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय, इ0 का0, चौखम्भा में श्री अग्रसेन जी महाराज के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वल्लन दास अग्रवाल, चम्पालाल द्वारा की गयी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुये शिव शंकर दास अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पौराणिक महामानव थे, जिनके सिद्धान्त आज के परिवेश में अत्यन्त प्रासंगिक हैं। मजबूत समाज के द्वारा ही समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज अग्रवंश के लोग अपने प्रणेता के सिद्धान्त पर चल रहे हैं और देश के विकास में श्रेष्ठ सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर अग्रसेन जयन्ती समारोह के संयोजक नीरज अग्रवाल, सह संयोजक आमोद कुमार अग्रवाल एवं संजीव अग्रवाल विद्यालय के प्रबन्धक पंकज अग्रवाल एल आई सी सहायक प्रबन्धक दिनेश कुमार अग्रवाल, सतीश भूषण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनीष गुप्ता, श्रुति जैन, विनय अग्रवाल, कृष्ण मोहन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल के अतिरिक्त समाज के प्रधानमंत्री सन्तोष अग्रवाल 'कर्णघण्टा' राकेश जैन, मंत्री समाज उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन राजकिशोर चन्द्र अग्रवाल एवं धन्यवाद प्रकाश विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## अयोध्या में होगा आदिपुरुष का ग्रैंड पोस्टर और टीजर लॉन्च

**अयोध्या।**आइकोनिक फिल्म तान्हाजीरू द अनसंग हीरो की सफलता के बाद दर्शक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओम राउत की अलगी फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं जोकि आदिपुरुष है। इस फिल्म की शानदार कास्ट की वजह से भी लोगों की इस फिल्म में खूब दिलचस्पी है। इस फिल्म में प्रभासए कृति सेननए सैफअली खान और सनी सिंह नजर आएंगे और डायरेक्टर ओम राउत की इस फिल्म ने शुरुआत से ही सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में अब एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार फिल्म के बहुप्रतीक्षित टीजर और पोस्टर से 2 अक्टूबर को भगवान राम की पवित्र भूमिए अयोध्याए उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के तट पर पर्दा उठाया जाएगा। इस ग्रैंड इवेंट में निर्देशक ओम राउत और निर्माता भूषण कुमार के साथ सुपरस्टार प्रभास और कृति सेनन भी मौजूद रहेंगे। यह फिल्म रामायण के महाकाव्य पर आधारित हैए जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में फिल्म के ग्रैंड इवेंट का आयोजन करना अपने आप में खास है क्योंकि यह धार्मिक शहर भगवान राम का जन्मस्थान भी है। पोस्टर और टीजर दोनों ही फिल्म के पैमाने को दर्शाएगा।

## ईज़ी पे पर ट्रांजिक्शन पर करने वाले पचास प्रतिशत लोग

**वाराणसी।** व्यापारी अपनी सहज और आसान ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, त्वरित वितरण, कुशल निवारण प्रणाली और चौबीसों घंटे ग्राहक सेवा,सहज उपयोगकर्ता अनुभव आदि बातों के कारण ईज़ी पे के साथ साझेदारी करना पसंद करते हैं। लोन देने के अलावा, ईज़ी पे व्यापारियों को अपने पड़ोस के ग्राहकों को एईपीएस, बीबीपीएस, मिनी स्टेटमेंट आदि जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है और आय का एक अतिरिक्त स्रोत देता है है, ईज़ी पे, सबसे तेजी से बढ़ता हुआ एम्बेडेड फाइनेंस नियोबैंकिंग प्लेटफॉर्म है, यह पहला ऐसा फिनटेक प्लेयर है जो मध्यम और लघु उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र पर केंद्रित है।

# देश के गद्दारों के खिलाफ मोर्चा खोलेगी भाअपा

### पीएफआई पर आजीवन प्रतिबंध की उठाई मांग
### कहा-समर्थकों की सारी संपत्ति जब्त कर जेल में ठूंसा जाए
### संगठन देश के अंदर हिंसा और नफरत फैलाना चाहता है

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी




**वो** खूनी खेल खेलें, तो हम चुप रहें। वो मुल्क की बर्बादी का नारा लगाए तो हम चुप रहें, वो देश तोड़ने की साजिश को अंजाम दे तो हम चुप रहें। अब चुप्पी टूटेगी और देश के गद्दारों के खिलाफ अवाम सड़कों पर उतरेगी।भारतीय अवाम पार्टी ने मुंशी प्रेमचन्द स्मृति द्वार लमही पर पीएफआई का पुतला फूंककर देश की खिलाफत करने वालों को कड़ा संदेश दे दिया है। भारतीय अवाम पार्टी मुसलमानों के बीच गहरी पकड़ रखती है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के महान आदर्शों पर चलने वाली भारतीय अवाम पार्टी ने स्पष्ट कर दिया कि किसी भी कीमत पर देश के साथ न समझौता करेंगे और न ही करने देंगे। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने पीएफआई के खिलाफ प्रदर्शन किया और पीएफआई का पुतला फूंका। पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने तख्तियों पर लिखकर भारत द्रोहियों को संदेश दिया कि अब तुम्हारे खिलाफ भारत की अवाम उठ खड़ी होगी। तुमको देश के खिलाफ साजिश करने का जबाव दिया जाएगा। हर मुस्लिम मुहल्ले में पीएफआई के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा ताकि इनके पाप से मुस्लिम नवजवानों को बचाया जा सके। भारतीय अवाम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन ने कहा कि भारत विरोधी ताकतें भारत को तोड़ना चाहती हैं और जब भी सरकार इनके खिलाफ कार्यवाई करती है तो ये मुसलमान की खोल में छुप जाते है और संविधान की दुहाई देते हैं। पीएफआई देश विरोधी संगठन है, इस पर तुरन्त लगाम लगाई जाए और इसके कार्यकर्त्ताओं की संपत्ति जब्त कर जेल में डाला जाए। पीएफआई मुस्लिम नवजवानों के मन में नफरत का बीज बो रही है, देश के हर हिस्से में संगठित और प्रशिक्षित आतंकी पैदा करना चाहती है। राष्ट्रवादी नेता इनके निशाने पर हैं, देशभक्त मुसलमानों को डराकर उनकी आवाज बंद करना चाहते हैं। पीएफआई देश के लिए खतरा बन चुका है। हर सुभाषवादी पीएफआई जैसे संगठनों की हर जगह मुखालफत करेगा और इनको मुंह तोड़ जबाव देगा। भारतीय अवाम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने कहा कि पीएफआई पर 5 साल प्रतिबन्ध लगाने से कुछ नहीं होने वाला है, इस पर आजीवन प्रतिबन्ध लगाया जाए और इसमें शामिल सदस्यों के आधार कार्ड के साथ पासपोर्ट जब्त किया जाए, ताकि ये दूसरा संगठन न बना सकें। पहले सिमी था जब प्रतिबन्ध लगा तो पीएफआई बन गया, कल कोई दूसरा संगठन बनाकर देश तोड़ने की साजिश करेगा।पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने कहा कि पीएफआई के नेता जेल में हैं, लेकिन उनके समर्थक बाहर हैं। अगर वो किसी तरह से देश के खिलाफ कोई काम करेंगे तो हम चुप नहीं बैठेंगे। देश के अंदर के गद्दारों से दोदूदो हाथ करने का वक्त आ गया है। पीएफआई के खिलाफ प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव डी0एन0 सिंह, प्रदेश जिला उपाध्यक्ष राजकुमार, अफसर बाबा, फिरोज अहमद, मो0 अजहरुद्दीन, मुस्ताक , जियाउद्दीन, अनीस अहमद, मो0 शाहिद, अवधेश यादव, सूरज चौधरी, राजेश कन्नौजिया, राजीव गिरी, नाजनीन अंसारी, पूनम, ममता, अंजु, अर्चना, धनेसरा, प्रभावति, पार्वती, उर्मिला, रीता, लालती, मैना देवी आदि लोगों ने भाग लिया।

# अर्शदीप और चाहर ने भारत को दिलाई बड़ी जीत

## ● भारत ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम





**तेज** गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर की तूफानी गेंदबाजी और सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी की मदद से भारत ने बुधवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया।

पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 106 रन पर रोक दिया। जवाब में 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल किया। नमी और उछालभरी पिच पर सूर्यकुमार यादव ने 33 गेंद में नाबाद 50 रन बनाए जबकि केएल राहुल ने 56 गेंद में 51 रन की नाबाद पारी खेली। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने पहले ही इस पिच को टी20 क्रिकेट के लायक नहीं बताया था और दोनों टीमों के बल्लेबाजों को इस पर दिक्कत आई। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा(0) और विराट कोहली (तीन) के विकेट जल्दी गंवा दिए लेकिन सूर्यकुमार और राहुल ने इसके बाद 90 रन की साझेदारी करके भारत को जीत तक पहुंचाया। कैगिसो रबाडा ने रोहित को और एनरिच नोर्किया ने कोहली को पवेलियन भेजा। इससे पहले पीठ की समस्या के एक बार फिर उभरने के बाद जसप्रीत बुमराह मैच से बाहर हो गए जिसके बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप (32 रन पर तीन विकेट) और चाहर (24 रन पर दो विकेट) ने गेंद को दोनों तरफ मूव कराके बल्लेबाजों को परेशान किया। इन दोनों गेंदबाजों ने सतह से मिल रहे उछाल और हवा में स्विंग का पूरा फायदा उठाकर गेंद को दोनों ओर मूव कराया। दक्षिण अफ्रीका की टीम मैच की शुरुआती 15 गेंद में ही बैकफुट पर आ गई और टीम कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसका स्कोर नौ रन पर पांच विकेट हो गया। चाहर ने सबसे पहले आउटस्विंग के जाल में तेम्बा बावुमा (00) को फंसाया और फिर उन्हें स्विंग होकर अंदर आती गेंद पर बोल्ड कर दिया। अर्शदीप ने बाएं हाथ के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (01) से गेंद को दूर ले जाते हुए शुरुआत की और यह बल्लेबाज तेज प्रहार करने की कोशिश में गेंद को विकेटों पर खेल गया। बाएं हाथ के एक अन्य बल्लेबाज रिली रोसेसु (00) भी अपने से दूर जाती अर्शदीप की इनस्विंग पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमा बैठे। हालांकि जिस गेंद को लंबे समय तक याद रखा जाएगा वह अर्शदीप ने डेविड मिलर (00) को डाली। मिलर आउटस्विंग की उम्मीद कर रहे थे और वह इसके लिए फ्रंट फुट पर आ गए लेकिन गेंदबाज ने इनस्विंग डाली और बल्लेबाज शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गया। टी20 क्रिकेट की नई सनसनी ट्रूस्टिन स्टब्स (00) भी चाहर की उछाल लेती गेंद को हवा में खेल गए और अर्शदीप ने आगे की ओर कूदते हुए उनका अच्छा कैच लपका। पांच विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के लिए वापसी की राह काफी मुश्किल थी और उम्मीद के मुताबिक ऐसा ही हुआ। ऐडन मार्कराम (24 गेंद में 25 रन), वेन पार्नेल (37 गेंद में 24 रन) और केशव महाराज (35 गेंद में 41 रन) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### पिच आसान नहीं थी, विकेट मिलना फायदेमंद रहा: रोहित

**तिरूवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करने के बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और विकेट चटकाने की वजह से उनकी टीम कामयाब रही। जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य भारत ने 16 . 4 ओवर में रोहित और विराट कोहली के विकेट गंवाकर हासिल किया। रोहित ने मैच के बाद कहा , इस तरह के मैचों से काफी कुछ सीखने को मिलता है हमें पता था कि इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और पूरे मैच में पिच में नमी बनी रही। धूप नहीं होने से शॉट लगाना मुश्किल हो रहा था और दोनों टीमें मैच में थी लेकिन हमने विकेट लिए थे जो मैच का निर्णायक मोड़ रहा।

# बुमराह टी-20 विश्व कप के लिए वॉ के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में

**भाषा।** मेलबर्न



**ऑस्ट्रेलिया** की विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क वॉ ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को जगह दी है। बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला में वापसी की जिसे भारत ने 2-। से जीता। बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले 28 साल के बुमराह पूरी तरह से फिट नजर आए लेकिन उन्होंने अभी अपनी पुरानी लय हासिल नहीं की है। वॉ ने अंतरराष्ट्रीय किकेट परिषद की वेबसाइट से कहा, मुझे लगता है कि वह सभी प्रारूपों में शानदार गेंदबाज है। टी20 क्रिकेट में उसकी विकेट हासिल करने की क्षमता महत्वपूर्ण है। वह डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और शुरुआती ओवर भी फेंक सकता है।

वॉ ने बुमराह के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार के रूप में पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को चुना। शीर्ष पांच में ए दोनों ही तेज गेंदबाज है। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के जोस बटलर को भी वॉ ने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में जगह दी है। वॉ ने कहा, दूसरे छोर पर गेंदबाजी का आगाज करने के लिए मैं नई गेंद के एक अन्य दिग्गज गेंदबाज पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी को चुनूंगा जो बाएं हाथ के शानदार गेंदबाज हैं। शाहीन को विकेट चटकाने वाला गेंदबाज करार देते हुए वॉ ने कहा, वह टीम का मनोबल बढ़ाता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी तरह अन्य खिलाड़ी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है जो एक अन्य अंतर है। वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंद को वापस अंदर स्विंग करा सकता है, उसके पास गति भी है इसलिए मैंने उसे दूसरे नंबर पर चुना।

### उमेश, श्रेयस और शाहबाज को भारतीय टीम में किया गया शामिल

**नई दिल्ली ( भाषा )।** तेज गेंदबाज उमेश यादव, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और हरफनमौला शाहबाज अहमद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए बुधवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला में टीम से बाहर रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तिरुवनंतपुरम में शुरुआती टी20 से पहले टीम से जुड़ गए हैं। हरफनमौला खिलाड़ी दीपक हुड्डा पीठ में चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जबकि हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार चोट से जुड़ी पुरानी समस्याओं से निपटने के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी विज्ञप्ति में सचिव जय शाह ने कहा, मोहम्मद शमी कोविड-19 से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहे हैं। वह तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद।

# सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की बराबरी की



**दुबई ( भाषा )।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बुधवार को जारी टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक बार फिर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के आखिरी मैच में 36 गेंद में 69 रन की मैच विजई पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार के नाम 801 रेटिंग अंक हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को दो रेटिंग अंकों से पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल किया। सूर्यकुमार की हैदराबाद में खेली गई इस दमदार पारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला को 2-। से अपने नाम किया। वह हालांकि पहले भी दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद यह मुकाम हासिल किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने स्थान पर बने हुए हैं जबकि पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। रोहित 13वें तो वहीं कोहली 15वें स्थान पर पहुंच गए। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला की तीन पारियों में क्रमश: 11, 46 और 17 रन बनाए। कोहली ने इन मैचों में दो, 11 और 63 रन की पारियां खेली। इस श्रृंखला में 55, 10 और एक रन की पारी खेलने वाले भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल को रैंकिंग में चार स्थान का नुकसान हुआ है और वह 22वें पायदान पर फिसल गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन से शीर्ष पर 861 रेटिंग अंकों के साथ अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

# भारतीय अंडर-17 टीम ने ओमान को मैत्री मैच में 3-1 से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** की अंडर-17 लड़कों की फुटबॉल टीम ने पेनल्टी पर दागे दो गोल की मदद से मस्कट में खेले गए मैत्री मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे ओमान को आसानी से 3-। से हरा दिया।

सऊदी अरब के दम्माम में तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत भारतीय टीम मंगलवार को ओमान के खिलाफ उतरी थी। गंगटे (10वें मिनट) ने पेनल्टी को गोल में बदल कर भारत को मैच में बढ़त दिलाई जिसके आठ मिनट बाद थोकचोम (18वें मिनट) ने मेहमान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ में लालपेखलुआ (69वें मिनट) ने एक और पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 3-0 से आगे किया। मैच खत्म होने से कुछ मिनट पहले ओमान के लिए एकमात्र गोल अल्हैथम अलशुकैली ने किया। पहले हाफ की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने दबदबा बनाने का प्रयास किया। सातवें मिनट में डैनी के पास पर लालपेखलुआ का शॉट गोल से कुछ दूर से बाहर निकल गया। तीन मिनट बाद भारत को पेनल्टी मिली। गंगटे ने मोर्चा संभाला और भारत को बढ़त दिलाने में कोई गलती नहीं की। 18वें मिनट में थोकचोम ने गुइटे के पास पर बढ़त को दोगुना कर दिया।

भारत ने कुछ और मौके गंवाए लेकिन युवा खिलाड़ी अधिक गोल करने के लिए उत्साहित दिखे। मध्यांतर से पहले फ्री किक पर कोरौ का ताकतवर शॉट पोल से टकरा गया। दूसरे हाफ में भी बिबियानो फर्नांडिस की टीम शुरू से ही आक्रमण करने की रणनीति के साथ उतरी। भारत को कुछ फ्री किक मिली लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। गुइटे की फ्री किक को 48वें मिनट में विरोधी टीम ने नाकाम किया। कोरौ सिंह ने ओमान की रक्षापंक्ति को लगातार परेशान किया। उन्होंने अपने शॉट्स से विरोधी गोलकीपर की अच्छी परीक्षा ली। कोरौ के 61वें मिनट में लालपेखलुआ के क्रॉस पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह नाकाम रहे। नौ मिनट बाद तमीम अल्बुराकी ने बॉक्स के अंदर लालपेखलुआ के खिलाफ फाउल किया और भारत को एक और पेनल्टी मिली।

लालपेखलुआ ने इस पर गोल दागकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। ओमान के लिए 88वें मिनट में अलशुकैली ने फ्री किक पर एकमात्र गोल किया। तमीम अल्बुराकी को लाल कार्ड दिए जाने के बाद टीम को बाकी समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

## नेशन्स लीग: पुर्तगाल को हराकर स्पेन अंतिम चार में



**मैड्रिड ( एपी )।** लुई एनरिके स्वेदश मे आलोचना झेलने के लिए तैयार थे। उन्हें पता था कि फुटबॉल विश्व कप के इतने करीब एक और निराशानक प्रदर्शन उनकी टीम और उनके काम पर सवाल खड़ा करेगा। लेकिन इसके बाद अंतिम लम्हों में दागे गए एक गोल ने सब कुछ बदल दिया और स्पेन की टीम फुटबॉल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी और प्रशंसा के साथ उतरेगी।

स्पेन ने मंगलवार को 88वें मिनट में गोल दागकर पुर्तगाल के खिलाफ जीत के इंतजार को खत्म किया और नेशन्स लीग में अंतिम चार में जगह बनाई। स्पेन के कोच एनरिके ने कहा, फुटबॉल में सवाल हमेशा नतीजों का परिणाम होते हैं। अगर हम 85वें मिनट में हार गए होते तो यह कहा जाता कि सब कुछ एक त्रासदी थी। अब यह सब अलग है। अलवारो मोराटा के अंतिम मिनटों में दागे गोल से स्पेन ने।-0 की जीत से ग्रुप ए2 में पुर्तगाल को पीछे छोड़ा और अगले साल जून में नीदरलैंड में खेले जाने वाले फाइनल्स में क्रोएशिया, इटली और नीदरलैंड के साथ जगह बनाई।

## विश्व कप से पहले अमेरिका की चिंता बढ़ी, सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला

**एपी।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** ने फुटबॉल विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार रात स्पेन के मुर्सिया में सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला। यह नतीजा अमेरिका के लिए गैर प्रभावशाली और चिंताजनक है। शुक्रवार को दुनिया की 24वें नंबर की टीम जापान के खिलाफ 2-0 की हार के दौरान गोल की तरफ कोई भी शॉट नहीं मार पाने के बाद अमेरिकी टीम 53वीं रैंकिंग वाले सऊदी अरब के खिलाफ सिर्फ दो बार ही ऐसा कर पाई। विश्व कप में जगह बनाने वाले देशों के खिलाफ पिछले सात मैच में अमेरिका की टीम सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जबकि तीन मैच में उसे हार मिली और तीन ड्रॉ रहे।

## मेस्सी के दो गोल से अर्जेन्टीना ने जमैका को 3-0 से हराया

**एपी।** हैरिसन (अमेरिका)



**लियोनेल** मेस्सी के दो गोल की बदौलत अर्जेन्टीना ने फुटबॉल विश्व कप से पूर्व अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार को यहां जमैका को 3-0 से हराया। मेस्सी ने दो गोल किए और इस दौरान दो बार प्रशंसक मैदान पर घुस आए। इस जीत से साथ अर्जेन्टीना का अजेय अभियान 35 मैच का हो गया है। टीम ने पिछले तीन साल में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। अर्जेटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने कहा, आपको मेस्सी का लुत्फ उठाना होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका देश कौन सा है, हर कोई यही करता है। मैं उनका कोच हूं लेकिन मैं उन्हें देखने के लिए टिकट खरीदूंगा। जूलियन अल्वारेज ने 13वें मिनट में अर्जेटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी 56वें मिनट में मैदान पर उतरे और उन्होंने 86वें और 89वें मिनट में गोल दागकर अर्जेन्टीना की आसान जीत सुनिश्चित की। मेस्सी के 164 अंतरराष्ट्रीय मैच में 90 गोल हो गए हैं। उन्होंने करियर में 17वीं बार किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक से अधिक गोल किए।

## क्विक न्यूज

### विश्व कप 2026 तक अर्जेन्टीना के कोच बने रहेंगे स्कालोनी

**हैरिसन।** लियोनल स्कालोनी 2026 विश्व कप तक अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच बने रहेंगे। अर्जेन्टीना फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चिकी तापिया ने इस साल के विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के अंतिम अभ्यास मैच मे जमैका के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद यह घोषणा की। तापिया ने कहा, हम राष्ट्रीय टीम से जुड़ी समग्र योजनाओ पर दांव लगाना जारी रखेंगे। विश्व कप 2018 के प्री क्वार्टर फाइनल मे फ्रांस के खिलाफ अर्जेन्टीना की हार के बाद 44 साल के स्कालोनी ने जॉर्ज सैमपाओली की जगह ली थी। अर्जेन्टीना ने पिछले साल कोपा अमेरिका का खिताब जीता जो 1993 मे कोपा अमेरिका के बाद उसका पहला बड़ा खिताब है। दो जुलाई 2019 को कोपा अमेरिका मे ब्राजील के खिलाफ हार के बाद से अर्जेन्टीना 35 मैच से अजेय है

### शमी कोविड-19 जांच में नेगेटिव

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण जांच मे नेगेटिव होने की जानकारी दी। शमी 10 दिन पहले इस बीमारी की चपेट मे आए थे। 32 साल के इस गेंदबाज ने इंस्टाग्राम पर अपनी नेगेटिव रिपोर्ट पोस्ट की। इससे कुछ घंटे पहले ही बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शमी की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को टीम मे शामिल किया। शमी ने कोविड-19 जांच रिपोर्ट की फोटो को साझा करते हुए लिखा, नेगेटिव। वह 17 सितंबर को इस बीमारी की चपेट मे आए थे। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचो की घरेलू श्रृंखला की टीम से बाहर हो गए थे। शमी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की स्टैंड-बाय सूची मे शामिल खिलाड़ी है।

### कार्तिक शर्मा ने कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट में बढ़त बनाई

**गुरुग्राम।** स्थानीय गोल्फर कार्तिक शर्मा कपिल देव - ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे बुधवार को यहां पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गए। एक करोड़ रुपए इनाम राशि वाले इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद कार्तिक का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी मनु गंडास ने इस दौर मे 66 का स्कोर किया और वह दिल्ली के सचिन बैसोया (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इन दोनों का कुल स्कोर चार-अंडर 140 है। पहले दौर मे शीर्ष पर रहे ध्रुव श्योराण ने दूसरे दौर मे 73 का निराशाजनक स्कोर किया। वह तीन-अंडर 141 के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर खिसक गए। इस स्थान पर उनके साथ बेंगलुरु के सैयद साकिब अहमद (67) और गुरुग्राम के हिम्मत राय (70) भी है।

### खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने इस साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन जमा कराने की समय सीमा मे बुधवार को तीन दिन का इजाफा करते हुए इसे एक अक्टूबर तक कर दिया। इससे पहले मंत्रालय ने आवेदन ऑनलाइन जमा कराने की अंतिम तारीख 27 सितंबर तय की थी। इस वर्ष से एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान मे कहा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 सितंबर, 2022 से बढ़ाकर एक अक्टूबर 2022 (शनिवार) कर दी गई है।

## प्रो लीग मुकाबले से हमें स्पेन को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी: मनप्रीत



**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत अगले महीने एफआईएच प्रो लीग के नए सत्र में स्पेन की मेजबानी करेगा और कप्तान मनप्रीत सिंह इस अवसर का उपयोग भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को बेहतर तरीके से समझने के लिए करना चाहते हैं। भारत 28 अक्टूबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में प्रो लीग के पहले मैच में न्यूजीलैंड से खेलेगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को स्पेन के खिलाफ दूसरा मैच होगा। एक ही पूल में मौजूद भारत और स्पेन 13 जनवरी को राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व कप के पहले मैच में आमने सामने होंगे। मनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, यह बहुत अच्छा है कि हमें प्रो लीग मुकाबले में अभी स्पेन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। यह हमें उनके खेल को समझने का मौका देगा और हमें पता चलेगा कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के पहले मैच में उनसे फिर से भिड़ने से पूर्व हमें क्या सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है और मुझे उम्मीद है कि दुनिया भर से प्रशंसक हमारे अभियान का समर्थन करने के लिए राउरकेला और भुवनेश्वर आएंगे।

# फीफा ने छेत्री को किया सम्मानित

## ● सुनील छेत्री के जीवन और करियर पर सीरीज जारी की

**भाषा।** नई दिल्ली



**फुटबॉल** की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री को सम्मानित करते हुए उनके जीवन और करियर पर तीन कड़ी (एपिसोड) की श्रृंखला जारी की। फीफा ने घोषणा की कि यह तीन कड़ी की श्रृंखला उनके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म फीफा प्लस पर उपलब्ध होगी। फीफा ने अपने विश्व कप हैंडल से ट्वीट किया, आपको रोनाल्डो और मेस्सी के बारे में सब कुछ पता है, अब सक्रिय पुरुष खिलाड़ियों में तीसरे सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की कहानी जानिए। सुनील छेत्री-कैप्टन फेंटास्टिक अब फीफा प्लस पर उपलब्ध है। भारत के 38 साल के छेत्री 84 गोल के साथ सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे अधिक गोल करने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में उनसे अधिक गोल सिर्फ क्रिस्टियानो रोनाल्डो (117) और लियोनल मेस्सी (90) ने ही किए हैं। पहली कड़ी के बारे में फीफा ने कहा, पहली कड़ी हमें वापस वहां ले जाएगी जहां से इसकी शुरुआत हुई... 20 साल की उम्र में उनके भारत की ओर से पदार्पण करने से पहले की कहानी। करीबी साथी, प्रियजन और फुटबॉल के साथियों ने कहानी सुनाने में मदद की- इसके अलावा वह स्वयं भी, उन्हें प्यार से कप्तान, लीडर और लीजेंड भी कहा जाता है। दूसरी कड़ी में राष्ट्रीय टीम की ओर से छेत्री के शानदार प्रदर्शन और उनके शीर्ष स्तरीय विदेशी क्लबों की ओर से पेशेवर फुटबॉल खेलने के सपने का जिक्र है।

# प्रणीत हारे, मीराबा और रूत्विका प्री क्वार्टर फाइनल में

**वियतनाम ओपन**

**भाषा।** हो ची मिन्ह सिटी



**टोक्यो** ओलंपिक खेल चुके बी साइ प्रणीत वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के ही रित्विक संजीवी सतीश कुमार के हाथों उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत को 21-17, 18-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज में उपविजेता रहे सतीश कुमार का सामना अब मलेशिया के ओंग केन योन से होगा। पुरूष एकल में मीराबा लुवांग मेशाम ने मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-16, 18-21, 21-14 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चि यू जेन से होगा जिन्होंने भारत के मिथुन मंजूनाथ को 21 - 17, 21-7 से मात दी। एस शंकर मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को दूसरे दौर में 14-21, 22-20, 21-12 से हराया। अब उनका सामना चीन के चिया हाओ से होगा जिन्होंने भारत के रघु मारीस्वामी को 21-16, 21-15 से मात दी। हर्षित अग्रवाल ने मंगोलिया के बी मुंखबात को 21-15, 21-13 से हराया। अब वह जापान के कोडाइ नाराओका से खेलेंगे। किरण कुमार मेकाला ने म्यामां के फोन पी नाइंग को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया के चिएम जून वेइ से होगा। महिला एकल में रूत्विका शिवानी गाडे ने वाकओवर मिलने पर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना वियतनाम की थि त्रांग वू से होगा। प्रेरणा नीलुरी का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त आया ओहोरी से होगा। उसने स्थानीय खिलाड़ी थि एंगोक लान एंगुएन कसे 21 -16, 21-14 को हराया। ईरा शर्मा और रितुपर्णा दास भी दूसरे दौर में पहुंच गई। मिश्रित युगल में एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने दूसरे दौर में प्रवेश किया।